राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-181
लखनऊ, रविवार 18 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





प्रदेश के हर जिले में बनेंगी 75 मॉडल शॉप : केशव मौर्य 03

ज्ञान के बल पर अगले 25 वर्षों में विश्व का नेतृत्व करेगा भारत : बिरला 12


### भारत मंडपम में बीजेपी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में लगे मोदी है तो मुमकिन है के नारे, नड्डा ने कहा

# राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता, बंगाल भी जीतेंगे

**हर बूथ पर पार्टी को बढ़ाने होंगे 370 वोट : पीएम मोदी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में बीजेपी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन चल रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शॉल पहनाकर मोदी का स्वागत किया। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा- हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने होंगे। 100 दिनों का जनसंपर्क अभियान चलाना है।

भाजपा के पिछले 10 साल के कामों का भी प्रचार करना होगा। उधर जेपी नड्डा ने कहा- मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा हुआ है। भाजपा की 17 प्रदेशों में सरकार है। हमने राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता है। इस बार बंगाल में भी जीतेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के देशभर से 11 हजार 500 से ज्यादा पदाधिकारी जुटेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। साथ ही बीते 10 साल की सत्ता के दौरान लिए गए पार्टी के बड़े और निर्णायक फैसलों पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया जाएगा।





**मोदी ने मौन रहने की दी नसीहत, इस बार रिकॉर्ड जीत का लक्ष्य**

बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री मोदी ने नेताओं को दो दिनों तक मौन धारण करने की नसीहत दी। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को हुई पदाधिकारियों की बैठक में मोदी ने पार्टी नेताओं से मौन धारण करने यानी मीडिया में जाकर बैठक के बारे में कुछ भी बोलने से मना किया है। इसके साथ ही, मोदी ने मंडल प्रभारियों को हर एक पन्ना प्रमुख से 30 दिन में कम से कम एक बार मिलने को कहा है। मोदी चाहते हैं कि बीजेपी हर वोटर तक व्यक्तिगत तौर पर पहुंचे। इसके लिए सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने को कहा गया है। देश में 10 लाख 35 हजार बूथ हैं, यानी एक लोकसभा क्षेत्र में करीब 1900 बूथ। अगर हर बूथ पर 370 वोट जोड़े गए, तो एक लोकसभा क्षेत्र में 7 लाख वोट जोड़ने होंगे और पूरे देश में 38 करोड़ वोटर जोड़ने होंगे। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि प्रधानमंत्री का पूरा लक्ष्य जीत का रिकॉर्ड बनाने पर है।

**कार्यकारिणी बैठक में पीएम मोदी की बड़ी बातें**

1- पीएम ने कहा कि भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। ये उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

2- हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार मिले वोटों में कम से कम 370 वोट बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें बल्कि माताओं, बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

3- पीएम ने कहा कि विपक्ष तू तू मैं मैं की राजनीति करेगा और अनावश्यक आरोपों का कीचड़ उछालेगा, लेकिन हमें गरीब कल्याण के कामों से लेकर विकास की उपलब्धियों के आधार पर जनता का समर्थन हासिल करना है।

**अधिवेशन में जेपी नड्डा के संबोधन की बड़ी बातें**

1- आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। 2014 से पहले हमारी सिर्फ 5 प्रदेशों में सरकारें थी और लंबे समय तक हम 5-6 पर रुके हुए थे। 2014 के बाद, आज 17 प्रदेशों में बीजेपी की सरकारें हैं और 12 प्रदेशों में विशुद्ध भाजपा की सरकार है।

2- 7 दशक के भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में हमने हर कालखंड देखा है। हमने संघर्ष का काल देखा है, हमने आपातकाल देखा है, लेकिन हमें इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछला दशक जो गुजरा, वो उपलब्धियों से भरा हुआ है।

3- 2014 से पहले लोग हमारा उपहास करते थे, कहते थे कि साहब तो आप पूरी सरकार बनाएंगे, वो सोचते थे कि ये संभव नहीं है, लेकिन 2014 के बाद हमारी सरकार बनी और 2019 में फिर से हमारी सरकार बनी।

## सिपाही भर्ती : पुलिस ने 58 लोगों को किया गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की परीक्षा दो दिन में चार पालियों में हो रही है। शनिवार को परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। लखनऊ में डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद ग्राउंड पर उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

यूपी पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों के 2,385 केंद्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। हालांकि, परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने को लेकर शनिवार तक प्रदेश पुलिस ने 58 लोगों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को सुबह 10 से 12 व दोपहर 3 से 5 बजे के बीच दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न हुई। इसी तरह रविवार को भी दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद भी गोमती नगर के महामना इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि हम पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई जिलों में परीक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों और ठगने वालों की गिरफ्तारी हुई है। सभी अधिकारी भ्रमणशील हैं। परीक्षा बहुत सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी जारी है।

आज जौनपुर में लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की अफवाह फैलाई गई थी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अफवाह का खंडन किया और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**पानी पिलाने की ड्यूटी में लगे युवक के पास मिला मोबाइल**

बाराबंकी शहर के सिविल लाइन स्थित जमीरुल रहमान गर्ल्स इंटर कॉलेज में डीएम सत्येंद्र कुमार एवं एसपी दिनेश कुमार सिंह ने सिपाही भर्ती परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान गेट बंद कराकर तमाम स्टाफ एवं परीक्षार्थियों की जांच कराई गई। यहां चेकिंग के दौरान पानी पिलाने की ड्यूटी में लगाए गए एक युवक के पास से मोबाइल बरामद हुआ। डीएम के निर्देश पर युवक को हिरासत में ले लिया गया और शहर कोतवाली लाकर पूछताछ की जा रही है। इसके बाद डीएम-एसपी ने अजमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज और जीजीआईसी समेत अन्य कॉलेजों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बता दें कि जिले के 22 केंद्रों पर परीक्षा चल रही है। इसको लेकर एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह, सभी एसडीएम और सीओ केंद्रों का भ्रमण कर रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

**रामभद्राचार्य, गुलजार को मिलेगा ज्ञानपीठ सम्मान**

**नई दिल्ली।** संस्कृत के प्रकांड विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य और उर्दू के साहित्यकार गुलजार को अट्ठावनवें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। ज्ञानपीठ पुरस्कारों के निर्णायक मंडल ने शनिवार को वर्ष 2023 के लिये अट्ठावनवें ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा की। ज्ञानपीठ पुरस्कार समिति की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, अट्ठावनवां ज्ञानपीठ पुरस्कार दो भाषाओं के लब्धप्रतिष्ठ लेखकों, जगद्गुरु रामभद्राचार्य (संस्कृत साहित्य) और श्री गुलजार (उर्दू साहित्यकार) देने का निर्णय किया गया है।

**जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हादसा, आठ लोग जख्मी**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आई है। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट-नंबर 2 के पास पंडाल गिर गया है। इस हादसे में आठ लोग जख्मी हुए है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है, राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। वहीं मौके पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौजूद है। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार सुबह पंडाल ढह गया, मलबे से दो लोगों को निकाला गया है। दिल्ली फायर सर्विस के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि जेएनयू स्टेडियम में एक अस्थायी संरचना के गिरने के बारे में सूचना मिली है।

**धमकी के बाद मुंबई व पुणे में ठिकानों की सुरक्षा बढ़ी**

**मुंबई।** मुंबई और पुणे में सिलसिलेवार बम ब्लास्ट की धमकी के बाद महाराष्ट्र पुलिस सतर्क हो गई है और महत्वपूर्ण ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने बम विस्फोट की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। उसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को पुणे के पुलिस कंट्रोल रूम में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर कहा कि बहुत जल्द मुंबई के बांद्रा, गेटवे ऑफ इंडिया और पुणे के शिवाजीनगर एवं पिंपरी चिंचवड़ इलाके में बम विस्फोट होंगे। इसके बाद जब पुलिस ने फोन करने वाले से पूछा कि आप कौन और कहां से बात कर रहे हैं? इस पर उसने फोन काट दिया। पुलिस ने इस फोन काल को गंभीरता से लिया है। मुंबई और पुणे में संवेदनशील ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**जखीरा में मालगाड़ी पटरी से उतरी, एक की मौत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के 10 वैगन पटरी से उतर गए। हादसे में रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि यह घटना आज पूर्वाह्न करीब 11.52 बजे हुई, जब मालगाड़ी जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। मालगाड़ी के 10 वैगन पलट गए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, नौ लोगों की मौत

एजेंसी

**विरुधुनगर।** तमिलनाडु में विरुधुनगर जिले के मुथुसामपुरम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से पांच महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि विनर फायरवर्क्स फैक्ट्री में दोपहर अचानक आग लग गयी। उस दौरान श्रमिक पटाखे बनाने में जुटे हुए थे। देखते ही देखते आग धमाके साथ बढ़ती गयी और चार गोदामों को अपनी चपेट में ले लिया, जहां भारी मात्रा में तैयार पटाखों और अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों का भंडार रखा हुआ था। रासायनिक पदार्थों के कारण आग लगी। हादसे में नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और कई अन्य रूप से घायल हो गये। सत्तूर, वेम्बाकोट्टई और शिवकाशी से मौके पर पहुंचे दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया घायलों को सत्तूर और शिवकाशी के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### सपा ने आरके चौधरी को मोहनलालगंज सीट से बनाया उम्मीदवार

**लखनऊ।** बीएस 4 पार्टी से दलित आंदोलन लेकर चलने वाले आरके चौधरी का नाम एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया। शनिवार को समाजवादी पार्टी ने आरके चौधरी को मोहनलालगंज लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। इसके बाद चौधरी समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ उठी। बहुजन समाज पार्टी की सरकार में मंत्री रहे आरके चौधरी अपने दलित आंदोलन के लिए पहचाने गये। दलित हित में बहुजन समाज पार्टी में अपनी बातों को रखते हुए साथियों से विवाद होने के बाद आरके चौधरी ने खुद को अलग कर लिया था।

## यूपी में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, कई जिलों में 19 से 22 तक होगी बारिश

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 17 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश में मौसम बदलाव देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, 19 से लेकर 22 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, राजधानी लखनऊ में 20 से 22 फरवरी तक बारिश होने की चेतावनी मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहा। कहीं भी बारिश नहीं रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस बहराइच जिले में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान मुजफ्फरनगर जिले में 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शनिवार को राजधानी लखनऊ में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहेगा। दिन में आसमान साफ रहेगा।

## ओडिशा में एक साथ होंगे विधानसभा और आम चुनाव, निर्वाचन आयोग ने पूरी की तैयारियां

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में दी जानकारी**

एजेंसी




**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** ओडिशा में लोकसभा चुनाव के साथ ही राज्य विधानसभा चुनाव भी कराये जाएंगे। चुनाव आयोग ने इसकी पूर्ण तैयारी कर ली है। पिछले दो दिनों से चुनाव आयोग की पूरी टीम ओडिशा में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, राज्य प्रशासन के अधिकारियों, राज्य व केन्द्र सरकार की एजेंसियां तथा राज्य के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा में जुटी रही।

चुनाव में अधिक से अधिक मतदान व निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से कई कदम उठाये गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भुवनेश्वर में एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में तीन करोड़ 32 लाख मतदाता हैं। इनके लिए कुल 37 हजार 809 मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। इसमें से 22, 685 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी। चार हजार मतदान केन्द्रों पर केवल महिला अधिकारी ही जिम्मेदारी संभालेंगी। इस बार नये मतदाताओं की संख्या काफी अधिक बढ़ने के कारण उन्होंने उनसे सबसे लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक आयु के मतदाता आवश्यक फार्म भर सकते हैं। चुनाव अधिकारी उनके घर पर जाकर मतदान सम्पन्न कराएंगे। उन्होंने बताया कि अपने दो दिवसीय दौरे पर पहले दिन राष्ट्रीय तथा प्रादेशिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव आयोग ने मुलाकात की। चुनाव आयोग ने राज्य प्रशासन को सख्त हिदायत दी है कि निष्पक्ष होकर अपना कार्य करें तथा सभी के लिए उपलब्ध रहें। सभी राजनीतिक दलों के साथ एक समान व्यवहार हो और सभी की शिकायतें सुनी जायें। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज के आरोपों की जांच की जाएगी तथा आरोप सिद्ध होने पर उसे सम्बन्धित प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कहीं किसी स्थान पर नियमों का उल्लंघन होने की शिकायत मिलने पर लोग चुनाव आयोग के सी विजिल एप पर लिख कर, फोटो, या वीडियो भेज सकते हैं। सौ मिनट के अंदर प्रशासन की टीम वहां पहुंच कर इसकी जांच करेगी।

### डिब्रूगढ़ जेल के अंदर खालिस्तानी नेटवर्क का खुलासा


**डिब्रूगढ़।** डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार के अंदर से खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह द्वारा एक बड़ा संचार नेटवर्क चलाने का खुलासा हुआ है। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए शनिवार को बताया कि ऐसा माना जाता है कि अमृतपाल ने कारावास के बावजूद अपनी गतिविधियां जारी रखीं, जिससे राज्य और केंद्रीय अधिकारियों को उसके नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए ठोस प्रयास करना पड़ा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि जेल परिसर के अंदर संदेह के आधार पर की गई छापामारी में कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए। जेल के अंदर उस पर नजर रखी जा रही थी। उसके पास से स्मार्टफोन, कीपैड फोन और स्पाई-कैम पेन सहित विभिन्न अनधिकृत उपकरण बरामद किए गए। भारतीय खुफिया सूत्रों ने अमृतपाल के इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के साथ संबंधों और आनंदपुर खालसा फौज (एकेएफ) के आतंकवादियों को हथियार देने में उसकी भागीदारी का खुलासा किया है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा : कल से केंद्रों पर पहुंचेंगे पेपर

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** 22 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां चल रही हैं। 19 से परीक्षा केंद्रों में पेपर भेजने का काम शुरू हो जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र व्यवस्थापकों को हिदायत दी है। परीक्षा केंद्र पर जिन कर्मी और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, पेपर भेजने व परीक्षा के दौरान गैरहाजिर मिलने पर विभागीय कार्रवाई होगी।

नकलविहिन बोर्ड परीक्षा हो इसके लिए परिषद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। 22 फरवरी से यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा शुरु होगी। परीक्षा केंद्रों पर 19 फरवरी से पेपर भेजे जाएंगे। जिले में बने कंट्रोल रुम से पेपर भेजते समय वरिष्ठ शिक्षक व स्थानीय पुलिस कर्मी भी साथ होंगे। परीक्षा केंद्र पर पेपर पहुंचने के दौरान मौके पर तीनों केंद्र व्यवस्थापक अनिवार्य रुप से मौजूद रहेंगे। केंद्र में बने स्ट्रांग रुम में पेपर रखने के बाद उसकी चाभी मजिस्ट्रेट व्यवस्थापक के पास होगी। विषय बोर्ड परीक्षा शुरु होने से एक घंटे पहले स्ट्रांग रुम खोला जाएगा और उसकी रिकार्डिंग अनिवार्य रुप से होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि जिले में 19 फरवरी को सभी केंद्रों पर बोर्ड का पेपर भेजा जाएगा। सिटी स्टेशन रोड स्थित राजकीय जुबिली इंटर कालेज में बने कंट्रोल रुम से पेपर अन्य केंद्रों पर भेजा जाएगा। इस दौरान विभाग की ओर से नामित वरिष्ठ शिक्षक व सुरक्षा कर्मी साथ होंगे। परीक्षा केंद्र के साथ ही स्ट्रांग रुम की निगरानी परिषद की ओर से की जा रही है।



**12 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र पर होगी विशेष निगरानी**

राजधानी में 12 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित किया गया है। इनमें शिव नंद इंटर कालेज, आदर्श इंटर कालेज, एसकेडीएम इंटर कालेज व अवध एकेडमी इंटर कालेज शामिल है। इसके अलावा लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कालेज, रामा कॉवेंट इंटर कालेज, गोविंद इंटर कालेज, कृष्णा इंटर कालेज,शिवराम इंटर कालेज, एसबीएन इंटर कालेज, यूबीएस इंटर कालेज व विद्या पब्लिक इंटर कालेज को अतिसंवेदनशील केंद्र बनाया गया है। डीआईओएस ने बताया कि ज्यादातर सेंटर नये है। यहां की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए अतिसंवेदनशील केंद्र घोषित किया गया है। केंद्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सिंधिया को हाईकोर्ट से राहत, सदस्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने उनके राज्यसभा निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने उनके राज्यसभा निर्वाचन में गलत जानकारी देने के आरोप लगाते हुए निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। यह याचिका पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गोविंद सिंह ने दायर की थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपनी परंपरागत गुना-शिवपुरी सीट से भाजपा से चुनाव हार गए। इसके बाद उन्होंने कमलनाथ की सरकार को गिराकर भाजपा की सदस्यता ले ली और भाजपा की सरकार बनवा दी। बदले में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया। उनके राज्यसभा के लिए भरे गए नामांकन पत्र को चुनौती देते हुए, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में याचिका दायर की थी।

**निरीक्षण**

### सीएम ने पीएम समेत अन्य वीआईपी मेहमानों के बैठने व अन्य सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 की मेजबानी के लिए राजधानी तैयार

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया। पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे।



साथ ही कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल, इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत, उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दर्शाया जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाया जा रहे हैं। 70 मीटर लंबा तथा 20 मीटर ऊंचा बन रहे इस इवेंट को 56 कंटेनरों को एक के ऊपर एक रखकर बने स्ट्रक्चर के टेंट में परिवर्तित करते हुए मेन पैवेलियन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विपमेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा।

पिछले वर्ष फरवरी माह में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 भव्य आयोजन हुआ था। इस आयोजन के मात्र एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रहे हैं। इससे 34 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

# सख्त पहरे में यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 35 केंद्रों पर आयोजित

- परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम सत्र में 14856 एवं द्वितीय सत्र में 14825 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा।
- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद खीरी में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को दो सत्रों में सख्त पहरे में यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर के साथ कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम सत्र में 14856 एवं द्वितीय सत्र में 14825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (डॉन बॉस्को स्कूल, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गोमती इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर परीक्षा केंद्रों डॉन बॉस्को स्कूल, आर्यकन्या इंटर कालेज, पीके कॉलेज, वाईडी कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।




बताते चले कि जनपद के 35 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 16848 के सापेक्ष पहली पाली में 14856 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1992 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 14825 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 2023 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 18 फरवरी को भी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दो सत्रों में परीक्षा आयोजित होगी।

# ओवर लोड ट्रक से गिरा गन्ना बाल-बाल बचे राहगीर



**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को कस्बे में बाजार का दिन था, बेलरायां चीनी मिल को सेंटर से गन्ना भरकर आ रहे ओवरलोड ट्रक जिसकी गन्ने की ऊंचाई बहुत ज्यादा थी जोकि बीच बाजार में पहुचते ही चट्टा फटकर गिरने लगा जिससे बगल से गुजर रहे राहगीरों ने भागकर जान बचाई। गनीमत रही कि कोई भी गन्ने की चपेट में नही आया नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि इस तरह कई बार हादसे हो चुके हैं लेकिन प्रशासन देखकर भी अनजान बना हुआ है, ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नही करता है।

## खबरें एक नजर में

### साहेब जगजीवन दास के दरबार मे लगा भंडारा



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के भन्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने जगन्नाथी प्रसाद उरद कढी चावल भन्डारे से ग्रहण कर मनवांछित फलों की प्राप्ति एंव विश्वमानव कल्यांण की कामना किया है। बड़े बाबा की जन्म सप्तमी के दूसरे दिन शनिवार को साहेब के दरबार में हजारों सत्यनामी श्रद्धालुओं ने भन्डारे में कढी उरद चावल प्रसाद ग्रहण कर अपने को कृतार्थ किया। बड़े बाबा के मन्दिर के पूर्वी फाटक के सामने अवधेश पुंजारी, सत्यनाम वर्मा एडवोकेट आदि न इण्डेन गैस के प्रवन्धक ज्ञानेश शुक्ला ने विशाल भन्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने उरद चावल कढी परसाद ग्रहण कर अपने को कृतार्थ किया।

### धनुष भंग मेले में हुआ राम विवाह का रोचक मंचन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बरौलिया गांव में चल रहे श्री रामलीला धनुषयज्ञ में तीसरे दिन राम विवाह को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच राम-सीता का विवाह संपन्न हुआ। इससे पूर्व श्रीराम के द्वारा धनुष तोड़ने के बाद सीता के साथ हुई विवाह के अदभूत बेला में ऋषि मुनि, साधु संत भी उपस्थित होकर आशीर्वाद दिए थे। राम नाम का जप मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। संगीत मंडली द्वारा राम विवाह पर आधारित भजन की प्रस्तुति की गई। वहीं, दूसरी ओर दिखाई गई झांकी को देखने के लिए क्षेत्र वासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। दरभंगा बिहार के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन के तहत प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के प्रसंग के साथ भगवान श्रीराम की माता जानकी के साथ विवाह के प्रसंग की जीवंत प्रस्तुति की। रामलीला देखने पहुंचे लोगों ने भगवान राम के बाल रूप और उसके बाद उनके विवाह के समय उनकी छवि का आनंद उठाया। भगवान राम की चरित्र का चित्रण करते हुए कलाकारों ने बखूबी रामलीला का मंचन किया। युगों-युगों से समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहे भगवान राम की बाल छवि का महिला पुरुष बच्चो ने भरपूर आंनद उठाया। इस अवसर पर प्रधान जय प्रकाश वर्मा, मेला अध्यक्ष चन्दन वर्मा, मोनू वर्मा, इंद्रेश वर्मा सहित मेला कमेटी सदस्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण कृषि मौसम सेवा की आज होगी सेमिनार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कृषि में जोखिम को कम करने व कृषि को आपदा से बचाने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग तथा, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा समय समय पर मौसम के पूर्वानुमान की सूचना जारी की जाती है, जो वर्तमान में लगभग सत्य सिद्ध हो रही हैं। मौसम आधारित कृषि परामर्श के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड निन्दूरा के सभागार में आज रविवार को ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया गया है। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया कि इस सेमिनार में भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा मौसम सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। इस ग्रामीण कृषि मौसम सेवाफ विषयक जागरूकता कार्यक्रम/सेमिनार में किसानों, स्वयं सहायता समूहों, फार्मर क्लबो के कृषकों को प्रतिभाग करने की अपील की गई है।

# अनियमिततापूर्ण कार्य के चलते पुनः बदहाली का शिकार हुई सड़क

- पिछले महीने ही कराया गया है 2 किमी लंबी सड़क मार्ग पर रिपेयरिंग कार्य

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चलते पिछले माह ही रिपेयरिंग की गई सड़क पुनः बदहाली का शिकार हो गई है। मामला ग्राम रकसहा से ओहरामऊ संपर्क मार्ग का है।

जानकारी के मुताबिक पिछले माह इस मार्ग पर बने गड्ढों को भरने के लिए पैच लगाने का काम लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था परंतु घटिया कार्य प्रणाली के चलते एक माह में ही भरे गए गड्ढे पुनः गड्ढों में तब्दील हो गए हैं ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा पुनः इस मार्ग को बनवाये जाने की मांग की गई है।



# विद्यालय का गायब हुआ फर्नीचर प्राथमिक विद्यालय झाला में मिला

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> उत्तर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया डेक्स का फर्नीचर जर्जर भवन होने के कारण कस्बे के मोहल्ला बढ़ियन टोला स्कूल से उठकर झाला के प्राथमिक विद्यालय में पहुंच गया लेकिन स्टॉक रजिस्टर में इसका कहीं भी जिक्र नहीं किया गया और न ही उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक विजय कुमार को इस बारे में कुछ बताया गया न हीं चार्ज में डेस्क जानकारी दी गई विभागीय अधिकारी स्कूल में 4 साल आते जाते रहे और बच्चे फर्श पर बैठकर पढ़ाई करते रहे उन अधिकारियों को यह दिखाई नहीं दिया।

> खंड शिक्षा अधिकारी निघासन फूलचंद ने बताया की अध्यापकों से पता चला है कि बच्चों के बैठने वाला फर्नीचर डेस्क किसी दूसरे विद्यालय में रखा हुआ है अभी मैं पुलिस परीक्षा की ड्यूटी में व्यस्त हूं दो दिन बाद जांच करुंगा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय से रहस्यमय ढंग से गायब हुआ फर्नीचर बच्चों के बैठने वाली डेस्क का फर्नीचर कस्बे के ही मोहल्ला झाला के एक प्राथमिक विद्यालय में मिला है प्रधान अध्यापक 2020-21 में एनपीआरसी का पद संभाल रहे थे। मोहल्ला बढ़ियन टोला के उच्च प्राथमिक विद्यालय की छत जर्जर थी और भवन टपक रहा था इसलिए गुरु जी ने उस सामग्री बच्चों की बैठने वाली डेस्क का फर्नीचर अपने स्कूल में रख लिया था।



कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़ीयन टोला वार्ड नंबर तीन में 2020-21 में विभाग के द्वारा 27 बच्चों के बैठने वाली डेस्क का फर्नीचर उच्च प्राथमिक विद्यालय में विभाग के द्वारा भेजा गया था। फर्नीचर रहस्यमय ढंग से गायब होने के बाद जब यह खबर अखबार की सुर्खियां बनी तो विभाग में खलबली मच गई और विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए आई हुई डेस्क प्राथमिक विद्यालय झाला में पहुंच गई विद्यालय के प्रधान अध्यापक मैनुद्दीन अंसारी ने बताया की उच्च प्राथमिक का भवन जर्जर था इसलिए 18 मार्च 2023 को हमने तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी से कुछ दिन के लिए आदेश लेकर बच्चों को बैठने वाली डेस्क को अपने विद्यालय प्राथमिक विद्यालय झाला में रख लिया था।

# 45वां मां गायत्री महायज्ञ के चतुर्थ दिवस के अवसर पर राजा हरिश्चंद्र की कथा का वर्णन

**फत्तेपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद लखीमपुर के तहसील मितौली के अंतर्गत ग्राम कल्लुआ मोती मे मां गायत्री सेवा संस्थान के तत्वाधाम में आयोजित की गई पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम की श्रृंखला में चतुर्थ दिवस पर पधारे सुप्रसिद्ध वक्ता सुरेश चंद्र अवस्थी के मुखारविंद से राजा हरिश्चंद्र कथा का वर्णन करते हुए बताया कि राजा हरिश्चंद्र धर्म का पालन करने और वचनों को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर पत्नी और बच्चे के साथ जंगल चले गए और वहां भी उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी धर्म का पालन किया। ऋषि विश्वामित्र द्वारा राजा हरिशचंद्र के धर्म की परीक्षा लेने के लिए उनसे दान में उनका संपूर्ण राज्य मांग लिया गया था। मानव का सबसे बड़ा धर्म गरीब, निर्धन, असहाय लोगों की मदद करने वाले मनुष्य भगवान होते हैं, इसीलिए साधारण भाषा में मदद करने वाले को आज भी लोग भगवान का दर्जा देते हैं। राजा हरिश्चंद्र की कथा का रस पान कर रहे श्रोता गण भाव विहोर हो गए तथा भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिली। मुख्य संरक्षक रहे स्मृति शेष श्रीपाल पुजारी के संकल्प को उनके छोटे पुत्र गायत्री प्रसाद मिश्र कुशल संचालन कर रहे हैं। यह गायत्री महायज्ञ 14 फरवरी से 18 फरवरी तक चलेगा प्रतिदिन कन्या भोज, भंडारा, यज्ञोपवीत संस्कार, तथा मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन नियोजित है। इस दौरान गायत्री सेवा संस्थान के सदस्य तथा आयोजक सहित क्षेत्र के हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



# भाकियू ने 14 मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला तहसील में उपजिलाधिकारी गोला को भारतीय किसान यूनियन ने प्रधान मंत्री के नाम 14 मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। वर्ष 2020 में किसानों द्वारा किये गये आन्दोलन की मांगों को सरकार द्वारा अभी तक पूरा नहीं किया गया है उसी रोश को लेकर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाल कर रोष प्रगट किया। जिला अध्यक्ष बलकार सिंह की अगुवाई में ट्रैक्टर रैली निकाली।

बलकार सिंह ने बताया हमारी 12 पुरानी मांगे है और 2 नई मांगे है,सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की गारंटी के लिए एक राष्ट्रीय कानून बनाया जाए, सरकार देश भर के किसानों का सारा कर्ज माफ कर दे, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू किया जाए, अक्टूबर 2021 में लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या करने वाले अपराधियों को कठोर से कठोर सजा मिले, भारत डबल्यू टी ओ से अलग हो जाए और डबल्यू टी ओ के साथ होने वाले सभी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट रद्द हों किसानों और मजदूरों के लिए सरकार एक नई पेंशन स्कीम शुरू करे जिसके तहत सभी किसानों को 60 साल की उम्र के बाद 10,000 रुपए हर महीने पेंशन के रूप में मिलें। किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान कराया जाए, आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए। इस प्रकार से 14 मांगो को लेकर प्रधान मंत्री के उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपा । जिसमे बताया गया यदि हम किसानों की मांगे पूरी नही हुई तो किसान दिल्ली कूच करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर तमाम किसान मौजूद रहे।



# मुफ्ती अजहरी की गिरफ्तारी के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार को शहर के मुस्लिम समाज के उलेमाओं ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अशफाक कादरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीएम आफिस पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए उन्हें जल्द रिहा कराए जाने की मांग उठाई।

मौलाना मोहम्मद अशफाक कादरी ने कहा कि हमारी मांग है कि मुफ्ती सलमान को तुरंत रिहा किया जाए उन पर लगाए हुए झूठे मुकदमों को तुरंत खत्म किया जाए। उन पर अपनी तकरीर में विशेष समुदाय की भावनाएं आहत किए जाने का इल्जाम लगाया है। जबकि मुफ्ती सलमान ने जूनागढ़ में दी गई अपनी तकरीर के दौरान ऐसी कोई बात नहीं की है, जिससे किसी की भावना को आहत हुई हो।

इस मौके पर मौलाना अशफाक कादरी के साथ मौलाना समीउद्दीन मोहतमिन मदरसा अशरफुल उलूम, जिलाध्यक्ष मो0 नसीम (AIMIM), नजमुल हसन सिद्दीकी (प्रदेश सचिव),अनवारूल उस्मानी, शाकिर अली, शोएब गाजी, अफसर, आशू, ऐजाज हुसैन, मुगले आजम, राजू, मौलाना गुलाम खादिम, अब्दुल मुबीन, रकीब खाँ, मौलाना इस्लाम व नजमुल हसन सिद्दकी प्रदेश सचिव, आजाद खाँ व नसीर खाँ गोला समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



## चोरों ने चुराई गाय, पशुपालक ने गाय के काटने की जताई आशंका

**पसगवॉ खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दोहक के मजरा शुकुरुद्दीनपुर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा घर के बाहर छप्पर के नीचे बंधी दुधारू गाय चोरी कर ली गई। पीड़ित पशु पालक ने बताया कि गाय की कीमत पांच हजार रुपए से अधिक होगी। पीड़ित ने बताया कि इधर उधर काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी अता पता नहीं चला। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में मवेशी चोरी की घटना बढ़ रही हैं। इससे पहले भी पीड़ित की गाय चोरी हो गई थी जिसके बाद अराजक तत्वों ने गाय के अवशेष को गड्ढे में दाब दिये थे। मवेशी चोरों के आतंक से किसानों में दहशत का माहौल है। पीड़ित किसान अपनी गाय की खोज में गांव गांव भटक कर तलाश में जुटा है।

# बीडीओ व पूर्व प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत की बैठक को किया संचालित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड हैदरगढ़ कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक खंड विकास अधिकारी संदीप गुप्ता पूर्व प्रमुख एवं प्रधान राज नारायण तिवारी जिला पंचायत सदस्य रामभीख त्रिवेदी प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को छोड़कर सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। बैठक में आपूर्ति विभाग विद्युत विभाग और स्वास्थ्य विभाग के मुद्दे छाए रहे।

बैठक की शुरुआत करते हुए खंड विकास अधिकारी ने पिछली कार्य योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का संपूर्ण विवरण दिया जिस पर सभी सदस्यों ग्राम प्रधानों ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया और आगामी सत्र में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव सभी सदस्यों से प्राप्त कर कार्य योजना में सम्मिलित किया गया।

बैठक में सबसे पहला मुद्दा आपूर्ति विभाग पर ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उठाया और कोटेद्वारों द्वारा की जा रही घटतौली पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इसके उपरांत ग्राम पंचायत चौबीसी से आए बीडीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको पर अपनी पत्नी के इलाज में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। जिस पर विभाग से आए प्रतिनिधियों द्वारा सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के अधीक्षक सौरभ शुक्ला आपूर्ति निरीक्षक प्रभास् त्रिपाठी पंचायत सचिव दिनेश प्रताप सहायक विकास अधिकारी मोहित चतुर्वेदी सेक्रेटरी उदय शुक्ला पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।



# हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल डिग्री कालेज में वितरित किए गए स्मार्टफोन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल डिग्री कालेज पारिजात धाम बरोलिया मे शनिवार को विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह की पत्नी जेबीएस कालेज के प्रबन्धक पूनम सिंह ने 204 छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के अध्यक्ष इन्तिखाब आलम नोमानी की अध्यक्षता व प्रबन्धक परवेज अहमद के संयोजन में स्मार्ट फोन वितरित किया।

इस मौके पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पूनम सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा तकनीक सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण योजना युवाओं के लिए काफी लाभप्रद सिद्ध होगी । सभी छात्र छात्राओं को इसका सदुपयोग कर अपने जीवन को स्मार्ट बनाना चाहिए। महाविद्यालय के अध्यक्ष इन्तिखाब आलम नोमानी एंव प्रबन्धक परवेज अहमद ने स्मार्टफोन पाने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अमरेन्द्र सिंह बब्लू, दुर्गेश कुमार दीक्षित प्रतिनिधि एमएलसी, सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# मोदी सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल स्वर्णिम : अमरजीत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा का आगामी कार्यक्रम युवा चौपाल की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अमरजीत मिश्रा प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण हो रहा है उसी के उपलक्ष्य में भाजयुमो पूरे प्रदेश में युवा चौपाल का आयोजन कर रहा है उसी क्रम में जनपद के प्रत्येक मंडलो में 20 ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं की चौपाल की जाएगी उनकी उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच हो उन युवाओं को चौपाल में आमंत्रित करना है केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम चौपाल के माध्यम से सभी को बताया जाएगा ये कार्यक्रम 25 फरवरी से 5 मार्च तक कार्यक्रम चलेगा भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि युवा चौपाल की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है प्रत्येक मंडल में मंडल विस्तारक के रूप में जिला पदाधिकारीयो को लगाया गया है मंडलो में कार्यक्रम का एक संयोजक दो सहसंयोजक बनाया गया जो मंडलो में होने वाले युवा चौपाल के कुशल क्रियान्वयन को करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप गुप्ता,सर्वेश अवस्थी, प्रमोद गोस्वामी, अरुण रावत, अंकित, सूरज भान सिंह, सुधाकर सोनी,शिव कुमार यादव, वैभव मिश्रा, विकास शुक्ला, हरिकेश पंडित, पुष्कर मिश्रा, आशीष द्विवेदी,केशव राम,मुकेश वर्मा,सहित जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री गण उपस्थित रहे।

## समर्थकों ने ब्लॉक प्रमुख का मनाया जन्मदिन



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा का जन्मदिन विकास खंड में ग्राम प्रधानों एवं समर्थकों द्वारा धूम धाम से मनाया गया। शनिवार को सिरौलीगौसपुर की ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा का जन्मदिन मनाया गया। प्रमुख कक्ष में प्रधान हाजी मुस्ताक, पंकज यादव, जितेन्द्र यादव, मुकाम हुसैन, क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, सुधांशु वर्मा, संजय यादव, अंकित वर्मा आदि के संयोजन में प्रमुख ने केक काटा। जिसके सभी ने प्रमुख रेनू वर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान विकास खंड के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ब्लाक प्रमुख के समर्थक मौजूद रहे।



## छात्रों को विदाई समारोह में उज्जवल भविष्य की दी गई शुभकामनाएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में आज मैट्रिक की परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सब्जी मंडी वार्ड के सभासद विपिन सोनी और युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 के छात्र प्रभात सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के कारण ही आज विद्यालय के बच्चे स्कूल ही नहीं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया मुख्य अतिथि ने उन्हें परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए जल भविष्य की कामना की और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव गौरीश मिश्रा राकेश गायत्री वैशाली सोनाक्षी आदि उपस्थित रही।

# वाराणसी में राहुल गांधी के साथ जुड़ीं डॉ. पल्लवी पटेल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ताओं ने लक्सा, मंडुआडीह, चांदपुर चौराहा, लोहता त्रिमुहानी, लोहता नई बाजार, कोरौता बाजार, परमंदापुर पर जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता एवं सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल शनिवार को सम्मिलित हुई। अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ताओ ने लक्सा, मंडुआडीह, चांदपुर चौराहा, लोहता त्रिमुहानी, लोहता नई बाजार, कोरौता बाजार, परमंदापुर आदि जगहों पर जोरदार स्वागत किया।

न्याय यात्रा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रामलाल पटेल, महेंद्र प्रताप मौर्य, पंकज सेठ, अभय पटेल, राज कुमार पटेल, योगीराज पटेल, हरीश मिश्रा, उमेश मौर्य, रामजीत प्रधान, जयहिंद पटेल, प्रमोद पटेल, अशोक कुमार, शमशेर बहादुर, जितेंद्र मौर्य, राजा हाशमी, शिवशंकर पटेल, सिकंदर पटेल समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए औद्यानिक फसलों को बढ़ाना जरूरी

## सीएम योगी ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी-2024 का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। भारत की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा अकेले यूपी में निवास करता है। उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है और बावजूद इसके देश में खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर उत्तर प्रदेश का है।

यूपी में किसान औद्यानिक फसलों के लिए बमुश्किल 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर

**▸ किसानों को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है सरकार**

औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा।

प्रोत्साहन के लिए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। इन किसानों ने ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, पुष्पों की खेती, पॉलीहाउस के माध्यम से नया करने का प्रयास किया है। डबल



इंजन की सरकार किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। यह उदगार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त किये हैं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 का शुभारंभ किया। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी तीन दिनों 17 से 19 फरवरी तक चलेगी। सीएम ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व सीएम ने स्मारिका का विमोचन किया।

### पीएम मोदी का उद्देश्य किसानों की आमदनी दोगुनी करना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप किसान की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है और प्रदेश की जीडीपी में गांव, जनपद और प्रदेश का योगदान हो सके तो हमें इस क्षेत्र में और भी रूचि लेकर बढ़ना होगा। इससे न केवल आमदनी बढ़ाने, बल्कि विटामिन व पोषक तत्वों की दृष्टि से इन औद्यानिक फसलों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाकर कुपोषण से लड़ने के लिए भी लोगों को तैयार कर पाएंगे।

### इन किसानों को किया गया सम्मानित

आनंदी बेन पटेल व योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसान झुकेंगे नहीं, हक के लिए जारी रखेंगे लड़ाई : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने किसानों के द्वारा अपने हक की लड़ाई के लिए सरकार से मांगी जा रही मांगों को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसानों के दर्द को महसूस करने वाला कोई नहीं है। सरकार किसानों को हक नही देना चाहती है, उनके हक को खत्म करना चाहती है, लेकिन किसान उतनी ही मजबूती से अपनी हक की लड़ाई लड़ेंगे। एमएसपी गारंटी कानून, कर्ज माफी समेत कई मांगों को लेकर किसान अपनी हक के लिए कूच की जिद्द पर अड़े हैं,तो गलत क्या है? किसानों की मन की बात क्यों नहीं सुन रही है? सरकार ने किसान के साथ धोखा किया है।सरकार ने हमेशा किसानों के साथ अत्याचार किया है। सरकार किसानों का भला नहीं चाहती।सरकार किसानों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है। किसान अपने ही देश में अपने हक की बात नहीं कर सकते। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। किसी को अपने हक के लिए आवाज उठाने के लिए आप रोक नहीं सकते है। किसान किसी भी कीमत पर झुकेंगे नहीं अपने हक के लिए ये लड़ाई जारी रखेंगे।

### विवि में एनएसआईएल शिखर सम्मेलन का समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तीन दिवसीय एनएसआईएल शिखर सम्मेलन लखनऊ विश्वविद्यालय के कला चतुर्भुज में वाल्मिकी मंडप में एक समापन कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, वीबीयूएसएस के महासचिव प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा, वीबीयूएसएस के प्रोफेसर कैलाश चंद्र शर्मा और विश्वविद्यालय के कुलपति की उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद प्रो. आलोक के. राय का भाषण हुआ। उन्होंने व्यक्तियों को सीमाओं से मुक्त करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और यूजीसी श्रेणी में प्रवेश करने की लखनऊ विश्वविद्यालय की हालिया उपलब्धि पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय का शिक्षा 4.2, समाज 4.2 और उद्योग 4.2 पर ध्यान केंद्रित है, जिसका लक्ष्य अधिक मानव-केंद्रित के साथ उद्योग 5.2 में प्रगति करना है। दृष्टिकोण, रेखांकित किया गया था। प्रोफेसर तनेजा ने छात्रों के आध्यात्मिक विकास के महत्व पर जोर दिया और शिखर सम्मेलन में 55 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की सफल भागीदारी की सराहना की। जिसकी परिणति महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करते हुए लखनऊ घोषणा के निर्माण में हुई। प्रोफेसर राजेंद्र विश्वनाथ ने निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया और एनईपी 2020 के साथ पुराने भारत के पुनरुत्थान की भविष्यवाणी की। प्रोफेसर कैलाश चंद्र ने लखनऊ घोषणा में पांच बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें

### मेले में 160 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डी.डी.यू.जी.के.वाई. योजनान्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहनलालगंज, ब्लाक-मोहनलालगंज लखनऊ, में वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ ओम प्रकाश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा किया गया। मेले में 11 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 530 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। रोजगार मेले में 160 अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। ब्लाक प्रमुख ने मेले में चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

### गांधी परिवार के पास रहेगी रायबरेली सीट : अजय राय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से गांधी परिवार के एक सदस्य के चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने असज कहा, यह सीट गांधी परिवार के पास रहेगी। मीडिया से मुखातिब अजय राय ने कहा, रायबरेली के लोगों का गांधी परिवार के साथ पीढ़ियों से गहरा नाता रहा है। यह सीट गांधी परिवार की है और गांधी परिवार के पास रहेगी। पूछे जाने पर कि गांधी परिवार से कौन वहां से चुनाव लड़ेगा, राय ने कहा,इस पर निश्चित रूप से गांधी परिवार द्वारा निर्णय किया जाएगा। 2004 से रायबरेली सीट से सांसद, पूर्व कांग्रेसअध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को सूचित किया कि वह स्वास्थ्य कारणों से आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। रायबरेली के लोगों को संबोधित अपने पत्र में 77 वर्षीय नेता सोनिया गांधी ने लिखा, इस निर्णय के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी। मुझे पता है कि आप पहले की तरह मेरे और मेरे परिवार का साथ भविष्य में भी देंगे।

### दीपांशु यादव बने सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने फंटल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें लखनऊ के दीपांशु यादव को अहम ज़िम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने अपने फंटल संगठनों को चुस्त-दुरुस्त करते हुए एक के बाद एक राष्ट्रीय कार्यकारिणी को घोषित करने शुरू कर दिया है। साथ ही सभी फंटलों को जनता के बीच जाकर वोट की अपील करने को कहा है। बीबीएयू सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र व लखनऊ के ग्राम बेहसा निवासी दीपांशु यादव ने इससे पहले लोहिया वाहिनी की प्रदेश कार्यकारिणी में विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान बतौर प्रदेश सचिव पार्टी के लिए जमीनी तौर पर काम किया था जिसके मद्देनजर पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी। दीपांशु यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को आगे भी पूरी मेहनत और लगन के साथ उठाते रहेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को बूथों पर मजबूत करने का काम करेंगे।

# प्रदेश के हर जिले में बनेंगी 75 मॉडल शॉप

## 2072 राशन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य प्रारंभ, अन्नपूर्णा भवन के नाम से भी जानी जाएंगी राशन की मॉडल दुकानें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप यानि अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में अब तक 2,072 कार्य प्रारंभ कराये जा चुके हैं, जबकि इनमें से 39 राशन मॉडल शॉप अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार भी हो चुकी हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित दर दुकानों को लेकर बड़ा यह कार्यबहुत महत्वपूर्ण माना जा

**▸ उप मुख्यमंत्री की पहल पर गांवों में बन रहीं राशन की दुकानें**

रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में राशन की 75 दुकानों को मॉडल शॉप उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केंद्र के रूप में तब्दील किये जाने का कार्य प्रगति पर है। आजादी के अमृतकाल मे प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उसमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए उन्हें राशन मॉडल शॉप अन्नपूर्णा भवन विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत



### ग्राम सभाओं में अब आसानी से पहुंच रहे खाद्यान्न वाहन

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इस दूरगामी सोच से ग्राम सभाओं में अब मॉडल शॉप अन्नपूर्णा भवन के विकसित होने से खाद्यान्न वाहन और आम जनमानस की पहुंच आसान होने जा रही है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उचित दर दुकानों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान, सीएससी सेवाएं, पीएम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं की बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई है।

सरकारी जमीन पर इन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह भवन मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे हैं। भवन पूर्ति विभाग के मानकों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। इसमें एक हॉल, एक प्रतीक्षालय के साथ जनसेवा केंद्र संचालन की व्यवस्था की जा रही है। उचित दर विक्रेताओं की दुकानें कहीं कहीं संकरी गलियों में होने के कारण खाद्यान्न वाहन और आम जनमानस को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था।

बरेली जनपद द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार मॉडल शॉप के रूप में एक दुकान के निर्माण में रू 8.46 लाख रुपये की अनुमानित आर्थिक लागत का आंकलन उपलब्ध कराया गया। इसमें प्रयुक्त सामग्री की अनुमानित लागत रू 6.97 लाख सामग्री मद पर खर्च होंगे। श्रमिकों पर आने वाली अनुमानित लागत 1.49 लाख की धनराशि सम्मिलित है। निर्मित उचित दर दुकान का कुल क्षेत्रफल 484 वर्ग फीट होगा। दुकान के समक्ष 24 फीट गुणा फीट चौड़ा बरामदा व प्रतीक्षा शेड की व्यवस्था की गई है।

एक भाग में उचित दर की दुकान होगी। इसमें खाद्यान्न संग्रहण की भी व्यवस्था है। स्टोर के दूसरे भाग में जन सुविधा केंद्र एवं जनरल स्टोर का संचालन किया जाएगा। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अन्नपूर्णा भवन यह उचित दर दुकान अन्नपूर्णा भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। यहां सीसीटीवी कैमरे के साथ इंटरनेट व बिजली की भी सुविधा होगी। हर गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद होगी।

# महिला शक्ति केंद्र के कर्मचारी हुए बेरोजगार, मुख्य सचिव से गुहार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया कि 2017 से उत्तर प्रदेश के 71 जनपदों में महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षण एवं शक्ति प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से महिला शक्ति केंद्र योजना चलाई जा रही थी। इस योजना के संबंध में बीते 27 अप्रैल को केंद्र सरकार ने निर्णय लेते हुए राज्य सरकार को अवगत कराया था कि अब मिशन शक्ति योजना को सामर्थ्य योजना में सम्मिलित करके दोनों योजनाओं को एक साथ चलाया जाएगा।

महिला शक्ति केंद्र योजना के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में कार्यरत तीन कार्मिकों को महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हब एंपावरमेंट ऑफवूमेन की छतरी के नीचे वन स्टाफ सेंटर के रूप में कार्य लिए जाने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए है लेकिन प्रदेश सरकार के महिला कल्याण विभाग के निदेशक ने 5 फरवरी को एक आदेश जारी किया, जिसके दुष्प्रभाव महिला शक्ति केंद्र के कर्मचारियों पर जनपदों में दिखाई पड़ रहा है। रामपुर, चंदौली, अलीगढ़ सहित कई जनपदों के जिला प्रोबेशन

**▸ महिला कल्याण विभाग ने लिया एकतरफा निर्णय**


अधिकारियों ने महिला शक्ति केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों को कार्य से अलग कर दिया है, जिसके कारण उनके सामने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। केंद्र सरकार के निर्देशों के क्रम में महिला शक्ति केंद्र के सभी कर्मचारियों का समायोजन हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन वन स्टॉप सेंटर के अंतर्गत किए जाने के निर्देश हैं। महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं में महिला कर्मियों का ही शोषण प्रदेश के महिला कल्याण विभाग द्वारा किया जाना, योजना को सुचारू रूप से चलाने के तरीकों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने अवगत कराया है कि संयुक्त परिषद ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर ष्मिशन शक्ति योजनाष् में कार्यरत कर्मियों को हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवूमेन वन स्टाफ सेंटर के माध्यम से कार्य लिए जाने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री का भी ध्यान आकर्षित किया है।

# सिपाही भर्ती : परीक्षार्थियों ने पुलिसकर्मी के रूप में मॉब लिंचिंग के सवालों का दिया जवाब

**▸ भर्ती परीक्षा में गणित के प्रश्नों ने किया परेशान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पुलिस भर्ती की परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा के बाद बताया कि कानून से जुड़े प्रश्न अधिक पूछे गए जबकि गणित के सवालों ने उन्हें परेशान किया। स्थानीय मेले में उत्तेजित भीड़ एक किशोर पर चोरी का आरोप लगाती है और मॉब लिचिंग का प्रयास करती है। दंगा प्रभावित धार्मिक इलाकों में शातिपूर्ण व्यवस्था बनाने में एक पुलिस अधिकारी की कैसी भूमिका हो? जैसे कई सवालों से पुलिस भर्ती के परीक्षार्थी रुबरु हुए। हजरतगंज





स्थित निजी स्कूल सहित राजधानी के 113 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा हुई।

प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और बिहार सहित अन्य राज्यों के परीक्षार्थी यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षार्थियों ने योगी राज की कानून व्यवस्था की सराहना की और कहा कि यूपी की कानून व्यवस्था अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर है। पुलिस भर्ती परीक्षा में कानून व्यवस्था से जुड़े सवाल भी पूछे गये थे।

एक परीक्षार्थी जब पुलिस अधिकारी बनता है तो जनता के प्रति क्या भूमिका होनी चाहिए? निकाय चुनाव के दौरान किसी तरह की हिंसा होने की स्थिति में पुलिस अधिकारी अपने पेशे का निर्वाहन कैसे करेगा? परीक्षार्थियों ने बताया कि 120 मिनट में कुल 150 सवालों को हल करना था। हिंदी, गणित, कम्प्यूटर, रीजनिंग, सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन सहित अन्य विषयों से सवाल पूछे गये थे। गलत जवाब पर निगेटिव मार्किंग भी थी। ऐसे में बहुत सावधानी के साथ सवालों को हल करना पड़ा।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सपा असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन ने की मुलाकात



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शनिवार को समाजवादी पार्टी असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में असम की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। असम के प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी पार्टी असम के प्रदेश महासचिव फखरूद्दीन अहमद, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष शोफीक अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष रहमान मंडल तथा कोषाध्यक्ष अब्दुस सुबन शामिल थे। असम समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव को केला, अनन्नास, गेंडा की मूर्ति, सुपाड़ी का पेड़ भेंट किया तथा असमी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उपस्थित रहे।

### केजीएमयू में खोज कार्यशाला व संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** रेडियोडायग्नोसिस विभाग किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय और आईएसआरटी ने शताब्दी अस्पताल फेज (2) केजीएमयू लखनऊ में एमआरआई और सीटी में नई सीमाओं की खोज कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में पूरे भारत से 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के साथ साथ एम्स और अन्य प्रमुख भारतीय संस्थानों सहित दुनिया भर के वक्ताओं के साथ एमआरआई और सीटी प्रौद्योगिकियों में नवीनतम अन्वेषण पर चर्चा हुई। केजीएमयू के रेडियोडायग्नोसिस के आयोजन सचिव प्रो दुर्गेश द्विवेदी के अनुसार संगोष्ठी सह कार्यशाला प्रौद्योगिकीविदों चिकित्सको अध्येताओं और शोधकर्ताओं के लिए आयोजित की गई थी। संगोष्ठी में इमेज क्वालिटी में सुधार और लो डोज सीटी पर केंद्रित व्यवहारिक सत्र शामिल थे। एमआरआई तकनीक जैसे कार्डियक एमआर विधियां, पैरेल्लेल इमेजिंग विधियों पर अधिक जोर दिया गया। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल यूएसए के प्रोफेसर योगेश राठी ने विभिन्न न्यूरोलॉजिकल विकारों में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं एडवांस्ड डिफ्यूजन इमेजिंग विधियों की प्रासंगिकता के बारे में बात की। चर्चित विषयों में जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी यूएसए के प्रोफेसर एम महेश द्वारा गर्भवती और बाल रोगियों में लो डोज सीटी और एम्स के प्रोफेसर प्रतीक कुमार द्वारा मल्टी डिटेक्टर सीटी तकनीक शामिल थे। इस कार्यक्रम ने रेडियोलॉजी में अग्रणी विशेषज्ञों से सीखने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश गुप्ता एसईआरबी सचिव, भारत सरकार ने अनुसंधान के महत्व और विश्वविद्यालय अनुसंधान का समर्थन करने वाली सरकारी पहल पर चर्चा की।

### पुलिस भर्ती में बाहर से आने वाले छात्रों की सहायता के लिए लगा कैंप

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर के आयाम स्टूडेंट्स फॉर सेवा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुलिस प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले प्रतियोगी छात्र-छात्राओं की सहायता हेतु चारबाग रेलवे स्टेशन पर कैंप लगाया गया। लखनऊ महानगर समित सदस्य अविजित झा ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने आए विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस नाते विद्यार्थी परिषद ने कैंप लगाकर उनकी सहायता हेतु प्रयास किया है। वे समय से अपने परीक्षा स्थल पर पहुंच जाएं इस हेतु परिषद कार्यकर्ता संपूर्ण जानकारी के साथ कैंप पर उपलब्ध हैं। कैंप पर विद्यार्थियों के लिए चाय आदि की व्यवस्था भी नि:शुल्क की गई है। इस दौरान अभाविप लखनऊ महानगर के विभाग संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, महानगर समिति सदस्य अविजित झा, विशाल शुक्ला, आदर्श यादव प्रतियोगी छात्रों की सेवा में प्रमुख रूपसे उपस्थित रहे।

# एसीपी ने जनचौपाल लगा ग्रामीणों को किया जागरूक, सुनी शिकायतें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मोहनलालगंज सर्किल के थाना क्षेत्रों के गांवों को अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए शनिवार को एसीपी राधा रमण सिंह ने निगोहां थाना क्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव में थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की मौजूदगी में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

एसीपी राधा रमण सिंह ने जनचौपाल में मौजूद ग्रामीणों व महिकाओ को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केबाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें।

उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए, जिससे थाना व कचहरी जाने से बचा जा सके। एसीपी ने जनचौपाल में ग्रामीणों की पुलिस से जुड़ी शिकायतों को सुनकर मौके पर निस्तारण भी कराया। जनचौपाल में हल्का इंचार्ज राजेश दीक्षित, उपनिरीक्षक कुंवर सिंह, पूर्व प्रधान नवनीत सिंह समेत ग्रामीण मौजूद रहें।

### स्थानीय निकाय महासंघ का आन्दोलन स्थगित

**लखनऊ।** यूपी स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ अपनी पूर्व प्रेषित लम्बित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर 19 फरवरी 24 को दोपहर 12 बजे प्रदेश की सभी इकाइयों के मुख्यालय पर गेटमीटिंग, धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार व शासन का ध्यानाकर्षण महापौर सुषमा खर्कवाल के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया हे। स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शशि मिश्रा ने बताया कि19 फरवरी को प्रधानमंत्री के लखनऊ आगमन व महापौर लखनऊ द्वारा स्वयं समस्याओं के समाधान हेतु दिए गए आश्वासन पर अगले समय तक यह आन्दोलन स्थगित कर दिया गया है। महासंघ द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि यदि 19 फरवरी के बाद विशेष सचिव नगर विकास द्वारा लम्बित समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश का निकाय कर्मचारी पुनः प्रदेश व्यापी आन्दोलन हेतु वाध्य होगा।

**तैयारी** | ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में बुंदेलखंड में शुरू होंगी 60 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाएं

# बड़े निवेश के साथ विकास की दौड़ में सरपट दौड़ेगा बुंदेलखंड

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में जहां पूरे प्रदेश में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ होगा तो वहीं राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में ये निवेश होगा, जिससे यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे तो वहीं विकास की दौड़ में भी बुंदेलखंड राज्य के अन्य जिलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हो सकेगा।

बुंदेलखंड क्षेत्र और इसका विकास मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकताओं में रहा है। प्रदेश में निवेश के लिए योगी सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनके साथ-साथ बुंदेलखंड में निवेश करने वाले उद्यमियों को अलग से भी प्रोत्साहन दिए जाने की पहल की गई है। इसी का नतीजा है कि बुंदेलखंड में निवेश को लेकर बड़ी संख्या में निवेशकों ने उत्सुकता जाहिर की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा बुंदेलखंड को औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध बनाने की है, ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के लिए प्रदेश या देश के अन्य हिस्सों में भटकना न पड़े। जीबीसी 4.0 के माध्यम से बुंदेलखंड में होने वाला निवेश इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।





प्रवक्ता ने बताया कि 19 फरवरी को जीबीसी 4.0 के तहत बुंदेलखंड के सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी जनपद में हैं, जहां जीबीसी 4.0 के जरिए 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। झांसी के अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा लागत के प्रोजेक्ट्स को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी हरी झंडी दिखाएंगे।

### आकर्षण का केंद्र होगा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का स्टॉल

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के अवसर पर प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उत्तर प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी का फर्स्ट लुक देख सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी को लोगों के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए सरकार की ओर से जीबीसी 4.0 आयोजन स्थल पर स्टॉल आवंटित किया गया है। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। स्टॉल में प्रोटोटाइप और कर्व स्क्रीन के माध्यम से इंटरनेशनल फिल्म सिटी की खूबियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को फिल्म सिटी के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान बेव्यू कंपनी के डायरेक्टर और बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर के साथ ही भूटानी ग्रुप के आशीष भूटानी और अली चौटली भी मौजूद रहेंगे।

# 19 को जनपद में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का होगा आयोजन

▸ ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का होगा सजीव प्रसारण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राज्य सरकार द्वारा गत् वर्ष माह-फरवरी, 2023 में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन किया गया था। जिसमें 27000 से अधिक निवेश प्रस्ताव/एम0ओ0यू0 प्राप्त हुए, जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार निहित हैं।

इन प्रस्तावों/एम0ओ0यूज को धरातल पर लाने की कार्यवाही विभागों द्वारा की जा रही है।इसी क्रम में 19 फरवरी 2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 का लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से प्रस्तावित है।




इस कार्यक्रम में 14000 से अधिक एम0ओ0यू0 जिसमें रुपये 10.00 लाख करोड़ का निवेश शामिल है तथा 33.50 लाख रोजगार निहित है, उन्हें शामिल किया गया है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जानकारी देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार 19 फरवरी 2024 को जनपद मुख्यालय के सेंट पीटर्स स्कूल के पास स्थित अलंकर्ता रिजॉर्ट छजलापुर पर ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनपद के मंत्री, सांसदगण तथा विधायकगण एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को तथा जनता को आमंत्रित किया जाए। इस कार्यक्रम में प्राप्त एम0ओ0यूज में जनपद के लिए जो रुपये 10.00 करोड़ के निवेश लागत से कम के प्रस्ताव हैं तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं, उन्हें शामिल किया जाए। लखनऊ में हो रहे आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा जा सकेगा।

जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर निवेशकों एवं उद्यमियों का ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 के आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा कि जनपद में 19 फरवरी, 2024 को जनपद स्तरीय निवेश कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त मा0 सांसदगण एवं मा0 विधायकगण, प्रतिष्ठित उद्यमियों/निवेशों/ उद्योगपतियों/औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा निवेश से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/ 4.0 के उद्घाटन एवं समापन समारोह के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा सुनिश्चित की जायेगी तथा जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में इस प्रसारण के प्रदर्शन की व्यवस्था करा ली जाए।

## पुलिस भर्ती परीक्षा : डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में सीसीटीवी कैमरे एवं उनके संचालन की स्थिति, कंट्रोल रूम, बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान आदि का जायजा लिया एवं संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कंट्रोल रूम और कोषागार कक्ष का भी निरीक्षण किया। केन्द्रों पर उन्होंने अभ्यर्थियों के बैग रखने के स्थान,वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था आदि भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। बताते चले कि पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में 17 व 18 फरवरी 2024 को 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है।



### पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में दो सेन्टरों पर संपन्न

▸ परीक्षा मे 768 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 62 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 17 18 फरवरी को यूपी के सभी 75 जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों पर 48 लाख 17441 अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं वही महराजगंज क्षेत्र के दो विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है कस्बा स्थित राजा चंद्रचूड़ इंटर कॉलेज एवं अंबेडकर शिक्षा सदन को सेन्टर बनाया गया है ।जिसमें हो रही लिखित परीक्षा पुलिस भर्ती मे 768 पंजीकृत अभ्यर्थियों में प्रथम पाली की हुई परीक्षा में 33 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा द्वितीय पाली में 29 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा राजा चंद्रचूड़ इंटर कॉलेज में जहां 384 अभ्यर्थी पंजीकृत थे तो वही अंबेडकर शिक्षा सदन में भी 384 ही अभ्यर्थी पंजीकृत थे राजा चंद्रचूड़ इंटर कॉलेज में 29 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी तो वही अंबेडकर शिक्षा सदन मे हो रही पुलिस भर्ती परीक्षा में 32 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। पुलिस परीक्षा भर्ती में प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## खबरें एक नजर में

### महाकालेश्वर मंदिर में भंडारे की तैयारियां शुरू



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अकाल मृत्यु वह मरे जो कार्य करें चंडाल का काल उसका क्या करें जो भक्त हो महाकाल का। जनपद ही नहीं पड़ोसी जनपदों के लाखों लोगों की आस्था का प्रतीक बन चुके शहर स्थित महाकालेश्वर मंदिर की स्थापना वर्षगांठ की तैयारी जोरों पर हैं। पिछले 21 वर्षों से अनवरत हो रहे इस आध्यात्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालु देवाधिदेव भगवान महाकाल मंदिर में दर्शन पूजन के साथ भंडारे में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी 25 फरवरी को मंदिर की होने वाली स्थापना वर्षगांठ पर तैयारी शुरू हो गई हैं। ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति की उपाध्यक्ष एवं संस्थापक उषा सिंह ने बताया कि इन्दिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में स्थापना दिवस मनाने के लिए शुक्रवार से मंदिर में रंगाई-पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 फरवरी को होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियां की जा रही हैं। श्रीमती सिंह ने बताया कि कई कुंतल भोजन सामग्री बनवाई जाएगी, जिसमें पूड़ी, सब्जी, खीर आदि प्रसाद भक्तों को परोसा जाएगा। इसके अलावां उन्होंने मंदिर के पुजारी केश कुमार मिश्रा व अन्य शिव भक्तों से भंडारा की तैयारियों से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

### शॉर्ट सर्किट के चलते गीज़र में लगी आग

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** घर के बाथरूम में लगे गीजर मे शॉर्ट सर्किट के चलते लगी आग मामला मिल एरिया थाना इलाके के प्रगतिपुरम कालोनी का है। यहाँ वीआईपी पार्क के पास एस के पांडेय के घर में बाथरूम के भीतर इलेक्ट्रिक गीज़र लगा है। शनिवार सुबह नहाने के लिए जैसे ही परिवार के किसी सदस्य ने स्विच ऑन किया गीज़र में आग लग गई। आग लगने से पूरे घर में धुआँ भर गया जिससे बचने के लिए परिजन बाहर की ओर भाग गए। इसी बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुँच कर आग पर काबू पाया।

### आरएस इंटर कॉलेज के दो छात्र को मिलेगा साइंस इंस्पायर अवार्ड

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आर एस इंटर कॉलेज के दो होनहार छात्रों के मॉडल इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित हुए हैं। अब दोनों चयनित छात्र राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपने माडल्स प्रस्तुत करेंगे। माडल इंस्पायर मानक अवार्ड अंतर्गत विद्यालय के कक्षा 6 के छात्र सक्षम सिंह का मॉडल टर्म प्लास्टिक इन टू ए शेल्टर स्ट्रीट डॉग्स एवं कक्षा 8 के छात्र का मॉडल एक्यू पॉस्चर आई आर सेंसर चेयर अवार्ड के लिए चयनित हुआ है। प्रबंधक रिजवान अहमद ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ाने के लिए इंस्पायर मानक अवार्ड दिया जाता है। जिसमें बच्चों को विज्ञान एवं सामाजिक अनुप्रयोगों से सम्बंधित अपने एक ऐसे आईडियाज को प्रोजेक्ट के माध्यम से मिनिस्ट्री के पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करना होता है, जिसपर भविष्य में कोई नया अविष्कार हो सके। अवार्ड के लिए विद्यालय के छात्रों का चयन होने को लेकर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रबंधक श्री अहमद ने चयनित छात्रों एवं विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापक आकाश सचान को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि उक्त दोनों चयनित छात्र अब राज्य स्तर पर अपने मॉडल्स प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के कोआर्डीनेटर आमिर अहमद सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तलाक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रिहायशी प्लाट खरीदने के लिए दहेज में दस लाख रुपए देने इंकार करने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को जमकर प्रताड़ित किया। प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने मायके चली आई। तब पति ने ससुराल आकर अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफमामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला गंभीरगिरि निवासी मंतशा पुत्री दिलशाद द्वारा कोतवाली बांगरमऊ में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी कानपुर देहात के थाना रसूलाबाद अंतर्गत ग्राम विरुहुन निवासी आरिफपुत्र सफीक अहमद के साथ हुई थी। करीब छह माह बाद उसके पति सहित सास सम्मो, जेठ शकील व जेठानी आरजू उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। सूचना मिलते ही उसके पिता दिलशाद दो अन्य रिश्तेदारों को लेकर उसकी ससुराल पहुंचे। तब ससुरालीजनों ने पिता से कहा कि कस्बा रसूलाबाद में प्लॉट खरीदने के लिए दस लाख रुपए दे दो तो उसकी पुत्री को कभी प्रताड़ित नहीं करेंगे। बाद में अचानक बीमार हो जाने पर वह अपने मायके चली आई। बीते 11 फरवरी को उसका पति आरिफबोलेरो से आया और मुख्य मार्ग उन्नाव हरदोई रोड पर पति ने आनन-फानन उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने पति, जेठ व जेठानी के खिलाफदहेज उत्पीड़न व दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा मुस्लिम महिला विवाह अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रोजगार मेले में 147 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 53 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**अमांवा-रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकासखंड अमांवा के प्रांगण में किया गया मेले का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कंपनियां मदरसन सूमी प्राइवेट लिमिटेड लेंसकार्ट पीपल ट्री वेंचर्स द्वारा



बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया ।मेले में कुल 147 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से 53 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष बीजेपी सुशील सिंह मंडल उपाध्यक्ष भाजपा योगेंद्र सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश पाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## डॉक्टरों ने कैंसर व साइकाइट्रिक को लेकर जताई चिंता

▸ रीमाकान 2024 का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

देश में कैंसर से हो रही मौतों को लेकर जिले के डॉक्टरों ने चिंता जताई है आईएमए की तरफ से 17 फरवरी को रीमाकान 2024 का आयोजन किया गया जिसमें देश के प्रमुख मेडिकल संस्थान केजीएमयू, एसजीपीजीआई, एम्स, व मेदांता के नामी गिरामी डॉक्टरों ने हिस्सा लिया कैंसर सर्जन डॉक्टर समीक्षा मिश्रा ने बताया कि देश में जिस तरह से कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं और लगातार




मौतों का आंकड़ा बढ़ा है वह चिंता की बात है लेकिन नियमित दिनचर्या और उचित खान पान से काफी हद तक काबू पाया जा सकता है, वहीं एसजीपीजीआई लखनऊ के न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विमल पालीवाल ने बताया की लगातार अनियमित दिनचर्या व बदलती लाइफस्टाइल से बड़ी संख्या में लोग मनोरोगी हो रहे हैं और जिस तरह से अस्पतालों में लगातार मरीज बढ़ रहे हैं वह एक चिंता का विषय है डॉक्टर विमल पालीवाल व डॉ समीक्षा मिश्रा ने कहा कि गुटका तंबाकू शराब की अत्यधिक सेवन से लोग कैंसर व साइकाइट्रिक जैसी महामारी की चपेट में आ रहे हैं इसके साथ-साथ ही उन्होंने जंक फूड को भी इस बीमारी के लिए काफी हद तक जिम्मेदार माना है डॉक्टर ने बताया की सभी लोगों को प्रतिदिन लगभग 40 मिनट का व्यायाम जरूर करना चाहिए खानपान में मोटे अनाज का सेवन करें और जंक फूड से दूरी बनाएं जिससे कैंसर से होने वाली मौतों में कमी लाई जा सकती है।

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम त्याग की प्रतिमूर्ति : शिवशंकर शर्मा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सिद्धि कला बीथिका द्वारा राष्ट्रीय राम कला चित्रकूट धाम एवं शबरी आश्रम को स्थापनी खोही तिराहा चित्रकूट में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी की रथ यात्रा के साथ कार्यक्रम शुरू हुई, नगर भ्रमण के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सिद्धि कला वीथिका के महासचिव एवं शबरी आश्रम के संस्थापक श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (जम्मू-कश्मीर) के प्रमुख चित्रकार शिवशंकर शर्मा द्वारा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी की तपस्थली श्री चित्रकूट धाम में नवस्थापित राष्ट्रीय राम कला केन्द्र की परिकल्पना श्री शर्मा द्वारा राष्ट्रीय रामायण मेला से वर्ष 2003 में एक कला प्रदर्शनी के दौरान की थी,



जिसका उद्देश्य भगवान राम जी के जीवन पर आधारित लीलाओं आदर्श और त्याग के, चित्रकला, मूर्तिकला, नाट्य कल के माध्यम से प्रचारित और प्रसारित करना है। लक्ष्मण पहाड़ी और राम शय्या के निकट स्थित इस केन्द्र का दृश्य रमणीय एवं प्राकृतिक छटाओं से ओत-प्रोत है, जहाँ कला के माध्यम से भगवान राम की सेवा की जायेगी, जिसमें देश भर के कलाकारों का संगम होगा, समय-समय पर कला प्रदर्शनी, कला मेला, कला कार्यशालाओं तथा कला कार्यो का संचालन होता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद चित्रकूट भैरों प्रसाद मिश्रा सहित चित्रकूट धाम के महंत एवं राजनेता कथावाचक उपस्थित रहे और पूजार्चन कर अपनी शुभकामनाएँ दी।

स्थापना दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसका संयोजन एवं संचालन डा0 रसिक किशोर सिंह नीरज ने किया, जिसके मुख्य अतिथि आनन्द श्रीवास्तव सेवानिवृत्त जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ युवक का शव, मचा हड़कंप

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ युवक का शव मिलने से मचा हड़कंपद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव के पास कोटे से राशन लेकर आ रहे एक अधेड़ युवक चंद्रशेखर पुत्र पुनवासी उम्र 45 वर्ष निवासी गोझवा मनाखेड़ा थाना बछरावा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे खंती में ग्रामीणों ने देखाद्य ग्रामीणों द्वारा तत्काल इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गईद्य मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत को कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## राम भरोसे विद्युत विभाग

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जी हा अगर वर्तमान समय में बछरावां विद्युत विभाग को राम भरोसे कहा जाए तो कतई गलत नहीं होगा, क्योंकि विद्युत विभाग के स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशाली लोगों को यह कहने पर निरंतर मजबूर कर रही हैद्य विदित हो कि विद्युत उपकेंद्र बिशनपुर के क्षेत्र में बने मार्गों पर लगे सैकड़ो विद्युत पोल बड़ी दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आ रहे हैं, जिनमें कुछ विद्युत पोल या तो पेड़ों के सहारे टिके हुए हैं या फिर वह किसी अन्य माध्यम से टिका दिए गएद्य जब इस संबंध में संबंधित विद्युत उपकेंद्र के अधिशाषी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है की कहां पर ऐसी समस्याएं हैंद्य साथ ही साथ जब उनसे यह पूछा गया कि आपके क्षेत्र में बहुत सारे



विद्युत पोल बिल्कुल मार्ग पर ही गड़े हैं तो उन्होंने कहा इसमें रोड चौड़ी हो गई है तो हम क्या करेंद्य अब ऐसे में यह यक्ष प्रश्न उठना लाजमी हो जाता है कि आखिरकार जिम्मेदार अधिकारी या तो काम नहीं करना चाहते या फिर वह किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत मुखबिर खास की सूचना पर शिवगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया पुलिस के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने अभियुक्त राजकुमार उर्फ बाबूलाल




पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम पट्टी खेड़ा मजरे शाह मोहम्मदपुर अपैया थाना नगराम जनपद लखनऊ को 08 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (मार्फिन) के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ विधिककार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

## जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक




सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेलर हिमाशुं रौतेला से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण उपरांत निरुद्ध बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी।

विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल हिमाशुं रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल कंचनलता मिश्रा, सुमैया परवीन व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## ड्यूटी करने जा रहे उपनिरीक्षक की बाइक मवेशी से टकराई, हालत गंभीर



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रविवार की सुबह उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा में ड्यूटी करने जा रहे उपनिरीक्षक की बाइक सतांव गाँव के समीप एक आवारा मवेशी से टकरा गई। इस घटना में उपनिरीक्षक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर एकत्रित लोगों और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सीएचस जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहाँ हालत गम्भीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बछरावाँ कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार की रविवार की सुबह पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा में ड्यूटी करने हेतु क्षेत्र के केलौली स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज जा रहे थे। गुरुबक्शगंज-रायबरेली मार्ग पर सतांव गाँव के समीप राजेश की बाइक एक छुट्टा मवेशी से टकरा गई।

इस घटना में राजेश गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर एकत्रित लोगों और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राजेश को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहाँ हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हाथीखेड़ा गांव निवासी राजू पुत्र सोनेलाल शनिवार की शाम को मियागंज बाजार से घरेलू सामान खरीदकर वापस लौट रहा था अभी वह बारी थाना गांव के पास पहुंचा था कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित बांगरमऊ की ओर भाग निकला।

## जिले के 24 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा उन्नाव के 24 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुयी। दोनों पॉलियो में 6 सौ से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे सके। दोनों पॉलियो की परीक्षा सकुशल संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। डीएम, एसपी परीक्षा केंद्रों पर बराबर निरीक्षण करते रहे। रविवार को भी इन्हीं केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। ज्ञात हो कि पुलिस भर्ती बोर्ड के द्वारा जारी परीक्षा शेड्यूल के तहत शनिवार को पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक हुई। जिसमें उन्नाव के 24 परीक्षा केंद्रों में 10584 परीक्षार्थियों में 338 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से गायब रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा शाम 3 बजे से 5 बजे तक रही। जिसमें 10584 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन 351 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रेमचंद अपर जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह समेत अन्य स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट बराबर निगरानी बनाये रहे। किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी संदिग्ध व नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में करायी गयी।

## एंगिल फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को दही थाना के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित लोहे के एंगल बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गयी। घटना के दौरान आसपास की फैक्ट्रियों के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

फैक्ट्री के अंदर मौजूद श्रमिकों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचायी और घटना की सूचना पर दमकल कर्मियों को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आग लगने से फैक्ट्री के अंदर माल जलने से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जगदंबा इस्पात फैक्ट्री में दोपहर फैक्ट्री परिसर के अंदर अचानक आग लग गयी। आग की लपटे व धुआं देख फैक्ट्री के कर्मचारियों को घटना की जानकारी हुयी। जिसके बाद कर्मियों



में अफरा तफरी मच गई। फैक्ट्री के कर्मचारियों ने सबमर्सिबल पंप से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन में आग थमने के बजाए और विकराल हो गयी। कर्मचारी अपनी जान बचाकर फैक्ट्री के बाहर निकल आये और सूचना फैक्ट्री प्रबंधन व फायर ब्रिगेड को दी। घटना की सूचना मिलते ही एफएसओ शिवराम यादव के निर्देश पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दही थाना पुलिस के सहयोग से घंटो मशक्कत कर आग पर काबू पाया। बताते है कि फैक्ट्री के अंदर लोहे के एंगल को बनाने का काम किया जाता है और अन्य जनपदों में सप्लाई होता है। आग लगने से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## हिन्दुत्व से सभी का विकास, सभी का विश्वास

अभी केवल सात वर्ष ही हुए हैं। बीमार उत्तर प्रदेश अब विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय ब्रॉन्ड बन कर उभर रहा है। ब्रॉन्ड योगी जैसे सात्विक और सतत क्रियाशील नेतृत्व ने इस अति पिछड़े और माफियाओं की जकड़ में घुट रहे प्रदेश को आज ब्रॉन्ड यूपी बनाकर दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व की औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक संस्थाएं उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और लाखों करोड़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव पड़ रही है। 2017 के बाद 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और श्रम की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था उत्तम हो। सामान्य जन सुरक्षित महसूस करें। कोई भी औद्योगिक इकाई या व्यापारिक गतिविधि तभी सफल होकर परिणाम दे सकती है। 2017 से पूर्व इस प्रदेश में ऐसी सोच की कल्पना भी संभव नहीं थी। बड़े उद्योग अथवा व्यापार के लिए तो परिवेश ही नहीं था। सत्ता माफिया के साथ रहती थी। अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग किस्म के माफिया के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सत्ता में इनका दबदबा था। कानून व्यवस्था सम्हालने वालों को इनके इशारे पर काम करना पड़ता था। प्रदेश भारी कर्ज की बोझ में दबा था। इस प्रदेश के प्राण तत्व स्वरूप जो स्थल थे वहां की हालत जर्जर थी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग, नैमिशरण्य और विंध्य क्षेत्र जैसे स्थल तो सरकार की दृष्टि में ही नहीं थे। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जब इस प्रदेश की कमान अपने हाथ में ली तो कथित राजनीति के रणनीतिकार कुछ समझ ही नहीं पाए। उन्हें लगा कि एक संन्यासी भला 26 करोड़ रुपये की आबादी वाले इस प्रदेश को कहां लेकर चल पाएगा। यहीं उन राजनीतिक पंडितों से चूक हो गई। योगी आदित्यनाथ की शक्ति और उनके ध्येय वाक्य से वे परिचित नहीं थे। योगी हमेशा कहा करते थे कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 26 करोड़ जनता का विश्वास लेकर प्रदेश को बीमारू राज्य से निकाल कर यहां रामराज्य का वातावरण गढ़ दिया है। इस बार तो उन्होंने उत्तर प्रदेश का बजट भी श्रीराम के चरणों में ही समर्पित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में चौथी बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी होने जा रही है। लाखों करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक उत्तर प्रदेश चमक रहा है। वैश्विक परिवेश के वैश्विक आयोजन हो रहे हैं। अभी केवल सात वर्ष पहले जो प्रदेश हिंसा, नफरत और साम्प्रदायिकता की आग में जल रहा था, आज तस्वीर बदल चुकी है। योगी का वह विश्वास हर ओर स्थापित होता दिख रहा है कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं।

**प्रस्तावित विस्तार परियोजना में अंतर्जवारीय क्षेत्र, नमक क्षेत्र, मैंग्रोव और तटीय विस्तार क्षेत्र आते हैं। तट पर बसे करीब 100 कस्बों और गांवों के मछुआरों का कहना है कि इससे उनके काम पर गंभीर असर पड़ेगा। क्षेत्र की एक मछुआरिन राजलक्ष्मी का कहना है कि यहां पाई जाने वाली मछली की किस्मों की संख्या पहले ही काफी कम हो गई है। किसी भी प्रकार के विस्तार से इसकी आबादी और कम हो जाएगी। प्रस्तावित परियोजना से पुलिकट झील के आसपास की 45 बस्तियों के मछुआरों की आजीविका भी प्रभावित होगी। कट्टूपल्ली कुप्पम गांव, जो तब विस्थापित हो गया था जब एल एंड टी समूह ने पहली बार बंदरगाह का निर्माण किया था, पर फिर से बेदखल होने का खतरा है क्योंकि नई परियोजना वर्तमान गांव के पास है। यदि परियोजना पूरी हो जाती है तो कुछ अन्य गांवों को भी संभावित समुद्री कटाव के कारण विस्थापन का खतरा है, जबकि कंपनी के मास्टर प्लान के अनुसार, विस्तार से बंदरगाह की कार्गो क्षमता 24.6 मीट्रिक टन से बढ़कर 320 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी और नए रेल और सड़क नेटवर्क विकसित होंगे जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा देंगे।**

# अडानी के स्वामित्व वाले बंदरगाह के विरोध में तमिल किसान

उपेन्द्र शंकर



**बंदरगाह विस्तार के खिलाफ विरोध 2018 के अंतिम महीनों में ही शुरू हो गया था। पर्यावरण और वन मंत्रालय ने परियोजना के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक ईएसी का गठन किया था। इस समिति को अपनी यात्रा के दौरान इलाके के निवासियों, मछुआरों और कई कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने प्रस्तावित विस्तार पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए साइट का दौरा करने वाली ईएसी को एक ज्ञापन भी सौंपा था। जब राज्य सरकार ने परियोजना को पर्यावरण मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू की तो सितंबर 2023 में आंदोलन फिर से तेज हो गया। उसी महीने, राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भारी विरोध के बीच परियोजना के लिए एक अनिवार्य सार्वजनिक सुनवाई स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, अदानी पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने आन्दोलनकारियों के आरोपों को खारिज कर दिया।**

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में हजारों ग्रामीण गौतम अडानी के स्वामित्व वाले बंदरगाह के विस्तार के प्रस्ताव के खिलाफ लड़ रहे हैं। ग्रामीण, जिनमें से अधिकांश मछली पकड़ने से अपनी आजीविका चलाते हैं, कहते हैं कि तिरूवल्लूर जिले के कट्टुपल्ली गांव में बंदरगाह के विस्तार से उनकी भूमि जलमग्न हो जाएगी और उनकी आजीविका पर कहर बरपेगा। 133.50 हेक्टेयर का यह बहुउद्देश्यीय बंदरगाह मूल रूप से लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) द्वारा निर्मित किया गया था जिसे जून 2018 में श्अदानी पोर्ट्सश् द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया। कंपनी ने बाद में किनारे की भूमि के कुछ हिस्सों पर दावा करके इसे 18 गुना से अधिक क्षेत्र में विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा। संशोधित मास्टर प्लान में 2,472.85 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें 133.50 हेक्टेयर का मौजूदा क्षेत्र और 761.8 हेक्टेयर की अतिरिक्त सरकारी भूमि, 781.4 हेक्टेयर की निजी भूमि और 796.15 हेक्टेयर जमीन समुद्र से ली जाएगी।

प्रस्तावित विस्तार परियोजना में अंतर्जवारीय क्षेत्र, नमक क्षेत्र, मैंग्रोव और तटीय विस्तार क्षेत्र आते हैं। तट पर बसे करीब 100 कस्बों और गांवों के मछुआरों का कहना है कि इससे उनके काम पर गंभीर असर पड़ेगा। क्षेत्र की एक मछुआरिन राजलक्ष्मी का कहना है कि यहां पाई जाने वाली मछली की किस्मों की संख्या पहले ही काफी कम हो गई है। किसी भी प्रकार के विस्तार से इसकी आबादी और कम हो जाएगी। प्रस्तावित परियोजना से पुलिकट झील के आसपास की 45 बस्तियों के मछुआरों की आजीविका भी प्रभावित होगी।

कट्टुपल्ली कुप्पम गांव, जो तब विस्थापित हो गया था जब एल एंड टी समूह ने पहली बार बंदरगाह का निर्माण किया था, पर फिर से बेदखल होने का खतरा है क्योंकि नई परियोजना वर्तमान गांव के पास है। यदि परियोजना पूरी हो जाती है तो कुछ अन्य गांवों को भी संभावित समुद्री कटाव के कारण विस्थापन का खतरा है, जबकि कंपनी के मास्टर प्लान के अनुसार, विस्तार से बंदरगाह की कार्गो क्षमता 24.6 मीट्रिक टन से बढ़कर 320 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी और नए रेल और सड़क नेटवर्क विकसित होंगे जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा देंगे। इस परियोजना को पर्यावरणविदों के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है, जो दावा करते हैं कि इससे बड़े पैमाने पर तटीय क्षरण होगा और जैव-विविधता का नुकसान होगा, विशेष रूप से स्थानीय मछली की प्रजातियों और क्षेत्र में पाए जाने वाले केकड़ों, झींगों और छोटे कछुओं का। पर्यावरणविद मीरा शाह के मुताबिक यह क्षेत्र हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषण और तटीय कटाव का सामना कर रहा है। यह विस्तार, देश की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील पुलिकट को भी नष्ट कर सकता है।

बंदरगाह विस्तार के खिलाफ विरोध 2018 के अंतिम महीनों में ही शुरू हो गया था। पर्यावरण और वन मंत्रालय ने परियोजना के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक ईएसी (पर्यावरण मूल्यांकन समिति) का गठन किया था। इस समिति को अपनी यात्रा के दौरान इलाके के निवासियों, मछुआरों और कई कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने प्रस्तावित विस्तार पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए साइट का दौरा करने वाली ईएसी को एक ज्ञापन भी सौंपा था। जब राज्य सरकार ने परियोजना को पर्यावरण मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू की तो सितंबर 2023 में आंदोलन फिर से तेज हो गया। उसी महीने, राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भारी विरोध के बीच परियोजना के लिए एक अनिवार्य सार्वजनिक सुनवाई स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, अदानी पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने आन्दोलनकारियों के आरोपों को खारिज कर दिया और उन्हें गलत बताया। उन्होंने कहा कि विस्तार का विरोध करने वाले व्यक्ति अपने दावों को किसी प्राथमिक डेटा के आधार पर सत्यापित नहीं करते। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में हाइड्रोजियोलॉजी के प्रोफेसर डॉ इलंगो लक्ष्मणन का दावा है कि भारत के पूर्वी तट-और विशेष रूप से तमिलनाडु तट-में बंदरगाह निर्माण के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थिति नहीं है, विस्तार की तो बात ही छोड़ दें। उन्होंने कहा, इससे तटीय क्षेत्र प्रभावित होंगे और समुद्री कटाव होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ प्रवक्ता ने दावे को खारिज कर दिया और कहा कि क्षेत्र में समुद्री कटाव को केवल बंदरगाह के निर्माण से नहीं जोड़ा जा सकता। कुछ उद्योग विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि विस्तार योजना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा और अधिक रोजगार मिलेगा। हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष वल्लियप्पन नागप्पन ने कहा कि विस्तार से अधिक जहाज आएंगे, जिससे आर्थिक वृद्धि होगी। उनके मुताबिक कंपनी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थानीय लोगों को अच्छी तरह से मुआवजा दिया जाए और उनकी आजीविका पर कोई प्रभाव डाले बिना ठीक से स्थानांतरित किया जाए। कट्टुपल्ली में बंदरगाह अधिकारी स्थानीय समुदाय को मुफ्त चिकित्सा सहायता और नौकरी का वादा करके लुभा रहे हैं।

## विचार

# मां काली के उपासक थे रामकृष्ण परमहंस

रमेश सर्राफ धमोरा

**रामकृष्ण परमहंस जयंती 18 फरवरी पर विशेष**

**1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष में पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यहीं शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी, जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभूति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं।**

उन्नीसवीं सदी में धार्मिक क्षेत्र में श्री रामकृष्ण परमहंस सबसे ऊंचे स्थान पर विराजमान थे। वह एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में नयी उम्मीद जगाई। श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तियां थीं। कहा जाता है कि श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मों का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं।

इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी, 1836 को एक निर्धन निष्ठवान ब्राह्मण परिवार में हुआ था। जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हें कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदीक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करें। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हें अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा।

1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष में पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यहीं शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी, जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा।

रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गए। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होंने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जातीं और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधि थी जो तीन दिन चली।

तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधि टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्ष से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधि मुझे कभी नहीं लगी। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे।

# महाराष्ट्र में सियासी घमासान

आदित्य नारायण

महाराष्ट्र की राजनीति में इस समय तूफान मचा हुआ है। वैचारिक एवं सैद्धांतिक राजनीति का कोई महत्व नहीं रह गया। सत्ता लोलुप नेता अपना-अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए भीतरघात और जोड़-तोड़ करने में लगे हैं। रात ही रात में निष्ठाएं बदल रही हैं और दलबदल का जबरदस्त खेल जारी है। महाराष्ट्र में मराठा दिग्गज शरद पवार की पार्टी राकांपा का हाल भी शिवसेना जैसा हो गया है। कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्धीकी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़ चुके हैं और भाजपा का दामन थाम अशोक चव्हाण तो राज्यसभा की सीट भी पक्की कर चुके हैं।

शरद पवार जिन्होंने अपने भतीजे अजित पवार को सियासत का क, ख, ग सिखाया, वही उनकी पार्टी को हाईजैक करके ले जा चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को हाईजैक कर चुके हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में अजित पवार गुट को उस समय बड़ी राहत मिली जब विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने उनके गुट को ही असली राकांपा मान लिया। शरद पवार गुट की ओर से अजित पवार समेत सभी 9 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में चुनाव आयोग के फैसले का ही अनुसरण किया है। चुनाव आयोग ने इससे पहले एकनाथ शिंदे गुट जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से टूटकर अलग हुआ था, को असली शिवसेना माना और उसे ही पार्टी का चुनाव चिन्ह दे दिया। ठीक इसी तर्ज पर चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली राकांपा माना और पार्टी का चुनाव चिन्ह अजित पवार गुट को अलाट कर दिया। चाचा की पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी अब अजित पवार के पास जा चुका है। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार एनसीपी वर्किंग कमेटी सर्वोच्च संस्था है। इसमें 16 स्थायी सदस्य हैं, लेकिन पार्टी का संविधान स्थायी सदस्यों को इजाजत नहीं देता। हमें नेतृत्व संरचना, पार्टी संविधान और विधायकी की ताकत को देखकर तय करना होगा कि पार्टी किसकी है।

पार्टी संविधान और नेतृत्व संरचना में कोई स्पष्टता नहीं है। संविधान में लिखा है कि महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष लेंगे। अध्यक्ष कौन यह मैं तय नहीं कर सकता, विधायकों की संख्या बल यह तय करने का अधिकार रखती है। 41 विधायक अजित पवार गुट के समर्थन में हैं, ऐसे में असली एनसीपी अजित पवार गुट ही है। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि विधायकों ने पार्टी के विरोध में कुछ नहीं किया। शरद पवार के दिल से नहीं चलना मतलब यह नहीं की विधायकों के कृत्य कदम पार्टी विरोधी हैं। पार्टी के अंदर की नाराजगी का मतलब यह नहीं की विधान मंडल की नाराजगी है। पार्टी में मतभेद होता है लेकिन विधायकों ने पार्टी नहीं छोड़ी। पार्टी का मतभेद मतलब यह नहीं की कानूनी उल्लंघन हुआ है। एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर फैसला पढ़ते हुए विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि फैसले के लिए मुझे उस आधार को लेना होगा जो शिवसेना के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाते वक्त लिया गया था। दरअसल पार्टी के संविधान में लिखा है कि महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष लेंगे। दोनों गुटों का दावा है कि हमारे पास बहुमत है, जबकि 29 जून तक शरद पवार के अध्यक्ष पद पर कोई चैलेंज नहीं था। 30 जून को दो लोगों ने दावा कर दिया।

दोनों का मानना है कि अध्यक्ष पद का चुनाव संविधान के हिसाब से नहीं हुआ। दोनों समूहों द्वारा अयोग्यता याचिकाएं भी दायर की गई हैं। लोकतंत्र में बहुमत से ही फैसला होता है। चुनाव आयोग और विधानसभा अध्यक्ष ने इसी फार्मूले को आधार बनाया। लोकतंत्र में पहले से ही स्थापित परम्पराओं और उदाहरणों का महत्व होता है। पहले भी कई ऐसे मौके आए हैं जब कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के गुटों ने खुद को असली पार्टी होने का दावा किया और चुनाव आयोग ने उन पार्टियों का चुनाव चिन्ह जब्त करके उन्हें नया नाम और नए चुनाव चिन्ह आवंटित किए, लेकिन अब चुनाव आयोग ने संगठन की व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया।



# राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**धनुः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।


**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# यह संसार शब्दों का ही तो मेला है

हृदयनारायण दीक्षित




**मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। पुस्तक मेला की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पड़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं।**

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बढ़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने।

पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का वाणी प्रकाशन सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। पुस्तक मेला की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पड़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जश्न नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्त में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी ब?ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है। पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं।

पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गड़ते हैं पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने लांग मैन कविता में लिखा था यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा। कालिदास, तुलसी, निराला, पीबी शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी हिन्दुत्व का मधु प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्साती। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# परीक्षा देने आये परीक्षार्थियों की पुलिस ने की मदद



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ दो पालियों में हुई परीक्षा, पुलिस व्यवस्था रही चौकस

महिला अभ्यर्थी कु. प्रियंका (नई दिल्ली) जो सेंटर के मिलते जुलते नाम की वजह से सेंट जेम्स इन्टर कॉलेज चरखारी के बजाय सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज महोबा परीक्षा केंद्र पर भूल वश आ गई थी, अभ्यर्थी को समय करीब 09:18 बजे पता चला कि उसका सेंटर महोबा न होकर चरखारी में है तो वह फूट फूट कर रोने लगी..परीक्षा के लिये गेट बन्द होने का समय 09.30 था।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को प्रकरण की जानकारी हुई तो अविबिलंब बच्ची को चरखारी उसके सेंटर पर अपनी गाड़ी से भेजते हुए समय से सेंटर पहुंचाया गया। समय से परीक्षा केन्द्र पहुंचने पर महिला अभ्यर्थी के खुशी से आंसू छलक पड़े, महिला अभ्यर्थी ने पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस का धन्यवाद किया। इसी क्रम में एक महिला अभ्यर्थी पूजा यादव जो की पश्चिम बंगाल से पुलिस परीक्षा में सम्मिलित होने महोबा आयी थी, जिसका बैग आटों में छूट गया था, जिसमें अभ्यर्थी के समस्त कागजात व रुपये पैसे थे, जिस पर वह हतास व रो रही थी। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दूबे द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया व महिला अभ्यर्थी को संबल प्रदान उसके बैग को खोजकर सकुशल परीक्षार्थी को दिया गया, परीक्षार्थी द्वारा बैग को चेक किया गया समस्त कागजात व रुपये पैसे बैग में मिले, परीक्षार्थी को सकुशल अपने सेन्टर पर भेजा गया जिससे परीक्षा में समय से प्रतिभाग कर सकी।

इसी क्रम में एक अन्य महिला अभ्यर्थी खुशबू जो कि उत्तराखंड से आयी हुई थी जो सेंटर के मिलते जुलते नाम की वजह से राजकीय इण्टर कालेज श्रीनगर महोबा के बजाय राजकीय इण्टर कॉलेज महोबा परीक्षा केंद्र पर भूल वश आ गई थी, महिला अभ्यर्थी को जब इन्ट्री गेट से वापस किया गया तब उसको गलती को अहसास हुआ जिससे वह फूट फूट कर रोने लगी..इस पर थाना कोतवाली नगर महोबा निरीक्षक अपराध गोपाल चन्द्र कन्नौजिया द्वारा अपनी सरकारी गाडी से महिला अभ्यर्थी को उसके मूल सेन्टर थाना श्रीनगर भेजा गया जिससे वह अपनी भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग कर सकी।

## एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

▸ अभ्यर्थियों के रुकने/विश्राम के लिए बने स्थानों का औचक निरीक्षण किया
▸ अभ्यर्थियों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन एवं नेतृत्व में उप्र नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत में पुलिस आरक्षी पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस-प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरो, सुरक्षा उपकरणों आदि का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। शनिवार और रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कडे प्रबंध किए हैं । सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है। एग्जाम के दौरान एग्जामिनेशन रूम और कैम्पस में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग न हो सके इसके लिए जैमर लगाए गये हैं । परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है हर सेंटर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में सब इंस्पेक्टर की तैनाती की गई हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा फील्ड में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो तत्काल सम्बन्धित अभ्यर्थी की हर संभव मदद कर समय से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचाने में सहायता करेंगे। जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं गतिमान बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र वाले प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है जो लगने वाले जाम को जल्द से जल्द खुलवाने का काम करेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अन्य राज्यों से महोबा में पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये आये हुए अभ्यर्थियों के रुकने/विश्राम हेतु बनाये गये स्थानों का औचक निरीक्षण कर सुविधाओं/व्यवस्थाओं को परखा गया। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन के लिये उनकी सहायतार्थ बनाये गये 卐हेल्प डेस्क卐 का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अभ्यर्थियों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# जितेंद्र सिंह सेंगर ने कराया अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट मैचों का शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



79वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन हुए क्वाटर फाईनल मुकाबलें जबरदस्त रोमांचकारी रहे। जिसमें पहले मैच में दिल्ली ने करमपुर को 3–0 से, दूसरे मैच में गाजियाबाद ने बनारस को 3–2 से तथा बलरामपुर ने लखनऊ को 4–3 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जबकि डीएवए झांसी चौथे दिन के खेल में ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी। टूर्नामेंट के पांचवे दिन पहला मैच पहला मैच करमपुर गाजीपुर एवं जामिया दिल्ली के बीच खेला गया। पूरे खेल के दौरान दिल्ली की टीम करमपुर टीम पर हावी रही और दिल्ली ने करमपुर को 3–0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया। पहला मैच प्रारंभ होते ही जामिया टीम ने शुरू से ही करमपुर पर दबाव बनाया और खेल के 33वें मिनट में दिल्ली के नागेन्द्र ने करमपुर की टी पर पहला गोल किया। पहले हाफ तक दिल्ली टीम एक शून्य से आगे रही और दूसरे हाफ के 40 वें मिनट में नन्दकिशोर ने' 50 वें मिनट में मुहम्मद तल्हा ने गोल दागते हुए सेमीफाईनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच खेलो इंडिया गाजियाबाद एवं सन सिटी हाकी अकाडमी वाराणसी के बीच खेला गया। मैच गाजियाबाद व वाराणसी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। खेल प्रारंभ होने के 11वें मिनट में गजियाबाद के अमित दे गोल किया और 3 मिनट बाद ही बनारस के प्रशान्त ने गोल करते हुए दर्शकों को उत्साहित किया। लेकिन 4 मिनट बाद ही गाजियाबाद के मिलन ने गोल करते हुए 2–1 की बढ़त ले ली। खेल के 28वें मिनट में बनारस के निखिल ने गोल किया तथा 37वें मिनट में गाजियाबाद के अमित ने गोल करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। अंतिम मैच लखनऊ एवं बलरामपुर के बीच हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी जितेन्द्र सिंह ने किया। तीसरे मैच में स्टार इलेविन बलरामपुर बजरंगी ने गोल किया साथ ही 23 वें मिनट में हैदर ने गोल करते हुए अपनी टीम को 2–0 से बढ़त दिलाई। 39वें मिनट में शिवा ने गोल दागते हुए 3–1 की बढ़त बना ली लेकिन 3–1 से पिछड़ी बलरामपुर की टीम ने एक बार फिर जोरदार हमला करते हुए मैंच के आखिरी दो मिनट में बाजी पलट दी। जिसमें बलरामपुर ने एक के बाद एक गोल करते हुए अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। पूर्व प्रधानाचार्य हम्मीर सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत, गुन्नी घोष, पियूष खरे, रिटायर सीओ रविंद्र पाठक, रमनकिशोर गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जानलेवा हमले में युवक घायल किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चिंडौली में बीती मध्य रात्रि एक युवक के घर में दो नामजद व दो अज्ञात लोगों ने एक राय होकर कूदकर लेटे हुए युवक को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार के प्रहार से गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिसकी चीख पुकार पर परिजन दौड़ पड़े तो आरोपी तमंचा लहराकर अधमरा होने पर भाग गये। जिसे पुलिस व परिजनों ने जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां हालत गम्भीर होने पर उसे मिनी पीजीआई रिफर कर दिया गया। पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर दी। इस घटना के सम्बंध में ग्राम चिंडौली निवासी ओमपाल सिंह पुत्र वरजोर सिंह ने बताया कि उसका पुत्र छोटू भदौरिया 27 वर्ष घर में लेटा हुआ था कि तभी रात्रि करीब 1 बजे नामजद राघवेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र शंकर सिंह व प्रकाश उर्फ पिन्टू पुत्र सरनाम सिंह निवासीगण नवादाखुर्दकला व दो अज्ञात लोग तमंचा हाथों में लेकर घर में कूद आये और मेरे पुत्र छोटू को गाली गलौज करते हुए लाठी डन्डों व धारदार हथियार के सिर व शरीर में जान से मारने की नियत से जमकर प्रहार करके गम्भीर रुप से घायल कर दिया। जिसकी चीख पुकार पर उपरोक्त नामजद व अज्ञात लोग तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। इस मामले की सूचना लवेदी पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां से शरीर में गम्भीर चोटें होने पर मिनी पीजीआई रिफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की तहरीर मिलने पर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि एक आरोपी थाने का सक्रिय अपराधी है मामले को दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी।

### व्यापारी नेताओं ने की सहायक श्रमायुक्त से मुलाकात

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल सहायक श्रम आयुक्त श्वेता गर्ग से मिला। जिला अध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल ने व्यापारियों के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा कि व्यापारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ जानकारी के अभाव में नहीं मिल पा रहा है सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करके जागरूकता अभियान चलाया जाए जिससे व्यापारी वर्ग योजनाओं का लाभ उठा सकें। सहायक श्रम आयुक्त उपकर निर्धारण अधिकारी श्वेता गर्ग ने वार्ता के दौरान कहा विभाग की वेव साइट पर जाकर भी व्यापारी जानकारी प्राप्त कर सकता है और शीघ्र ही विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा, महिला जिला उपाध्यक्ष अंजना दोहरे, बकेवर युवा अध्यक्ष शीलू शर्मा आदि व्यापारी शामिल रहे।

### स्थानांतरित होने पर जिला परियोजना प्रबंधक को दी विदाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पंचायतराज विभाग के जिला परियोजना प्रबंधक विजय यादव के इटावा से सहारनपुर स्थानांतरित होने पर जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में शनिवार को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई। उनके विदाई अवसर पर बोलते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी बनवारी सिंह ने कहा कि इटावा में अपनी पहली पोस्टिंग के तहत करीब सात वर्ष तक विजय यादव ने जिला परियोजना प्रबंधक के रूप में शासन की योजनाओं का सराहनीय रूप से क्रियान्वयन कराते हुए अपने विभागीय सहयोगी कर्मियों के प्रति भी सामंजस्यपूर्ण व्यवहार किया, यही वजह है कि आज उनको विदाई देते समय हम सभी की आंखें नम हो रही हैं। हम उनके आगामी यशस्वी एवं सफल जीवन की हार्दिक कामना करते हैं। इस अवसर पर सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी रोहित कुमार, प्रशांत पोरवाल, ऋशांक, अनुराग वाजपेई, राजेश कुमार, नितिन, अनुराग यादव, शीलू सिंह, धीरेंद्र, प्रमोद कुमार , श्याम सुन्दर, कौशलेंद्र, आशीष आदि ने परियोजना प्रबंधक का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### देवी दर्शन करने आये भक्तों को जाम से होना पड़ा परेशान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लखना के एतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर सूदूर आंचल से आये देवी भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना से पहले प्राचीन तालाब में स्नान किया। दिन भर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। जाम से लोग खासे परेशान रहे। शनिवार की सुबह सूर्य की पौ फटते ही कानपुर, कानपुर देहात,औरैया, मैनपुरी, फिरोजाबाद सहित इटावा के ग्रामीण क्षेत्रों से पूजा करने को भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिसके कारण पूरे दिन लखना बकेवर मार्ग पर जाम की स्थित बनी रही। इसके अलाबा कस्बा लखना में भी बाईपास तिराहे पर भारी जाम लगा रहा। इधर पुलिस आरक्षी की परीक्षा होने के कारण पुलिस फोर्स की कमी देखने को मिली जहां पर पूरे दिन पुलिस न होने से चोर उचक्के व जेब कतरे भी हावी रहे काफी लोगों की जेबें भी साफ की लोग रोते बिलखते अपने घरों को चले गये। इस मौके पर नवविवाहित जोडों की पूजा अर्चना के साथ बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराने के साथ साथ झंडा व घंटा चढाने का सिलसिला पूरे दिन देर शाम तक चलता रहा। वहीं इस बार पुलिस फोर्स की निष्क्रियता के कारण जाम का झाम स्कूल जाने बाले छोटे छोटे बच्चों व राहगीरों व मरीजों को झेलना पड़ा। भारी बाहनों की आबाजाही पूरे दिन चलती रही जिसके कारण जाम लगा रहा।

# अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भाजपा कर रही, परिवहन, रहने खाने की व्यवस्था

**चरखारी ग्रामीण, समृद्धि न्यूज।**

इस साल लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी 25 जनवरी से 25 मार्च के बीच नव निर्मित रामललाके दर्शन हेतु अयोध्या ले जाने हेतु व्यवस्था बनाई है पार्टी न केवल परिवहन के व्यवस्था करेगी बल्कि उनके रहने खाने पीने की व्यवस्था करेगी प्रत्येक बूथ से तीन व्यक्तियों के ले जाने के लिए व्यवस्था कर रही है उसी क्रम में चरखारी ग्रामीण मंडल के ग्रामसूपा, स्वासा, बलचौर, टोला सोयम,नरेडी, साल्ट में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं एवं पंजीकरण कर रहे हैं चरखारी ग्रामीण मंडल कायर्क्रम



के संयोजक देवी सिंह राजावत ने कहा की आम जनमानस को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से राम लाल की भव्य एवं दिव्य मूर्ति का दर्शन कराया जाएगा इस मौके पर देवी सिंह राजावत मंडल मंत्री क्षेत्र पंचायत सदस्य सेक्टर संयोजक सौरभ मिश्रा मंगल राजपूत का सुनील रिछारिया मथुरा प्रसाद शर्मा रणधीर सिंह बुंदेला समस्त कार्यकर्ता गांव भ्रमण कर आम जनमानस को सूचित किया

# पत्रकार बनाम व्यापारियों के बीच खेला गया क्रिकेट टूर्नामेंट

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ पत्रकार बंधुओ ने 10 विकट से हराया व्यापारियों को
▸ पत्रकार बंधुओ को 1100 रुपए की नगद पुरस्कार दिया गया
▸ मैन ऑफ द मैच देवेंद्र राजपूत को दिया गया

स्वर्गीय रामेश्वर दयाल क्रिकेट टूर्नामेंट स्टेडियम पनवाड़ी में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी राजू मिश्रा उर्फ़ राज नारायण मिश्र ने फीता काटकर एवं टॉस कर शुभारंभ कराया पनवाड़ी व्यापार मंडल ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया व्यापार मंडल ने 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए ,तो वहीं पनवाड़ी पत्रकार बंधुओ ने मात्र 6 ओवर में 104 रन बनाकर मैच 10 विकट से पनवाड़ी व्यापार मंडल की टीम को हराया।





इस मौके पर आयोजनकर्ता समाजसेवी राज नारायण उर्फ राजू मिश्रा उपाध्यक्ष अमन शर्मा, शरीफ़ मंसूरी,कॉमेंटेटर सुनील पर पत्रकार बंधु, देवेंद्र राजपूत हरि सिंह राजपूत, हरि सिंह वर्मा, अरविंद, भानु, धर्मेंद्र गुप्ता, दिलीप निगम, रमजानी उर्फ अच्चा, तेजपाल, गोपी राम, चौधरी, राघवेंद्र कुशवाहा, और व्यापार मंडल क्रिकेट टीम अमन शर्मा कप्तान, शरीफ मंसूरी, मोहम्मद मंसूरी, राहुल नायक, सलमान बाबा, जगत राजपूत, रामजी चतुर्वेदी, मन्जू समस्त अतिथि मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 322 जोड़ों का हुआ पाणिग्रहण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विधानसभावार आयोजन कराया गया। विधानसभा सदर में 27, विधानसभा भगवंतनगर में 39, विधानसभा पुरवा में 54, विधानसभा मोहान में 62, विधानसभा सफीपुर में 43 एवं विधानसभा बांगरमऊ में 97 जोड़ों कुल 322, जिसमें 04 अल्पसंख्यक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विधानसभा सदर क्षेत्र में सदर विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता, ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बिछिया, निदेशक समाज कल्याण द्वारा नामित नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, समाज कल्याण अधिकारी हरदोई, विधानसभा



पुरवा में ब्लॉक प्रमुख हिलौली, बिछिया, पुरवा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, उपजिलाधिकारी पुरवा, खण्ड विकास अधिकारी पुरवा हिलौली, असोहा विधानसभा बांगरमऊ में ब्लॉक प्रमुख गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ, उपजिलाधिकारी बांगरमऊ उपायुक्त मनरेगा, विधानसभा सफीपुर में परियोजना निदेशक, डी.आर.डी.ए. उपजिलाधिकारी सफीपुर, खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर, फतेहपुर चौरासी विधानसभा मोहान में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी हसनगंज, खण्ड विकास अधिकारी हसनगंज, मियागंज एवं अन्य अधिकारी एवं विधानसभा भगवंतनगर में, उपजिलाधिकारी बीघापुर, खण्ड विकास अधिकारी बीघापुर, सुमेरपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगणों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### 98 जोड़ों ने पहनायी एक-दूसरे को वरमाला

बांगरमऊ क्षेत्र के एक अतिथि गृह में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत तीनों ब्लाकों के दो मुस्लिम सहित कुल 98 जोड़ों ने एक–दूसरे को वरमाला पहनाकर आजीवन साथी बनने की शपथ ली। क्षेत्रीय विधायक की मां और ब्लाक प्रमुखपति ने नव दंपतियों को विवाह प्रमाणपत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। ब्लाक गंजमुरादाबाद के गांव कलवारी महमदाबाद स्थित मां ललिते अम्बे लान अतिथिगृह में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत ब्लॉक गंजमुरादाबाद से 35, बांगरमऊ ब्लाक 32 व फतेहपुर चौरासी ब्लाक से 29 तथा नगर पालिका बांगरमऊ से एक जोड़ा को शामिल हुआ। आचार्य द्वारा मंत्रोचार कर 96 हिंदू जोड़ो को वरमाला पहनाकर विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। जबकि दो मुस्लिम जोड़ों को काजी ने इस्लामी रश्म के मुताबिक निकाह कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक की पत्नी विभा कटियार तथा ब्लाक प्रमुख पति विवेक पटेल ने सभी युगलों को विवाह प्रमाणपत्र देकर आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम में उपायुक्त मनरेगा महेंद्र प्रताप चौबे, ब्लाक प्रमुख एफ-84 मनोज निषाद, जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, बीडीओ सुरेंद्र प्रताप सिंह, कौशल कुमार, आनंद जी सुमन, सुभाष गौतम, देवेंद्र कुमार, अरमान आदि सहित तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा वर व कन्या पक्ष के सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## सांसद बृजभूषण ने लिया अबकी बार चार सौ के पार का संकल्प

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कैसरगंज में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन के प्रतिष्ठान के नजदीक भाजपा का चुनाव चिन्ह बनाकर अबकी बार 400 पर का स्लोगन लिखकर लोकसभा चुनाव की तैयारी की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा का लक्ष्य 400 के पार है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा देश और प्रदेश में हर्ष का माहौल है पूरा देश राममय हो गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भाजपा लगातार तीसरी बार भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी तथा लोकतंत्र का उत्सव एक बार फिर पूरे विश्व में गूंजेगा। उन्होंने कहा कि आज देश का नौजवान नौकरी, व्यवसाय एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता के झंडा फहरा रहा है, वहीं देश व प्रदेश के किसान के चेहरे पर खुशहाली है।

# भाजपा सरकार में किसानों की फसले खा रहे अन्ना जानवर : अन्नू टण्डन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

खाद, बीज, पानी तथा बिजली की दरों में भारी वृद्धि कर भाजपा की डबल इंजन सरकार पहले ही किसानों की कमर तोड़ चुकी है, अब बची खुची फसलें अन्ना जानवर चरकर किसानों को मजदूर बनने अथवा आत्महत्या को मजबूर कर रहे हैं।

गंजमुरादाबाद ब्लाक के बल्लापुर की नुक्कड़ सभा में पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने उक्त बात कही।

जिन्होंने आज ब्लाक के भिखारीपुर, सिरधरपुर, गहरपुरवा, कुशराजपुर, रतई पुरवा, गढेवा, देवरिया, सुल्तानपुर, कपूरपुर, खम्भौली, मवई धनश्याम आदि गांवों का भ्रमण कर भाजपा सरकार की किसान नौजवान और मजदूर विरोधी नीतियों का पर्दाफाश कर आगामी



लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की अपील की उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों के इशारे पर चल रही भाजपा सरकार किसानों नौजवानों और मजदूर भाइयों की कभी हितैसी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थाओं में नौकरी खतम कर इस सरकार ने सबसे भयानक मजाक युवा पीढ़ी के साथ किया, जिससे पिछले दस वर्षों के दौरान बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती के लिए पूरे प्रदेश में छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं, जबकि शारीरिक दक्षता पुलिस की पहली अनिवार्यता है, जो लिखित परीक्षा से पहले होनी चाहिए थी लिखित परीक्षा शारीरिक परीक्षा के बाद होती है लेकिन सरकार इन बेरोजगार युवाओं को भी आर्थिक शोषण का शिकार बना रही है तथा उन बेरोजगारों से भी आठ-आठ सौ रुपए वसूल लिए जो शारीरिक रूप से परिक्षण के दौरान फेल हो जायेंगे। वास्तव सरकार की मंशा नौकरी देने की नहीं आर्थिक वसूली की है और बाद में फिर लीक होने की घोषणा कर बेरोजगारों की मंशा पर पानी फेर दिया जायेगा। अपने सम्बोधन में पूर्व विधायक बदलूं खां ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं दूसरी जंगे आजादी है और हम सभी को यह जंगे आजादी मिलकर लड़नी होगी। भ्रमण के दौरान प्रमुख रूप से बदलू खान, शशांक शुक्ला, मुन्ना अल्वी, राधेलाल निषाद, नत्था निषाद, यशोदा निषाद, लक्ष्मी कुशवाहा, रमेश रावत, डा0 रामपाल कुशवाहा, विनय यादव, सरवन यादव, शिवशंकर वर्मा, मंजीत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा 7 वर्ष की बच्ची को 2 घण्टे के अन्दर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

थाना फ्रेंडस कालोनी पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्ची भरथना चौराहा पर खड़ी है। जो रास्ता भटक गयी है सूचना पर थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यावाही करते हुए बच्ची को थाने पर लाया गया जहां उसका नाम व पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मानसी पुत्री बन्टू निवासी



फूटाताल थाना चकरनगर बताया जिसके संबंध में थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस द्वारा जानकारी कर थाना चकरनगर पुलिस से संपर्क किया गया तथा ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुए उपरोक्त बच्ची को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की प्रशंसा की गयी।

फोटो-03 बच्ची को परिजनों के सुपुर्द करती पुलिस।

# देश को कांग्रेस पार्टी की जरुरत : ललित दुबे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

स्पोर्ट अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया के हॉकी कोच ललित दुबे ने लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।





जिला कांग्रेस कार्यालय इटावा पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ललित दुबे ने कहा कि हमारा परिवारिक ग्राउंड कांग्रेस का रहा है। हमारे पिता सत्यनारायण दुबे ने वर्ष 1989 में इटावा लोकसभा का कांग्रेस पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ा और हमारे भाई आदित्य दुबे युवा कांग्रेस के लगभग दस वर्ष तक अध्यक्ष रहे। आज हमने अपने पुराने घर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर आजीवन कांग्रेस पार्टी को मज़बूत करने के लिए काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आज देश को कांग्रेस पार्टी की ज़रूरत है देश के सभी वर्गों को न्याय दिलाने की लड़ाई देश का जननायक राहुल गांधी लड़ रहे हैं हम सभी को उनके हाथों को मज़बूत करना चाहिए। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मुहम्मद राशिद खान, संजय दोहरे, आसिफ जादरान, शोजब रिज़वी, अफ़ज़ाल वारसी, सरवर अली, सोहेल आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार के इशारे पर राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को रोकने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव के मिशन में बाधा डालने जैसे घृणित व संकीर्ण सोच के तहत कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोष में 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए। कार्यकर्ताओं ने जो किसानों से टकराएगा चूर-चूर हो जायेगा के नारे लगाए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केन्दों का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि ठाकुर राजेश सिंह महाविद्यालय जिसमें 984 परीक्षार्थी एवं एपीएस पब्लिक स्कूल में 528 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 30 स्थानों पर परीक्षाएं चल रही है जिसमें लगभग 64000 परीक्षार्थी चारों पाली को मिलाकर सम्मिलित हैं।इसी क्रम में शहर के सभी केंदों का भ्रमण किया



जा रहा है इसके अलावा शहर की और भी आवागमन वाले स्थान का भी जायजा लिया जा रहा है, बस स्टैंड ,रेलवे स्टेशन एवं भीड़भाड़ वाली जगह पर आवागमन में कोई भी दिक्कत ना हो एवं किसी प्रकार की कोई अफरा तफरी न हो परीक्षार्थी सुगमता से आए और परीक्षा दें। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी सकुशल परीक्षा दें और आसानी से अपने घर वापस जाएं ।उन्होंने बताया कि कई जगह हेल्प डेस्क बने हुए हैं जिसका परीक्षार्थियों द्वारा लाभ लिया गया है । उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को कोई भी परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा इस हेल्प डेस्क से परीक्षार्थी को केंद्र तक पहुंचने में बहुत ही आसानी हुई है। उन्होंने बताया कि अभी तक परीक्षाएं सकुशल संपन्न की गई है एवं उम्मीद है कि अभी परीक्षाएं ऐसे ही संपन्न की जाएगी।।उक्त अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ,उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकार शहर अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने को डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- स्टेटिक,सेक्टर मजिस्ट्रेट सतर्क निगरानी रखते हुए निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण कराए परीक्षा: डीएम

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज





**पुलिस भर्ती** परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम श्री अरविंद सिंह एवं एसपी केशव कुमार द्वार निरंतर भ्रमण करते हुए दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डीएम एवं एसपी द्वारा तहसील बलरामपुर सदर में परीक्षा केंद्र शक्ति स्मारक कॉलेज,एमएलके पीजी कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल,डीएवी इंटर कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल,तहसील तुलसीपुर में विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा,दीप नारायण डिग्री कॉलेज,तहसील उतरौला में एस वाई उस्मानी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम सिंह ने परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी कंट्रोल रोम , ओएमआर स्ट्रांग रूम,परीक्षा कक्ष का जायजा लिया। उन्होंने प्रवेश के समय अभ्यर्थियों के डाटा मिलान एवं बायोमैट्रिक की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। ओएमआर शीट की खोलने एवं सीलिंग में विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा में लगे स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को सतर्क निगरानी रखते हुए परीक्षा संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की अभ्यर्थियो की अच्छी तरह से चेकिंग किया जाए। किसी के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाइल न हो यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी सभी निर्देशो का केंद्र पर लगे केंद्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षक पालन करते हुए परीक्षा कराएंगे। परीक्षा केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, प्रकाश की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया।

# फुलवरिया बाईपास चौराहे का आठ लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

- डीएम ने फुलवरिया बायपास चौराहा का निरीक्षण चौड़ीकरण एवं हाईमास्ट लाइट लगाए जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**डीएम** अरविंद सिंह की पहल पर फुलवरिया बायपास चौराहे का सीएसआर फंड से 08 लाख रुपए की लागत से सौंदरीकरण एवं चौड़ीकरण होगा। डीएम श्री सिंह द्वारा चौराहे का निरीक्षण करते हुए दोनो ओर हाईटमास्ट लाइट लगाए जाने का निर्देश दिया। चौराहे पर भरी ट्रकों के आवागमन का भार ज्यादा होने के कारण चौराहे का और चौड़ीकरण किए जाने जाने एवं सड़क के दोनो तीव्र मोड़ को सही किए जाने का निर्देश दिया। फुलवरिया बायपास चौराहे का चौड़ीकरण से यातायात व्यवस्था और सुगम एवं सुदृण होगी तथा दुर्घटना आदि की संभावना भी कम होगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड ,सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड,प्रबंधक चीनी मिल राजीव अग्रवाल उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत गाड़ियों को किया रवाना

**चोपन/सोनभद्र।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत जनपद सोनभद्र के विकास खंड चोपन में खण्ड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल तथा सहायक खंड विकास अधिकारी सुनील पल द्वारा राजस्व गांव स्तर पर चल रहे जन जागरूकता कार्यक्रम को जैसे नुक्कड़ नाटक स्वच्छता मेला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक इस सामग्री जैसे लिफ लेट पंप लेट पोस्ट कैलेंडर वितरण कार्यक्रमों की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर गांव की तरफ रवाना किया गया इसके साथ बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 में जैविक खाद ,सूखा कचरा ,गीला कचरा का प्रयोग नालियों की साफ सफाई वह शुद्ध पानी पीने के बारे में ,पानी के रखरखाव ,पानी से होने वाले जल जनित बीमारियों एवम् खुले में शौच के बारे में जैसे मच्छरों व उनके लोगों का उन्मूलन तथा 11 हैंडपंप से पानी पीना,जल स्रोत एवं पीने के पानी का उचित रख रखाव व सुरक्षित उपयोग जल निकासी का उचित प्रबंध, हाथ धोने तथा पाइप पेयजल आपूर्ति नल से जल योजना के बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण जन समुदाय को अवगत कराते हुए सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित करके ग्रामीण स्तर पर जागरूक किया जाएगा इस मौके ब्लॉक के अन्य आधिकारीगण उपस्थित रहे तथा सहायक जिला समन्वयक श्री अतुल सिंह , श्री आशुतोष तिवारी जी तथा समस्त इन्फो टेक सेल्यूशन की टीम उपस्थित रही।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक की मौत

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** थाना श्रीदत्तगंज अंतर्गत ग्राम केराव गढ़ निवासी श्याम सुंदर पुत्र किन्नन उम्र 45 वर्ष को उतरौला बलरामपुर मार्ग के अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत ,शव को पी एम के लिए भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बताया कि श्याम सुंदर पैदल अपने घर जा रहे उतरौला बलरामपुर मार्ग ग्राम गुलवरिया के निकट अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे श्याम सुंदर गम्भीर रूप से घायल हो गए 108 एम्बुलेंस से सी एच सी भेजा गया वहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेजा जा रहा है ,पुलिस छान बीन कर रही है।

### युवतियां हुई लापता, परिजनों ने भगा ले जाने का लगाया आरोप

**जालौन (उरई)।** नगर के अलग मोहल्ले से युवतियां कहीं चली गयी है। बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस युवतियों की तलाश कर रही है। नगर के एक मोहल्ला से छात्रा एमए की परीक्षा देने गयी थी। छात्रा परीक्षा देकर 13 फरवरी से घर वापस नहीं लौटी है। बेटी के 4 दिन गायब होने से परिवार के लोग परेशान हैं। परिवार के लोग राजेन्द्र नगर निवासी युवक हिमांशु पर बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी घटना में चिमनदुवे निवासी शौकीन नगर के एक युवक को बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है। युवती के पिता ने बेटी को भगा ले जाने की पुलिस से शिकायत की है। युवतियों के अलग-अलग स्थान से गायब होने की शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा मोबाइल व अन्य माध्यमों से लोकेशन खंगाला रही है।

### एमएसबी कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने पद से दिया इस्तीफा

**कालपी (जालौन)।** एमएसबी इण्टर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुशील द्विवेदी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रबंधन ने इस पद की जिम्मेदारी सुनील शाक्य को सौंप दी है। हालांकि उनका इस्तीफा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। मालूम हो कि काफी अर्से से एमएसबी इण्टर कालेज में कोई स्थाई प्रधानाचार्य नही है प्रबंधन वरिष्ठता के आधार पर यह जिम्मेदारी कालेज के शिक्षकों को देता आ रहा है जिसके चलते गत वर्ष शिक्षक सुशील द्विवेदी को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया था लेकिन वह इस पद को लेकर असहज महसूस कर रहे हैं थे शायद विद्यालय प्रबंधन के साथ उनकी पटरी नहीं बैठ रही है और इसी के चलते उन्होंने 30 जनवरी को इस पद की जिम्मेदारी निभाने में असमर्थता व्यक्त कर इस्तीफा सौंप दिया था जिसे विद्यालय प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया था और इस पद की जिम्मेदारी शिक्षक सुनील शाक्य को सौंप दी है। सूत्रों की माने तो शिक्षक सुशील द्विवेदी ने पद से इस्तीफा देने में अपनी बीमारियों और घरेलू जिम्मेदारियों को कारण बताया हो पर शायद सही नहीं है और उन्होंने विद्यालय की आंतरिक समस्याओं से निजात पाने के लिए यह कदम उठाया है फिलहाल कुछ भी हो लेकिन उनका इस्तीफा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डीएम, एसपी ने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की ली जानकारी

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



कारागार का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एसपी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओ के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। उन्होंने बंदियों मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार परिसर में साफ सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई होने चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान न पहुंचे इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाये, इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, जेलर प्रदीप कुमार, उप जेलर तारकेश्वर सिंह सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक श्री बाराही देवी मेला का शुभारंभ

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**ऐतिहासिक और** हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक श्री बाराही देवी मेला विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार को किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल व ईओ सीमा तोमर ने उद्घाटन करने के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना की और मजार पर चादर चढ़ाई। नगर तथा क्षेत्र के ऐतिहासिक मेला एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल, ईओ सीमा तोमर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने मां बाराही देवी मंदिर पर जाकर पूजा अर्चना के बाद मजार पर चादर चढ़ाई। मेला का शुभारंभ होने के बाद मंच पर का मां सरस्वती मां की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मेला के शुभारंभ के साथ ही मेला आयोजन में सहयोग करने वाले सभासदों का ईओ, अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने मेला चौकी प्रभारी गोविंद सक्सेना को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने कहा कि यह मेला नगर और क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर है। मेला को और विकसित किये जाने पर बल देते हुए कहा कि मेला में कबड्डी, कुश्ती जैसी प्रतियोगिता को जीवित रखना होगा। इस मेले को विकास प्रदर्शनी का रूप दिए जाने से अब इस मेले का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर एसआई देवेन्द्र कुमार, जेई प्रवीण कुमार, रविन्दर सलूजा, ललित शुक्ला, मनुराज तिवारी, रवि कुशवाहा, शिवराम जाटव, विकास श्रीवास्तव, रमाकांत प्रजापति, अन्नू शर्मा, सरला देवी, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**राबर्टसगंज विकास** खंड के चुर्क न्यायपंचायत अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय खडेहरी प्रांगण में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की मंडल उपाध्यक्ष और विकास खंड राबर्ट्सगंज की ए आर पी आशा भारती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत करके अतिथियों के स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी , निपुण बनाएंगे अपना गांव, आदि बोल के गीत आकर्षण का केंद्र रहा तो नुक्कड़ नाटक ने लोगों का दिल जीता । बतौर मुख्य अतिथि आशा भारती ने कहा कि आज परिषद का विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर रहा है। उन्होने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील किया जिससे शिक्षक अति शीघ्र सम्पूर्ण विद्यालय को निपुण बना सकें। प्रधानाध्यापिका किरनबाला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान संध्या सिंह, सुधा , शशि सिंह शिक्षिकाओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधा रानी ने किया।

# चेयरमैन ने सीसी सड़क का किया शिलान्यास नगर का विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता

- सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए हो रहा विकास

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**स्थानीय नगर** पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रितनगर में शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना करते हुए किया। सीसी सड़क निर्माण के शिलान्यास का कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर में विकास कार्य अपनी प्रगति पर है तथा नगर पंचायत नगर के विकास कार्यो को करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास परक योजनाओं का लाभ सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए बगैर किसी भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सभी कार्य कराए जा रहे हैं नगर पंचायत चोपन विकास के परिदृश्य पर एक नया आयाम स्थापित करेगा आगे नगर में और भी कई विकास कार्यो का शिलान्यास करना है जो जल्द ही कराया जायेगा। बता दे कि यह कार्य नगर विकास योजना के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रीतनगर में एएमआरएफ सेंटर के पास तक बनना प्रस्तावित है। इस मौके पर सभासद रामपरिखा विश्वकर्मा, दिव्यविकास सिंह, गणेश गौड़, अमित सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, राजेंद्र अग्रहरी, अनीश अहमद, लिपिक अंकित पांडेय, मंसूर आलम, हर्ष जैन, बंटी सिंह, जितेंद्र पासवान, निशांत सिंघल, संजय शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### धड़ल्ले से हो रहा प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग जिम्मेदार बने मूकदर्शक

**जालौन (उरई)।** नगर में पॉलिथिन बंदी का असर धीरे धीरे बेअसर होता नजर आ रहा है। नगर में दुकानदार धडल्ले से प्रतिबंधित पोलिथिनों का प्रयोग कर रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। पर्यावरण के लिये खतरा बनी पोलिथिन पर न्यायालय द्वारा 2018 में रोक लगा चुकी है तथा इसे बंद हुए 5 वर्ष बीतने को है। न्यायालय द्वारा रोक लगाने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने सख्ती दिखाई थी तथा बाजार में घूम कर पोलिथिन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर अर्थ दंड वसूल किया गया। समय के साथ नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार न्यायालय के इस निर्णय को भी भूलने लगा है। बाजार में अधिकांश दुकानदार पोलिथिन का प्रयोग कर रहे हैं। खुले आम बाजार में पोलिथिन की बिक्री व प्रयोग हो रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बबना विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 17/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बबना द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/02/2024 से 24/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम गढ़िया में रक्षपाल के घर से कोटेदार की चौपाल तक नाली/सीसी कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा | 386052 | 7740 | 500 | 2 माह |
| 2- | ग्राम गढ़िया में सीसी रोड से राजीव के घर तक नाली/सीसी कार्य | | 164649 | 3300 | 500 | 2 माह |
| 3- | ग्राम नगला मन में शौक सिंह के घर से मंगल सिंह के घर तक नाली/सीसी कार्य | | 373156 | 7464 | 500 | 2 माह |
| 4- | ग्रा0पं0 में राशन की दुकान का निर्माण कार्य | | 697221 | 13945 | 500 | 2 माह |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सीता देवी) — ग्रा0पं0 बबना, नवाबगंज — सचिव (प्रमोद कुमार)


# कड़ी सुरक्षा

कड़ी सुरक्षा के बीच नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पुलिस प्रशासन दृढ़ संकल्पित

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच कर लिया जायजा

- परीक्षा केन्द्रों पर लगे जैमर, सीसीटीवी की निगरानी में हो रही परीक्षा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**जनपद में** सुबह 10 बजे से यूपी पुलिस अभ्यर्थियों की परीक्षा शुरू हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा भी सुबह से ही लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर एवं एग्जाम रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा सके। जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सभी अभ्यर्थी समय से पहले ही अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री मिली। प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्थाओं के बीच प्रथम पाली की परीक्षा अपने निश्चित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से शुरू होने के साथ ही सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने एसआर पब्लिक स्कूल, मॉर्निंग स्टार इंटर कॉलेज, रामजीलाल पाण्डेय इंटर कॉलेज में परीक्षा के दौरान निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पुलिस भर्ती के लिए बनाए गये 14 केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी। जनपद में यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा दो दिन और चार पालियां में संपन्न कराई जाएगी। यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### बैंडबाजों के साथ निकाली गयी कलश यात्रा ने गांव का किया भ्रमण

**जालौन (उरई)।** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम कैथवां स्थित हनुमान मंदिर पर किया जा रहा है। जिसके पहले दिन गांव में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। डीजे व बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति से ओतप्रोत होकर झूमे। क्षेत्रीय ग्राम कैथवां में हनुमान मंदिर पर श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन मंदिर परिसर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। एकत्रित महिलाओं ने विधि विधान से कलश में जल भरा और उन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का शुभारंभ किया। कथाव्यास पंडित सतीश अवस्थी की अगुवाई में कलश यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों से होकर कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुनों पर श्रद्धालु नाचते थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत श्रृंगीरामपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2023-24 — दिनांक 17/02/2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत श्रृंगीरामपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 18/02/2024 से 24/02/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/02/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 18/02/2024 से 24/02/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | श्रीकृष्ण के घर से डॉक्टर जसवंत के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 360048.92 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामेश्वर के घर से सुभाष के घर तक सीसी निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2,72000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रक्षपाल के घर से राजबहादुर के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,90000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मिन्टू के घर से अशोक के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3,10000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अवनीश उर्फ पिन्टू यादव) — सचिव (आलोक दुबे)

ग्राम पंचायत श्रृंगीरामपुर विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।

# डीआईजी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

- पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन कन्नौज पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर जोगेन्दर कुमार ने केन्द्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने कन्नौज पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर जोगेन्दर कुमार ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि जिले में 17 और 18 फरवरी को पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गये हैं। परीक्षा को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिले का पुलिस एवं जिला प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर जिले में 10 केन्द्र बनाए गये हैं। सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी हो रही है। पुलिस एवं जिला प्रशासन के कड़े निर्देश हैं कि कहीं गड़बड़ी हुई तो सख्त कार्रवाई होगी। शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस कन्नौज पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर जोगेन्दर कुमार ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने परीक्षा केन्द्रों में लगे कैमरो, सुरक्षा उपकरण आदि का गहनता से निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षकने फील्ड में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा है कि यदि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो फील्ड में मौजूद पुलिसकर्मी को पता चलते ही ऐसे अभ्यर्थी की हर संभव मदद कर समय से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचने में सहायता करें। अभ्यर्थी को ट्रैफिक्र की समस्या ना होने पाये इस हेतु परीक्षा केंद्र वाले प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक्र पुलिस की तैनाती की गई है जो जाम से निपटने का काम करेगी।

# लोकसभा चुनाव की सफलता के लिये जुटे कार्यकर्ता: अमन खॉन

- नव मनोनीत सयुस प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत, बनाई रणनीति

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी नेतृत्व द्वारा नगर निवासी अमन खॉन की संगठन के प्रति कार्यकुशलता व निष्ठाभाव के चलते समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड गई। युवा सपा नेता अजीम सिददीकी ने नव मनोनीत सयुस प्रदेश सचिव के आवास पर पहुंचकर जोरदार स्वागत किया। शनिवार को नगर के जीटी रोड स्थित आवास कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे युवा सपा नेता अजीम सिददीकी ने नव मनोनीत समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव अमन खॉन को फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके उपरान्त आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की। इस दौरान कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण जनता का भाजपा से मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जी जान से जुटकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियों व नीतियों की जानकारी देकर जागरूक करनें के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर शादाब खॉन, अनीश खॉन, जाकिर, आमिर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सयुस प्रदेश सचिव का स्वागत करते युवा सपा नेता

# पीएचसी के जर्जर भवन में मरीज देखने को मजबूर चिकित्सक

- नगर के पीएचसी के जीर्णोद्धार की आस लगाये नागरिक

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भले ही** राज्य सरकार द्वारा जनपद के विकास के लिये करोणों रुपयों का बजट पास कर दिया गया हो लेकिन नगर गुरसहायगंज के मुख्य चौराहे जीटी रोड पर स्थित पनगवां ट्रस्ट की भूमि पर सरकार द्वारा संचालित वर्षो पुराना नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शासन व स्वास्थ्य विभाग तथा राजनेताओ की अनदेखी उदासीनता तथा सुविधाओ के अभाव के चलते जर्जर और बदहाल हालत मे वर्षो से पहुंच चुका है। बताते चलें कि खस्ता हाल अस्पताल भवन मे मरीजो की सुविधा के लिये कोई भी चारपाई तथा मरीजो का भर्ती रूम की सुविधा न होने के साथ ही बरसात के मौसम मे कर्मचारियों और चिकित्सक आवास तथा एएनएम का आवास और पेशाब घर व शौचालय सुविधाओ के अभाव के चलते अनदेखी और अपेक्षा के कारण पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके है। अस्पताल मे लगा हैण्डपम्प लगने के समय से ही खराब पड़ा है अस्पताल के प्रांगढ मे टूटे आवासो का कचड़ा तथा डाले जाने वाला कूड़ा और कचड़ा अस्पताल की दुर्दशा को और भी अधिक खराब बना रहा है। वहीं निजी गाड़ी मालिक गाड़ियो को लाकर खड़ा कर देते है जिससे प्रसव के लिये आने वाली महिलाओ और उनके तीमारदारो को बड़ी कठिनाइयां होती है। अस्पताल भवन के साथ ही सभी कमरे जर्जर होकर खडडर बन चुके है। जर्जर भवन में मरीजों को चिकित्सकीय सुविधायें मुहैया कराने वाले चिकित्सक व स्टाफ भी डर कर कार्य कर रहे हैं। सत्ताधारी नेताओ के लिये यह अस्पताल आयना बन चुका है। जबकि कोरोना काल में मरीजों की देखरेख के बनाये गये नवीन कक्ष को अभी तक विभाग को हैण्डओवर नही किया गया है। जिससे चिकित्सक व स्टाफ जर्जर भवन में मरीजों को देख रहे हैं।



पीएचसी का जर्जर भवन व हैण्डओवर के इंतजार में नया कमरा — समृद्धि न्यूज


# निगरानी के बीच हुई संस्कृत बोर्ड की परीक्षा

- संस्कृत शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 13 कार्यदिवस में होंगी सम्पन्न

**गुरसहायगंज,कन्नौज। समृद्धि न्यूज़**

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाएं 15 से 29 फरवरी तक 13 कार्य दिवसों में सम्पन्न कराई जाएगी

शनिवार को नगर के राधा देवी आदर्श संस्कृत उण्मा विद्यालय में भी परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं जिसमे उत्तर मध्यमा प्रथम खंड के जीव विज्ञान की परीक्षा में 68 परीक्षार्थियों में से 52 परीक्षार्थी उपस्थित रहे पर्यवेक्षक अर्चना यादव ने छात्र.छात्राओं की सदन तलाशी के बाद परीक्षा प्रारंभ कराई इस मौके पर केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र सिंहए सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठीए पर्यवेक्षक अर्चना यादव आदि मौजूद रहे।



संस्कृत विद्यालय में परीक्षा देते छात्र व छात्राएं

# खबरें चलते-चलते

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर की आवाश विकास कॉलोनी निवासी युवक जो अपने मित्रों के साथ श्री अयोध्या धाम दर्शन हेतु गया था वापस आते समय ट्रेन से गिर गया जिसे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। आवास विकास कालोनी निवासी महेश चन्द्र शुक्ला का 32 वर्षीय पुत्र श्रीकांत स्वरुप शुक्ला दिनांक 9तारीख को 5 मित्रो के साथ पद यात्रा करके श्रीआयोध्या धाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दर्शन करने गये थे वहां पर दर्शन करने के बाद दो दिन पहले अपने रिश्तेदार के घर कानपुर रुक गये वहां से आज सुबह कानपुर मे आईआईटी के सामने ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। कल्याणपुर से जीआरपी पुलिस द्वारा लखनऊ मे पुलिस मे नियुक्त अपने दोस्त मानेश्वर यादव को दी जब जाकर युवक की शिनाख्त हो सकी जैसे ही इसकी सूचना परिजनो को मिली वैसे ही मिलने वालो का उनके आवास पर भीड उमर गई और परिजन कानपुर के लिए चले गए। विधिक हो की मृतक दो भाई थे और इनके बड़े भाई गाजियाबाद मे रहते थे घाट की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम छा गया आनद फालन पर घटना स्थल के लिए रवाना हुए।

## शकील शेख भारतीय किसान यूनियन प्रधान को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया



**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के युवा प्रदेश अध्यक्ष मोहित यादव ने शहर के मोहल्ला विरतिया के शकील शेख को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया उन्होंने कहा कि जो युवा प्रदेश अध्यक्ष जी ने जो दायित्व मुझे सौपा है उसे पर हम खरा उतरने का प्रयास करेगें और संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे हमारा संगठन ऊंचाइयों तक पहुंचे उसी से हम सभी का हित होगा शकील शेख को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर शहर में खुशी की लहर दौड़ गई सभी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रधान के संगठन को काफी मजबूत बनाया जा रहा है जिससे आने वाले समय का पूरा लाभ मिल सके।

## नये-नये आइडिया के साथ उद्योग में बदलाव करना होगा: मंडलायुक्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को जिले के भ्रमण पर आये मंडलायुक्त, कानपुर मंडल, कानपुर अमित गुप्ता ने तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कालेज के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित एक दिवसीय उद्यम संवाद कार्यक्रम में युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 10 लाख करोड़ का निवेश प्रारम्भ होने जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इतना बड़ा निवेश उत्तर प्रदेश में हो रहा है, जिससे भारी संख्या में लोगो को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वयं का बिजनेस करने से तरक्की की संभावनायें होने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार मिलता है। छोटा हो या बड़ा प्रत्येक कार्य को लगनशील होकर करना चाहिए। अधिकांश लोगों को अपनी क्षमताओं को नहीं पता रहता। कहा कि अपने काम में मन लगाकर कार्य करें और नए-नए आइडिया को बढ़ावा दें, तभी अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। काम को आसान करने को ही स्टार्टअप कहते हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रैक्टिकल नॉलेज से कठिन कार्य को आसानी से कर सकते हैं, जो प्रैक्टिकल नॉलेज कभी-कभी पढ़े-लिखे लोगों के पास नहीं होता। उन्होंने कहा कि नये नये आइडिया के साथ उद्योग में बदलाव करना होगा जिससे अच्छा रोजगार चले, रोजगार मिले और आय में वृद्धि हो सके। कहा कि आज जो बड़े उद्योग चला रहे हैं वह छोटे उद्योग से शुरुआत करके उन्होंने लगन के साथ मेहनत कर छोटे उद्योग को बड़े रूप में बदला है, जो लोग रोजगार शुरू करना चाहते हैं, उद्योग विभाग से संपर्क कर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं।

# भाकियू (प्रधान) के मण्डल अध्यक्ष बने शिवदत्त



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन प्रधान के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रजीत यादव एडवोकेट ने शिवदत्त तिवारी एडवोकेटको मंडलअध्यक्ष झांसी विधि प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त किया इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सचिवआलोक दीक्षित एडवोकेट अभिषेक दुबे एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव जिला सचिव यादवेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट उमेंद्र सिंह यादव एडवोकेट सुखेंद्र सिंह एडवोकेट सुधाकर अग्निहोत्री एडवोकेट गोविंद पांडेय एडवोकेट विकास वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर ने गरीबों और शोषितों के लिए संघर्ष किया: नवाब सिंह

- भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वी पुण्य तिथि पर चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर डाला गया प्रकाश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**भारत रत्न** से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वी पुण्य तिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय परिसर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में आयोजित हुए कार्यक्रम में शामिल हुए शहर के गणमान्यजनों ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक गरीब किसान के घर जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म हुआ था। उनके पिता पेशे से एक नाई थे, जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन में गरीब और अमीर को लेकर बहुत प्रभाव पड़ा था, यही कारण था उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब पिछड़े शोषित के लिए जीवन भर संघर्ष किया। श्री यादव ने बताया कि एक बार चौधरी चरण सिंह उनके घर गए, उनका सिर घर में घुसते समय चौखट में लग गया, उन्होंने कर्पूरी ठाकुर से घर बनवाने के लिए कहा। जवाब में जननायक कर्पूरी ठाकुर ने कहा कि जब तक हमारे प्रदेश के एक-एक गरीब किसान शोषितो का घर नहीं बन जाता तब तक मेरा घर ऐसा ही रहेगा। उनके समय में ही बिहार में सबसे पहले शराबबंदी हुई थी। वे प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री हुए और सांसद भी रहे, लेकिन जब भी चुनाव लडे तो उनके पास चुनाव लडने के लिए पैसे नहीं होते थे। तब आम जनता चंदा करके उनको चुनाव लडवाती थी और चुनाव जितवाती थी। उनकी जब मृत्यु हुई तब हेमवतीनंदन बहुगुणा उनके घर गए तो उनके घर को देखकर रो पड़े। श्री यादव ने कहा कि ऐसे ईमानदार व्यक्ति से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए और आज उनकी पुण्य तिथि पर ये संकल्प लें कि उनके बताए गए मार्ग पर चलने का काम करेंगे। इस मौके पर रमेश यादव, विश्वनाथ कुशवाहा, अमित मिश्रा, धर्मवीर पाल, हरिपाल राजपूत, इंतजार अहमद, नंद कुमार कुशवाहा, सौरभ शर्मा, दीपक, रानू सक्सेना, विमलेन्द्र यादव, संकल्प दुबे, सुरजीत यादव, अखिलेश यादव, हर्ष कनोजिया, ज्ञानेन्द्र, भूरा यादव, प्रदीप कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने बैंकों में चेकिंग अभियान चलाकर खोजे संदिग्ध

- कस्बा प्रभारी ने बैंक अधिकारियों से ली सुरक्षा के संबन्ध में जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**लूट एवं** टप्पेबाजी के घटनाओं की रोकथाम के लिये उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर की बैकों में चेकिंग अभियान अभियान चलाकर जहा एकओर संदिग्धों की खोजबीन की तो वही दूसरी ओर बैंकों में मौजूद उपभोक्ताओ को साईबर ठगी की जानकारी देकर जागरुक किया गया।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन एवं प्रभार निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह ने दल बल के साथ नगर के तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया, रामगंज स्थित स्टेट बैंक एसएमई शाखा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा में पहुंचकर बैंक में खड़े लोगों से पूंछताछ भी की। इस दौरान उन्होनें मौजूद उपभोक्ताओ को साईबर ठगी के बारे अवगत कराते हुये किसी भी अनजान व्यक्ति को खाते से जुडी जानकारी साझा न करनें के लिये प्रेरित किया साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना देने की भी अपील की है। इसके बाद उन्होनें आगंतुक रजिस्टर का निरीक्षण कर बैंक अधिकारियों से बैंक की सुरक्षा के संबन्ध में जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ कांस्टेबल दीपांशु गंगवार, अमन सिंह, गजेन्द्र सिंह, अमन कुमार, विनय कुमार, राघवेंद्र आदि मौजूद रहे।



बैंक मे आगंतुक रजिस्टर चेक करते कस्बा प्रभारी — समृद्धि न्यूज

# जो किसान की बात सुनेगा, वही देश पर राज करेगा: अवधेश

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**लिटल स्टार** गेस्ट हाउस में संपन्न हुई भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा जो किसान की बात सुनेगा वही देश पर राज करेगा। किसानों की परीक्षा करके कोई भी सरकार सफल नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा भारतीय किसान यूनियन अवधेश किसानों के बीच देश का सबसे लोकप्रिय संगठन है। इसमें सदस्यता के नाम पर कोई पैसा नहीं लिया जाता है इसी वजह से प्रतिष्ठित लोग बड़ी संख्या में इस संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने नए पदाधिकारियों को 15 दिन के अंदर अपनी कमेटियां गठित करने का निर्देश देते हुए कहा हम निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने के साथ आप सबको भी आगे बढ़ने व अपनी बात संगठन के माध्यम से रखने का मौका देते हैं। आप सब गलत कार्यो से दूर रह कर संगठन का प्रचार प्रसार करके इसको आगे बढ़ाने का कार्य करें और संगठन की नीति के अनुसार चलें। इसके अलावा विनोद यादव, वेद प्रकाश राठौर, अशोक यादव, अश्वनी मिश्रा व जितेंद्र पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करने व हुए विनोद यादव को राष्ट्रीय संरक्षक और संगठन का सलाहकार, वेद प्रकाश राठौर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, अशोक यादव को राष्ट्रीय महा मंत्री व्यापार प्रकोष्ठ, आशीष सक्सेना को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, विनीत कुमार (टिंकू) को युवा जिला उपाध्यक्ष, गोपाल जी गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष युवा, राजेश कुमार शाक्य को जिला मंत्री, राम जी शुक्ला व आनंद को जिला उपाध्यक्ष युवा, टिंकू बाथम को जिला संगठन मंत्री युवा, सूरज दुबे को जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, सुनील कुमार को जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी, राम बरन प्रजापति को जिला सचिव, शीलेन्द्र सिंह को जिला सचिव, अमित गुप्ता अंशू को तहसील उपाध्यक्ष छिबरामऊ, रितिक को नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ, श्याम जी वर्मा को नगर मंत्री, रितिक वर्मा नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ, वीरेंद्र सिंह राठौर को नगर उपाध्यक्ष कसाबा मनोनीत किया गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में हुई पंचायत में सनी खान व पल्ली पांडेय राष्ट्रीय महा सचिव, अविनाश सक्सेना राष्ट्रीय महामंत्री, ज्ञान प्रकाश वर्मा, अखिलेश दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष, पवन तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अजीत पांडेय उर्फ पिंकी पांडेय प्रदेश सह सयोजक, शिवराम सिंह सेंगर मंडल मंत्री, गोपाल दुबे मंडल उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष कन्नौज राम मनोहर पाठक, सुनील कुमार शाक्य जिला संयोजक, नीलू सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा, संध्या पाल तहसील उपाध्यक्ष महिला, जयदीप कश्यप ब्लॉक उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सुनील शाक्य जिलाध्यक्ष मैनपुरी युवा, मन्नू खान जिला सचिव, आशीष सिंह(आशु) जिला संगठन मंत्री, कौशलेंद्र सिंह व कार्यालय प्रभारी संजू मैनेजर और शिबू उपस्थित रहे। सभी नव नियुक्त व पुराने पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया गया। सभी ने संकल्प लिया कि हम लोग निरंतर किसान हित में कार्य करते रहेंगे।



# पुलिस भर्ती परीक्षा: जनपद के 35 केंद्रों पर कुल 28004 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

- 7276 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, 35280 युवक युवतियों ने परीक्षा में किया था आवेदन
- दो पालियों में हुई परीक्षा, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी ने कई केंद्रों का किया निरीक्षण
- परीक्षार्थियों की हुई बायोमेट्रिक चेकिंग, परीक्षा केंद्रों पर लगाये गये थे सीसीटीवी कैमरे



परीक्षार्थियों की चेकिंग करता शिक्षक समृद्धि न्यूज



परीक्षा केंद्र का जायजा लेते एसपी समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनपद में** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से तीसरी आंख की निगरानी में सम्पन्न हुई। इस दौरान परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेने के बाद ही कक्ष में प्रवेश करने दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने भी कई केंद्रों पर जाकर परीक्षा का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए करीब 35 केंद्र बनाये गये। जिसमें मुख्य रुप से बद्री विशाल डिग्री कॉलेज, गायत्री इंटरनेशनल स्कूल, क्रिश्चियन इंटर कालेज, माडर्न पब्लिक स्कूल, दुर्गा नारायण डिग्री कालेज, जीआईसी बालक फतेहगढ़, जीआईसी बालिका फतेहगढ़, एनएकेपी डिग्री कालेज समेत 35 केंद्र शामिल हैं। परीक्षा में कुल 17640 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें 14071 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3569 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 17640 में 13933 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 3707 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हालांकि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने पहले ही बैठक लेकर आदेश दिये थे। जिसके चलते परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक चेकिंग करने के बाद ही परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। परीक्षार्थियों को परीक्षा से संबंधित सामग्री के अलावा अन्य किसी भी तरह की वस्तु को ले जाने की अनुमति नहीं दी गयी। परीक्षा केन्द्रों पर इंटरनेट सेवा बाधित रहे इसके लिए जैमर लगाए गए हैं। साथ ही सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये, ताकि परीक्षा के दौरान कोई गड़बड़ी न हो सके। सेक्टर मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी समेत एसएचओ अपने-अपने क्षेत्र के केन्द्रों पर लगातार भ्रमणशील रहे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने भी परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई। पहली पाली 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली 3 बजे से 5 बजे तक रही। उन्होंने बताया कि परीक्षायें शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। किसी भी केंद्र से कोई गड़बड़ी का समाचार नहीं मिला है।

# जानलेवा हमले में तीन भाइयों समेत चार को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जानलेवा हमले** के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू, लटूरी, चिन्टू व नीलू को दोषी करार देते हुए सभी को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के गैसिंगपुर निवासी महेन्द्र चन्द्र पुत्र ज्ञानी प्रसाद जाटव ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया था कि 30 जनवरी 2010 को सुबह करीब 8 बजे मैं और मेरी पत्नी देवरानी व मानसिंह पुत्र श्रीराम चन्द्र व रामआसरे पुत्र रैवारी लाल के साथ गंगा नहाने जा रहे थे। जैसे ही प्राथमिक स्कूल के पास पहुंचे, तभी गांव के धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू, लटूरी, चिन्टू पुत्रगण नन्हे सिंह व चिक्कू का साला नीलू मिले और कहने लगे कि मेरी तरफ बहुत देखता है। इस दौरान आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने नाजायज असलाहों से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली मेरे पैर में लगने से मैं गंभीर रुप से घायल हो गया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों से एक वर्ष पूर्व पुत्री के विवाह में विवाद हो गया था। उसी के कारण आरोपी रंजिश मानते थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 307/34, 504 व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू, लटूरी, चिन्टू व नीलू को धारा 307/34 द0प्र0सं0 में दोषी करार आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपया अर्थदण्ड व धारा 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में सभी को आजीवन कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वहीं अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू को धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अपराध के लिए दो वर्ष का कारावास व 5000/- रुपये अर्थदण्ड से दाण्डित किया है।

## खबरें चलते-चलते

### सीएचसी में नर्स को रिश्तेदार महिला ने पीटा, एनसीआर दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अस्पताल परिसर में अचानक हुई मारपीट से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने लायी। नर्स की सूचना पर विपक्षी महिला के विरुद्ध पुलिस ने एनसीआर दर्ज की है। कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज अचानक मारपीट तब होने लगी जब नर्स अंगूरी देवी अपना सरकारी कामकाज कर रही थी। अचानक मारपीट की सूचना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। मारपीट की सूचना तुरंत ही अस्पताल कर्मियों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को लेकर थाने आई। वही अंगूरी देवी नर्स ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया की प्रीति देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी पूर्वी गेट ताजमहल आगरा जो उनके रिश्ते में भौजाई है, जो आए दिन उनसे मकान अपने नाम करवाने की बात कहती रहती है। आज वह अचानक सीएचसी में पीड़िता के साथ मारपीट करने लगी। मारपीट के बाद पीड़िता थाने आई और प्रीति देवी पत्नी विनोद कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने अंगूरी देवी नर्स की तहरीर पर प्रीति देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी पूर्वी गेट ताजमहल आगरा के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर धारा 151 में चालान कर दिया।

### कार चालक ने बाइक में मारी टक्कर, शिक्षक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज से बाइक से आ रहे शिक्षक को कार सवार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला दुर्गू निवासी आदित्य यादव उर्फ सुनील यादव पुत्र पवन सिंह यादव गांव सोना जानकीपुर में शिक्षक के पद पर तैनात है। वह अपने किसी कार्य से कायमगंज गए हुए थे, तभी वापस आते समय उनकी बाइक में मंझना हाजीपुर के बीच कार डिजायर जीजे12एफ सी 4623 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक मौके पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन तभी वहां मौजूद एक युवक ने शिक्षक के घर पर फोन कर दिया। फोन से सूचना पाकर शिक्षक के भाई विजेंद्र सिंह प्रधान ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना पुलिस ने कस्बा नवाबगंज चौराहे पर कार को रोक लिया और कार को पुलिस थाने लेकर आई। वहीं कार चालक करहल मैनपुरी क्षेत्र का बताया जा रहा है। खबर लेकर जाने तक कार चालक पुलिस की हिरासत में था।

### ट्राली के पहिये से दबकर बालिका की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ट्राली के पहिए से दबकर बालिका की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। बालिका की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। क्षेत्र के गांव बिल्सड़ी निवासी लालू जाटव की पांच वर्षीय पुत्री सपना शनिवार शाम घर के बाहर गांव के बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी समय गांव का एक व्यक्ति अपने ट्रैक्टर को मोड़ रहा था। पीछे खेल रही बालिका अचानक ट्राली के पहिए के नीचे दब गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतका चार भाई बहिनों मनीष, जिगर व शिवानी में दूसरे नंबर की थी। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइकों की भिड़ंत में जीजा साली घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर अचरा निवासी बबलू यादव उम्र 28 वर्षीय पुत्र ग्यादीन यादव अपनी ससुराल मुरैठी थाना शमशाबाद से साली नन्दनी पुत्री सूरज यादव को बाइक पर बैठालकर कायमगंज बाल गोपाल हॉस्पीटल में बच्चे को देखने आ रहा था। जैसे ही वह ग्राम बरझाला थाना कायमगंज के निकट पहुँचा, तभी बाइक चालक ने उसकी बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार जीजा साली घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर बबलू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**



मृतक गणवेश का फाइल फोटो



कायमगंज सीएचसी में भर्ती गणवेश समृद्धि न्यूज

**लोडर की** टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। स्वजन इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिवारा खास निवासी मुन्ना लाल का 22 वर्षीय पुत्र गवणेश शुक्रवार देर रात किसी रिश्तेदार को लेने के लिए बाइक से कंपिल आ रहा था। कंपिल-सिवारा मार्ग पर गांव सवितापुर के निकट लोडर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक लोडर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उसके फोन से स्वजनों को सूचना दी व एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया गया। स्वजन उसे देर रात किसी निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। पुलिस बाइक व लोडर को थाने ले आयी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक तीन भाइयों मंगली व हरिश्चंद्र में सबसे बड़ा था। मृतक की मां मार्गश्री रो-रोकर बेहाल हो गयी। कार्यवाहक थाना प्रभारी शिव बहादुर सिंह ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहरा निवासी अवधेश बाथम ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि वह अपने पिता धर्मवीर को खाना खाने के लिए बुलाने गया था। जैसे ही मैं गॉव में पिता को बुलाने जा रहा था, तभी रास्ते में शराब के नशे मे खड़ा कल्लू मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर कल्लू ने मेरे साथ लाठी- डन्डों से पिटाई कर दी। जिससे मेरे दोनों पैर व हाथों में काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मेडीकल परीक्षण करवाया।

## शौचक्रिया के लिए घर से निकली युवती को दबंग ने दबोचकर किया दुष्कर्म

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**घर में** मां के साथ सोई युवती को दबंग ने शौच जाते समय रास्ते में युवक ने दबोच लिया और पास में बंद पड़े घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पिता के साथ थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नया गनीपुर निवासी पीड़िता के पिता ने थाना पुलिस तहरीर देकर कहा कि वह किसी काम से बीते दिन कानपुर गए हुए थे। उनकी पुत्री घर पर अपनी मां के साथ सोई हुई थी। रात में वह शौचक्रिया के लिए बाहर निकली, तभी गांव के ही युवक अरमान पुत्र मैनुद्दीन ने उसको दबोच लिया और पड़ोस में बंद पड़े घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और पुत्री को घर पर लेकर आये। उनके घर पर मौजूद न होने पर थाना पुलिस को दिन में किसी ने तहरीर नहीं दी। जब वह वापस आए, तो वह पुत्री को थाने लेकर आए और थाना पुलिस को आप बीती घटना की जानकारी दी। थाना पुलिस में पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। खबर लिखे जाने तक पीड़ित पिता तथा उसकी पुत्री परिजनों के साथ थाने में बैठे हुए थे।

# चोरी के आधा दर्जन मोबाइल व एक लैपटॉप सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में आरोपी समृद्धि न्यूज

पुलिस ने चोरी के आधा दर्जन मोबाइल व एक लैपटॉप सहित दो शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस नें उनका न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष मेरापुर नवीन कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ जनपद एटा के नयागाँव सराह अगहत निवासी करन नायक पुत्र निबोध नायक तथा थाना मेरापुर निवासी मान पाल पुत्र राम निवास को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास 6 मोबाइल फोन व एक एचपी कंपनी का लैपटॉप पुलिस ने बरामद किया। पकड़ गये आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोबाइल व लैपटॉप मैनपुरी के भोगांव के एक ग्राम से चोरी किये हैं। आरोपी करन नायक पर तीन मुकदमे जिनमें एक मोहम्मदाबाद, एक भोगांव जनपद मैनपुरी व एक थाना मेरापुर में मुकदमा दर्ज है। जबकि अभियुक्त मान सिंह पर एक मुकदमा दर्ज है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुबोध यादव, का0 प्रशान्त कुमार, का0 अर्जुन सिंह, का0 संतोष कुमार मौजूद रहे।

# कैदी की हालत बिगड़ी, लोहिया में पहुंचने से पहले हुई मौत

- सूचना पर परिजनों ने लोहिया में जमकर किया हंगामा
- क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर किया शांत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



परिजनों से जानकारी करते सीओ व मौजूद कोतवाल

**कैदी की** हालत बिगड़ने पर जेल वार्डन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गयी। जिस पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने लोहिया अस्पताल में जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत किया। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार उम्र करीब 80 वर्ष पुत्र अमृतलाल मूल निवासी जनपद उन्नाव तथा हाल निवासी कानपुर नगर को हत्या के मामले में वर्ष 1970 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। बीते करीब सात वर्ष पूर्व उन्हें केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ रेफर किया गया था। जहां पर वह आजीवन सजा काट रहे थे। शनिवार को अचानक उनकी हालत बिगड़ गयी। जिस पर वार्डन बाबू शंकर व जितेंद्र कुमार उन्हें लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना जेल प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को दी गयी। सूचना मिलने पर लोहिया अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया और जेल प्रशासन पर कई गम्भीर आरोप लगाया। परिजनों का कहना था कि बीमार होने की सूचना जेल प्रशासन ने उन्हें नहीं दी। उनकी मृत्यु हो जाने पर उन्हें सूचना दी। हंगामे की खबर पर सीओ प्रदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। तब कहीं जाकर परिजन शांत हुए।

### शौचक्रिया करने गया वृद्ध गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला चिलाँका निवासी महमूद अली उम्र 70 वर्षीय पुत्र दीन मोहम्मद शौचक्रिया करने शौचालय में गये थे, तभी अचानक वह नीचे गिर गये। परिजन उन्हें सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहाँ डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# प्रभारी बीडीओ ने ब्लाक कर्मचारियों की ली बैठक, दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**




ब्लाक कर्मचारियों के साथ बैठक करते प्रभारी बीडीओ

**प्रभारी विकास** खंड अधिकारी ने चार्ज संभालते ही ब्लाक कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कर्मचारियों से परिचय भी किया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर शनिवार को प्रभारी विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ ने नवाबगंज विकास खंड कार्यालय का चार्ज ग्रहण किया। चार्ज ग्रहण कर उन्होंने समस्त स्टाफ के साथ बैठक कर विकास खंड कार्यालय पर साफ -सफाई, मनरेगा की प्रगति व अन्य कई सरकारी योजनाओं पर प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मंगलवार को सचिवों के साथ बैठक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकास का चक्का रुकना नहीं चाहिए। जो भी विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, उन्हें तुरन्त पूरा कराया जाये। विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करना होगा। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, आलोक पाठक, राहुल चंदेल मौके पर मौजूद रहे।

### स्कूली वैनों में भिड़ंत, दो छात्रायें घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** बच्चों को स्कूल लेकर जा रही दो वैन की आपस में भिड़न्त हो गयी। जिससे बच्चों में चीख पुकार मच गयी। जिसमे एक ही स्कूल की दो छात्राएं घायल हो गयीं। स्वजन उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। कोतवाली कायमगंज के गांव बिराहिमपुर जागीर स्थित एमएस सूरज अकेडमी की वैन शनिवार सुबह बच्चों को लेकर जा रही थी। उसी समय कंपिल ढमढेरा मार्ग पर सामने से आ रही एसबी आदर्श स्कूल की वैन से आमने-सामने भिड़न्त हो गयी। जिससे पदम नगला निवासी 14 वर्षीय पारुल व 12 वर्षीय सीमा गंभीर रूप से घायल हो गयीं। जिससे बच्चों में चीख पुकार मच गयी। एक वैन का चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मामले की सूचना घायल छात्राओं के स्वजनों को दी। आनन-फानन में स्वजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां छात्राओं का इलाज चल रहा है।

कार्यक्रम

## वर्ल्ड एपिलेप्सी.-डे पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुई संगोष्ठी

# प्रजेंटेशन में आरुषि प्रथम, रूपाली द्वितीय तथा श्रद्धा सचान तीसरे स्थान पर रहीं

- भावी चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




अंतरराष्ट्रीय एपिलेप्सी डे पर आयोजित प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. अंजना दीक्षित एवं अन्य शिक्षकगण

**वर्ल्ड एपिलेप्सी-डे** पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बेवर रोड के अग्निवेश सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एपिलेप्सी (मिर्गी) के कारण, सम्प्राप्ति, लक्षण, जांचें, चिकित्सा एवं रोकथाम के बारे चिकित्सक शिक्षकों ने भावी चकित्सकों को उपयोगी जानकारी दी। इस अवसर पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय एपिलेप्सी दिवस के अवसर पर सभागार में अपरान्ह 2 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भावी चिकित्सकों के ज्ञानवर्द्धन एवं उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छह भावी चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। सर्वाधिक उत्कृष्ट प्रजेंटेशन बैच 2018 की छात्रा आरूषि त्रिपाठी की रही। प्रजेंटेशन के पश्चात प्रतियोगिता के जजेज द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी उन्होंने सटीक उत्तर दिए, जबकि दूसरे स्थान पर बैच 2019 की छात्रा रूपाली रहीं। बैच 2018 की ही छात्रा श्रद्धा सचान की प्रस्तुति भी जजेज को प्रभावित करने में सफल रही और उन्हें इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान मिला। इस प्रजेंटेशन कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष रोग निदान, पीजी डीन डॉ0 देबाशीष बिस्वाल तथा काय चिकित्सा के प्रोफेसर डॉ0 निरंजन एस ने निभाई। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित, कालेज कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतूश्री एवं सभी जजेज व शिक्षकों ने विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इससे पूर्व कॉलेज कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतूश्री ने सभी भावी चिकित्सकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का बहुत महत्व होता है। जब पीजी कक्षाओं में पहुंचेंगे तब आपको इन कार्यक्रमों की उपयोगिता समझ में आयेगी। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरूवात है। इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होते रहेंगे। अन्त में प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वस्थवृत्त के लेक्चरर डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 शिवओम दीक्षित, डॉ0 भारती पांचाल, डॉ0 भाग्यश्री, डॉ0 अमृता विजयन, डॉ0 अंकिता शर्मा, डॉ0 अरीब हुसैन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अस्तबल तराई में सपा नेता ने कैम्प लगाकर सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जन समस्यायें सुनते राघव दत्त मिश्रा व अन्य समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर शनिवार को महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई का कैम्प मोहल्ला अस्तबल तराई में लगाया गया। कैम्प प्रभारी महानगर सचिव उरूज खान ने राघव दत्त मिश्रा एवं पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कैम्प प्रभारी उरूज खान, रजत क्रांतिकारी, खुर्शीद खान, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, कमल हसन, मजीद अली आदि ने आम जन की समस्यओं को सुना। जनसुनवाई में परवेज, फेज खां, सन्नू खान, मो0 शकील, गोविंद, नासिर, हसमुद्दीन, निशा खान, मुमताज, ऋषभ शुक्ला, नफीश, नन्हे खां, श्वेब समेत 21 लोंगो ने अपनी समस्यायें बताई। प्रमुख समस्याओं में लोगों ने बताया कि मोहल्ले की सड़के सही नहीं बनी है। पानी की सप्लाई टूटी होने के कारण पीने के पानी तक के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका को इस संदर्भ में सूचित किया जायेगा और जांच करायी जायेगी। इसके अलावा राशन कार्ड व वृद्धावस्था पेंशन संबंधित कुछ समस्यायें आयी।

शिकायतकर्ता को पूर्ण जानकारी से अवगत कराया और संबंधित अधिकारियों को बताया। राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि जो समस्याये रह गयी है संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# अधिवक्ताओं ने प्रदेश सचिव का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


प्रदेश सचिव का स्वागत करते अधिवक्तागण समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से मन्दीप यादव को प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किए जाने पर कचहरी परिसर में राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह चौहान एडवोकेट के नेतृत्व में समाजवादी अधिवक्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव एडवोकेट ने की। अधिवक्ता साथियों ने अपने-अपने विचार रखे। शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय से पार्टी को बल मिलेगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा मनदीप यादव को प्रदेश सचिव नामित किए जाने पर सभी अधिवक्ता काफी प्रशन्न है। इस अवसर पर अधिवक्ता सुभाष शाक्य, कुलदीप यादव, अमन वर्मा, राहुल कुशवाहा, अपर्णा मिश्रा, अर्चना शर्मा, धर्मेद्र यादव, अरविंद राजपूत, संदीप यादव, एकलव्य राजपूत, अमरजीत कश्यप, देवेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप कुमार, मानसिंह यादव, सोनपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**


श्रद्धांजलि देते सपा नेता समृद्धि न्यूज

**कस्बे के** निजी चिकित्सक के आवास पर सपाइयों ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर उन्हे याद किया। मंझना स्थित सपा नेता डॉ0 धर्मेद्र सिंह के आवास पर भारत के सामाजिक न्याय के प्रकाश स्तंभ भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सपा नेताओं ने उनके विचारों पर प्रकाश डाला तथा अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सभासद राहुल यादव, प्रधान राजीव यादव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नेहरू युवा केंद्र अमन सूर्यवंशी, शक्तिमान कठेरिया, अश्वनी यादव, नगर अध्यक्ष सुखवीर सिंह, आकाश भाटिया, विशाल शाक्य सहित सपा नेता मौजूद रहे।

## डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रुम का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**वर्ष 2024** की बोर्ड परीक्षाओं को सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में कंट्रोल रुम का गठन किया गया है। निर्धारित परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक/शिक्षक/आवंटित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को किसी भी प्रकार की समस्या एवं सुझाव हेतु निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक मो0नं0-9454457390, राम लखन पाल कंट्रोल रुम प्रभारी मो0नं0-9450109285, कंट्रोल रुम (कम्प्यूटर/सी0सी0टी0वी0 कैमरे हेतु पंकज औदिच्य मो0नं0-7905906678, अंकित दुबे मो0नं0-6386294910 आदि।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर प्रधानमंत्री का समाज के लोगों ने किया आभार व्यक्त

- पुण्यतिथि पर किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सविता समाज** उत्थान समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नाई सामज में जन्मे कर्पूरी ठाकुर बिहार सामन्तवादी व्यवस्था के बीच अपना ऐसा व्यक्तित्व के आधार गरीबों, दलितों, शोषितों आदि का जीवन स्तर, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। कर्पूरी फार्मूला के तहत उनके आरक्षण में विभाजन किया। मास्टर श्रीराम श्रीवास्तव ने कहा कि फर्रुखाबाद का सविता समाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र का आभार प्रकट करता है। कर्पूरी ठाकुर की मृत्यु के बाद भारत रत्न से सम्मानित कर सम्पूर्ण नाई समाज का सम्मान बढ़ाया है। साथ ही साथ लालकृष्ण अडवाणी, चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हाराव, स्वामीनाथन को भी भारत रत्न से सम्मानित करने से हम सभी को प्रशंसा हुई है। बैठक में रामनिवास बाथम, ओमबाबू बाथम, रामऔतार, रामसिंह राठौर, अनिल कश्यप, रामचन्द्र श्रीवास्तव, उपदेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार, राजपाल फौजी, दयाशंकर, हरीराम, सतीश चन्द्र, राकेश, उधन राजपूत, जीएल श्रीवास्तव, सोनू, अमित आदि मौजूद रहे।

# प्रधान के कार्यकाल में नहीं खुला सामुदायिक शौचालय का ताला

- महिलाएं तथा पुरुष खुले में शौच जाने को मजबूर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


प्रधान प्रतिनिधि द्वारा शौचालय में डाला गया ताला

**ग्रामीणों ने** प्रशासनिक अधिकारियों से सार्वजनिक शौचालय का ताला खुलवाकर व्यवस्थायें बहाल कराए जाने की मांग की। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों के हितों में तमाम कल्याणकारी योजनायें चला रही हैं। बिजली, पानी तथा सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्थाएं भी ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध करा रही है। स्वच्छता अभियान के तहत सरकार घर-घर शौचालय तो उपलब्ध करा ही रही है, साथ ही गांव में लाखों की कीमत से सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण कार्य कर रही। जिससे समस्त ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। एक उदाहरण विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की ग्राम सभा बरई में देखने को मिला। जहां ग्राम प्रधान चमेली देवी की लापरवाही के चलते आज भी सार्वजानिक शौचालय में ताला पड़ा देखा जा सकता है। ग्रामीणों की मानें तो यहां कुछ वर्ष पूर्व लाखों रुपए की कीमत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है जब चमेली देवी प्रधान बनी हैं तब से आज तक ताला नहीं खोला गया। ग्रामीणों को शौचक्रिया के लिए खेतों में जाना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है गांव की महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा जगह-जगह इज्जत घर प्रदान कर सम्मान दिया गया। मगर प्रधान प्रतिनिधि की दबंगई के चलते महिलाए खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। बताया गया है महिला ग्राम प्रधान चमेली देवी के प्रतिनिधि सतीश चंद्र द्वारा विकास कार्यो की रूपरेखा तैयार की जाती है और उन्हीं के अनुरूप सारे कार्यों को अंजाम दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार एक लंबे समय से दबंग प्रधान प्रतिनिधि ने सार्वजनिक शौचालय में ताला डाल रखा है। जिसकी शिकायत ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों से की गई, मगर अफसोस आज तक शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। परिणामस्वरुप आज भी गांव का सार्वजानिक शौचालय शोपीस बनकर आम लोगों के अरमानों पर बिजलियां गिरा रहा। उधर जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के शिकार बने ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से सार्वजनिक शौचालय का ताला खुलवाकर व्यवस्थाएं बहाल कराए जाने की मांग की है।

# रोजगार मेले में 97 अभ्यार्थियों का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राजकीय औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान व कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन मोहम्मदाबाद रोड नवाबगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि अजब सिंह राजपूत व शीशराम सेवानिवृत्त प्रधान सहायक रा0औ0प्रशि0सं0 के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथियों ने आयी कम्पनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और आये अभ्यार्थियों का उत्सावर्धन किया। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने मेले में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोजगार मेले में 22 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 1800 रिक्तियों के सापेक्ष लगभग 167 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कुल 97 अभ्यार्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। आईटीआई पासआउट 1, नॉन आईटीआई 21, कौशल विकाश मिशन 72, डीडीयू-जीकेवाई 3 प्रतिभागियों का चयन किया गया। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस अवसर पर बृजेश कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो, बृजेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तम ने रजत पदक व अमित ने कांस्य पदक जीता

- बीएसए ने जाहिर की खुशी, विजेताओं को करेंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


विजेता को मैडल पहनाते निर्णायक मण्डल के सदस्य समृद्धि न्यूज

**34वीं राज्य** स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 15, 16 व 17 फरवरी को लखनऊ के भारतीय खेल प्राधिकरण के स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता में राज्य की सभी मंडल टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कानपुर मंडल टीम की ओर से जनपद उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर राजेपुर के छात्र उत्तम कुमार ने 25 से 30 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक एवं अमित कुमार ने 40 से 45 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न खेलों के 18 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं के साथ तीम प्रभारी के रूप में विमलेश कुमार, अंशुल कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, दुर्गा वर्मा, कुलदीप यादव, अरुण यादव, संजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, बीना गौतम मौजूद रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के पदक प्राप्त करने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया एवं खिलाड़ियों के जनपद वापसी पर सम्मानित किए जाने की बात कही।

# लोक अदालत के लिए अब तक 128023 मामले चिन्हित

- विशेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में तैयारी बैठक सम्पन्न
- 9 मार्च को लगेगी लोक अदालत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


तैयारी बैठक में न्यायाधीश व अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक विशेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन सचिव संजय कुमार ने किया। नोडल अधिकारी ने अधिक से अधिक मामले चिन्हित करने के निर्देश दिये। प्रशासन की ओर से अब तक 128023 मामले चिन्हित किये जा चुके है। जिसमें राजस्व, विद्युत, फौजदारी, दूर संचार आदि मामले शामिल है। बैठक में विशेष न्यायाधीश शैली राय, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, चकबंदी अधिकारी राजेश त्रिपाठी, एसडीओ विद्युत मुकेश चन्द्र सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**


परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी समृद्धि न्यूज

**कस्बे के** आधा दर्जन विद्यालयों को पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया। जिसमें आरपी डिग्री, आरपी इंटर, स्वराज वीर, सोनी पारिया, दुर्गा शिक्षा संस्थान एवं गंगा देवी इंटर कॉलेज शामिल है। प्रथम पाली के लिए सुबह 8 बजे से परीक्षा केंद्रों पर एंट्री शुरू हो गयी थी। सघन चेकिंग के बाद ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिला। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर तो रही, साथ ही साथ सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर रखा था। परीक्षार्थियों के सामने ही कॉपी सील पैक की गई। मध्य प्रदेश से पेपर देने आए छात्रों ने बताया कि रास्ते में तकलीफ जरूर हुई, परंतु पेपर अच्छा हुआ, इसकी खुशी थी। वहीं कमालगंज निवासी राहुल शाक्य ने बताया कि योगी सरकार में अब पेपर लीक होने का डर नहीं होता, परीक्षायें सकुशल सम्पन्न हो रही है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय व थानाध्यक्ष राजेश राय सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाये रहे।

# बाइक फिसलने से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



घायल युवक अरुण कुमार जाटव

**बाइक फिसलने** से युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहॉनपुर के थाना क्षेत्र के ग्राम जिगनहरा निवासी अरुण कुमार जाटव उम्र 26 वर्षीय पुत्र मुन्नीलाल जाटव बाइक द्वारा अपने बहनोई अरविंद के यहाँ निजामुद्दीनपुर थाना कम्पिल आया था। वहां से आज वह छोटे बहनोई सुभाष के यहाँ लखनपुर थाना कायमगंज आ रहा था। जैसे ही ग्राम रायपुर थाना कायमगंज के निकट पहुँचा, तभी उसकी वाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों कि मदद से घायल युवक को कायमगंज नगर के सीएचसी लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

कार्यक्रम

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

# हर्षोल्लास से मनाया गया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सरस्वती शिशु/विद्या** मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में धूमधाम से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन मुख्य अतिथि रामहरी पाठक यज्ञाचार्य प्रदेश निरीक्षक, आत्मानंद सिंह विद्या भारती कानपुर प्रांत, डा0 मिथिलेश अग्रवाल, संभाग निरीक्षक अजय कुमार दुब, जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष उदय पाल सिंह, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह आदि अतिथियों ने किया। वार्षिकोत्सव का प्रारंभ सरस्वती वंदना कक्षा पंचम की बहिनों ने किया।

कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने कार्यक्रम, विद्यालय के व्यवस्थापक गौरव अग्रवाल एवं अध्यक्ष उदयपाल सिंह ने आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। छात्र-छात्राओं द्वारा धनुष यज्ञ, बसंत गीत, होली गीत, पिरामिड आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा आयें हुए अतिथियों अभिभावकों का मन मोह लिया। विशिष्ट मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मार्गदर्शित विद्यालय समाज में ऐसे बच्चों का निर्माण करते हैं जो संस्कार युक्त शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। हमें भी अपने बच्चों को ऐसे स्थान पर भेजने चाहिए। कार्यक्रम में विद्या भारती कानपुर प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद सिंह द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरए विद्या मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि 1952 में गोरखपुर से प्रथम विद्यालय संचालित हुआ। आज देश में भर में लगभग 25 हजार विद्यालय जो शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का काम करते हैं और शैक्षणिक प्रतियोगिता बोर्ड परीक्षाओं में स्थान प्राप्त करते हैं। संचालन विद्यालय की बहिन अंशी मिश्रा व सलोनी शाक्य ने किया। प्रधानाचार्य श्रीनारायण मिश्रा ने आये हुए अतिथियों अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंदनलाल मिश्रा, संतोष पाठक, धर्मेंद्र द्विवेदी, मीडिया प्रभारी रामानुज अग्निहोत्री, आलोक दीक्षित, नीलम सोमवंशी, मनु आकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण समृद्धि न्यूज


## मुंडन संस्कार में भाग लेने आया 8 वर्षीय किशोर गुम, दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र रामनिवास शर्मा ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 16 फरवरी को 12.00 बजे के करीब वह एक मुंडन संस्कार कार्यक्रम में भाग लेने के लिए परिवार के साथ ढाईघाट शमशाबाद आए हुए थे। शिकायती पत्र के अनुसार मुंडन संस्कार कार्यक्रम संपन्न होने के बाद परिवार सहित गंगा स्नान के लिए गए हुए थे। इस दौरान पुत्र सुधांशु के 8 वर्षीय पुत्र ने भी कपड़े उतार दिए। सिर्फ अंडरवियर पहने था। पीड़ित के अनुसार जब गंगा स्नान कर वापस आया, तो बच्चा नहीं था। पुत्र सुधांशु शर्मा ने परिजनो के साथ काफी देर तक मेले में खोजबीन की गई, लेकिन पता नहीं चल सका। गुम हुए आठ वर्षीय किशोर के बाबा सुरेंद्र सिंह पुत्र रामनिवास ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय गुहार की।

### इसरो ने जियोसिंकक्रोनस लांच व्हीकल रॉकेट से सफलतापूर्वक किया लॉन्च

# मौसम से जुड़ी सटीक जानकारी देगा 3डीएस

एजेंसी



**श्रीहरिकोटा।** मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीएस को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। इनसैट-3 डीएस उपग्रह भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम विज्ञान उपग्रह का अनुवर्ती मिशन है, और यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) रॉकेट से इनसैट-3डीएस मौसम उपग्रह के प्रक्षेपण से पहले शनिवार को नेल्लोर जिले में श्री चेंगलम्मा परमेश्वरी मंदिर के दर्शन किए और मिशन की सफलता की कामना की। सोमनाथ सुबह कुछ अन्य अधिकारियों के साथ एक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए सुल्लुरपेटा में स्थित मंदिर पहुंचे और भगवान की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। सोमनाथ ने पत्रकारों से कहा, मैं इस मिशन की सफलता के लिए चेंगलम्मा भगवती का आशीर्वाद लेने के लिए आज यहां आया हूं।

इसरो ने कहा, ''जीएसएलवी-एफ14 इनसैट-3डीएस मिशन 17 फरवरी, 2024 को 17.35 बजे प्रक्षेपण के लिए 27.5 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। गत एक जनवरी को पीएसएलवी-सी58 एक्सपोसैट मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद 2024 में इसरो का यह दूसरा मिशन है। इस उपग्रह का भार 2,274 किलोग्राम है।

क्रियान्वित होने के बाद यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत विभिन्न विभागों-भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र और भारतीय राष्ट्रीय समुद्र सूचना सेवा केंद्र को सेवा प्रदान करेगा। उपग्रह को ले जाने वाले रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है।

### वायु सेना का डे नाइट वायुशक्ति 2024 युद्धाभ्यास शुरू

**जैसलमेर।** भारत पाकिस्तान की सरहद पर स्थित वीर भूमि राजस्थान के सीमांत जिले जैसलमेर की पोकरण फील्ड फ़ायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना का डे नाइट वायुशक्ति 2024 युद्धाभ्यास शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। करीब ढाई घंटे के इस डे नाइट युद्धाभ्यास में राफेल व तेजस सहित कई युद्धक विमान, हेलीकॉप्टर, यातायात विमान और यूएवी भाग ले रहे हैं। इस युद्धाभ्यास में हवा से हवा में दागी जाने वाली मीका मिसाइल को भी शामिल किया गया है। युद्धाभ्यास वायुशक्ति 2024 के मुख्य अतिथि सीडीएस जनरल अनिल चौहान हैं। इस कार्यक्रम में चीफ ऑफ़ एयर स्टाफ वीआर चौधरी तथा चीफ ऑफ़ नेवल स्टाफ एडमिरल आर हरिकुमार के साथ कई अधिकारी व मित्र देशों के डिफेंस अटेची उपस्थित हैं। भारतीय वायुसेना का यह सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है, जो तीन साल में एक बार होता है।

# ज्ञान के बल पर अगले 25 वर्षों में विश्व का नेतृत्व करेगा भारत : ओम बिरला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है और अपने ज्ञान के कारण आने वाले 25 वर्षों में सभी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व करेगा। बिरला नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रवाद के लिए निरंतर काम करने और युवाओं को राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत करने के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के प्रयासों की सराहना की।

एबीआरएसएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जेपी सिंघल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य ऐसी शिक्षा नीति बनाना है जिसका आधार ज्ञान हो जो एक विकसित भारत का निर्माण करे। इस दौरान एमएनआईटी जयपुर के प्रो. एमके श्रीमाली, एबीआरएसएम के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, एनआईटी नागपुर के डायरेक्टर प्रो. प्रमोद, एनआईटी हमीरपुर के डायरेक्टर प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, संत लोंगवाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर प्रो. मणिकांत पासवान, एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के डायरेक्टर प्रो. भोलाराम गुर्जर और एनआईटी जालंधर के डायरेक्टर प्रो. विनोद कुमार कनौजिया समेत तकनीकी शिक्षा से जुड़े तमाम विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कोकम ने लखनऊ में शुरू किया अपना शानदार रेस्तरां



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वाद का अद्भुत अहसास कराने वाले कोकम ने नवाबों के शहर के गोमती नगर में शालीमार टिटेनियम, ग्राउंड फ्लोर, विभूति खंड, लखनऊ में अपनी नई पारी शुरू करने की घोषणा की है। खानपान की दुनिया में नई बुलंदियों को छूते हुए ब्रैंड ने दक्षिण भारत के दमदार फ्लेवर पेश किए हैं कोकम खानपान की एक अनोखी जगह है जो दक्षिण भारत की समृद्ध और विविधताओं से भरी परंपराओं का उत्सव मनाता है। उद्योग के दिग्गजों द्वारा तैयार किए गए मेन्यू के साथ यह रेस्तरां अधिकृत और यादगार अनुभव देने का वादा करता है और ग्राहकों को दक्षिण भारत के तटीय इलाकों के असल स्वाद में डूब जाने के लिए आमंत्रित कर रहा है। कोकम में खानपान के इस सफर की शुरुआत एक शानदार मील के साथ होती है जिसमें आपको अलग-अलग तरह के डोसा का स्वाद चखने का मौका मिलता है। इसमें मशहूर मैसूर मसाला डोसा, चिकन चेट्टिनाड डोसा और तेलंगाना घीकरम डोसा शामिल हैं। इसके अलावा आंध्र की बेहद स्वादिष्ट करी, मैंगलोरियन घीरोस्ट व्यंजन, स्वादिष्ट मालाबार करी, मशहूर कर्नाटक पुलाव, कोठू परोटा मील की खूशबू का आनंद भी मिलता है।

### जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई पर कल खुलेगा आईपीओ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदौर ख्यात फार्मा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई पर आईपीओ आ रहा है। 19 फरवरी को सुबह आईपीओ खुलेगा। 22 साल पुरानी कंपनीइस आईपीओ से करीब 41 करोड़ रुपए एकत्र करेगी। कंपनी अपने 51 लाख से अधिकशेयर जारी करने जारही है, इसकी प्रारंभिक कीमत 75 से 79 रुपए होगी। शेयर से मिलने वाली राशि मेंसे करीब 11 करोड़ रुपए से कंपनी के प्लांट मैं विस्तार किया जाएगा। निदेशक अजय सिंह दासुंदी ने बताया, आईपीओ 22 फरवरी को बंद होगा। आईपीओ की मैनेजर ग्रेटेक्स कॉपोरेट सर्विसेज मुंबई है। कंपनी 2001 सेदवा निर्माण और व्यापार करती है। 2023 में कंपनी 114.52 करोड़ रुपए की बिक्री कर 5.15 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल अर्धवार्षिक करीब 69.40 करोड़ की बिक्री से 5.39 करोड़ का फायदा हो चुका है। कंपनीके तीन पार्टनर अजय सिंहदा सुंदी, संदीप भारद्वाज और भूपेष सोनी हैं। तीनों ने फार्मेसी की पढ़ाई साथ में की और पिछले 22 साल से साथमें जैनिथ कंपनी साथ में चलारहे हैं। कंपनी देशमें दवाओं के सप्लाय केसाथ ही बड़ा मात्रामें एक्सपोर्ट भी करती है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने पेश किया 58444 करोड़ का बजट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को विधानसभा में वितीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया है। वित मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दूसरे बजट में मुख्यमंत्री सुक्खू ने विभिन्न वर्गों को खुश करने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने आगामी वित वर्ष के लिए 58 हजार 444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछले वर्ष के बजट की तुलना में पांच हजार करोड़ अधिक है। विधानसभा में अढ़ाई घंटे चले बजटीय भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-25 में राजस्व प्राप्तियां 42 हजार 153 करोड़ रहने का अनुमान है, जबकि कुल राजस्व व्यय 46 हजार 667 करोड़ रूपये अनुमानित है। इस प्रकार कुल राजस्व घाटा 4 हजार 514 करोड़ रुपये अनुमानित है। बजट में राजकोषीय घाटा 10 हजार 784 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो कि प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 4.75 प्रतिशत है।

### ज्योतिप्रिय मलिक पर गिरी राशन घोटाले की गाज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने करोड़ों रुपये के राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में संलिप्तता के आरोप में जेल में बंद ज्योतिप्रिय मलिक को वन मंत्री के पद से हटा दिया है। उनकी जगह यह विभाग बीरबाहा हांसदा को दिया गया है। हांसदा वन एवं स्वयं सहायता-स्वरोजगार समूह (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मलिक का एक अन्य विभाग सार्वजनिक उद्यम एवं औद्योगिक पुनर्निर्माण पार्थ भौमिक को सौंपा गया है। भौमिक सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग के प्रभारी मंत्री हैं। अधिकारी ने बताया कि यह फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सलाह के मुताबिक लिया गया है। राजभवन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संविधान के अनुच्छेद 166(3) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए मलिक को तत्काल प्रभाव से मंत्री के रूप में उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया है।

# एलटीटीई को सक्रिय करने की साजिश में आरोपित के खिलाफ चार्जशीट दायर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने श्रीलंका और भारत में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल इलम (एलटीटीई) को सक्रिय व मजबूत करने के मामले में 14वें आरोपित के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एनआईए ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि यह आरोप-पत्र लिंगम ए उर्फ आदिलिंगम के खिलाफ दायर किया गया है। इस मामले में अब तक 16 लोग आरोपित हैं।

एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि नशीली दवाओं और हथियारों के अवैध व्यापार के माध्यम से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को सक्रिय व मजबूत करने की साजिश रचने के आरोप में आदिलिंगम आरोपित है। आदिलिंगम ने नशीली दवाओं की बिक्री से प्राप्त हवाला धन के संग्रह के लिए एक एजेंट के रूप में भी काम किया था, जिसे एलटीटीई की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हस्तांतरित किया जा रहा था। एनआईए के आरोप-पत्र के मुताबिक आदिलिंगम तमिल फिल्म उद्योग में प्रोडक्शन एक्जीक्यूटिव के रूप में काम कर रहा था जबकि वह गुप्त रूप से प्रमुख एलटीटीई नेताओं व कैडरों और ड्रग तस्करों के प्रमुख संचालक के रूप में काम कर रहा था, जिसमें श्रीलंका के नागरिक गुनासेकरन और उनके बेटे थिलिपन भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 15 जून, 2023 को एनआईए ने इसी मामले में 13 आरोपितों के खिलाफ विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था। इस आरोप पत्र में उन पर हिंद महासागर के जलीय क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों और मादक पदार्थों की तस्करी को अंजाम देने के लिए तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। ऐसा ही एक मामला 2021 में भारतीय एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई एक बड़ी खेप की जब्ती के बाद एनआईए कोच्चि शाखा द्वारा दर्ज केस और उसकी जांच में सामने आया था।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर के स्पष्टीकरण पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह द्वारा चंडीगढ़ मेयर चुनाव में मतपत्रों को विकृत किए जाने को लेकर दिए गए स्पष्टीकरण पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट में प्रकाशित वाद सूची के मुताबिक चीफजस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में शीर्ष न्यायालय इंडिया गठबंधन से मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की याचिका पर सुनवाई करेगा। कुमार ने पीठासीन अधिकारी पर मतगणना के दौरान धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगाए। इससे पहले शीर्ष न्यायालय ने अधिकारियों को 19 फरवरी को अदालत में अपने व्यवहार की व्यख्या करने के लिए प्रस्तुत होने को कहा था। इससे पहले पांच फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, सुनवाई के दौरान अदालत में वीडियो चलाया गया था। रिटर्निंग ऑफिसर को अपने आचरण को स्पष्ट करने के लिए लिस्टिंग की अगली तारीख पर इस अदालत के समक्ष उपस्थित रहना होगा।

# राजकोट टेस्ट तीसरा दिन : यशस्वी ने जड़ा शतक
# भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाए

एजेंसी

**राजकोट।** यशस्वी जयसवाल के शानदार शतक और शुभमन गिल के बेहतरीन अर्धशतक की बदौलत भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 2 विकेट पर 196 रन बना लिये हैं। शुभमन गिल 65 और नाइटवाच मैन कुलदीप यादव 3 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की कुल बढ़त अब 322 रनों की हो चुकी है।



**भारत की कुल बढ़त 322 रन, गिल ने भी खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी**

दूसरी पारी में भारत की शुरुआत खराब रही और 30 के कुल स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा 19 रन बनाकर जो रूट की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। रोहित ने 19 रन बनाए। इसके बाद गिल और जयसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 142 रन जोड़े। इस दौरान यशस्वी ने तेज बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक भी पूरा कर लिया। उन्होंने जेम्स एंडरसन के एक ही ओवर में दो चौके और एक छक्का भी जड़ा। हालांकि 172 के कुल स्कोर पर वह 104 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। इस दौरान उन्होंने 133 गेंदों का सामना किया और 9 चौके 5 छक्के लगाए। जयसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए रजत पाटीदार कुछ खास नहीं कर सके और बिना खाता खोले टॉम हर्टले का शिकार बने।

इसके बाद कुलदीप और गिल ने सावधानी से खेलते हुए दिन का खेल निकाल लिया। गिल 120 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के की बदौलत 65 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं, वहीं कुलदीप यादव 3 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। इससे पहले सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के बेहतरीन शतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 319 रन बनाए। बेन डकेट ने 151 गेंदों पर 23 चौके और दो छक्के की बदौलत 153 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। डकेट के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स ने 41 और ओली पोप ने 39 रन बनाए।

# बच्चों को सीखने का अवसर देने के महत्व को समझाती है बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ फिल्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नंदन एवं रोहिणी नीलेकणि और शंकर मरुवडा के एकस्टेप फाउंडेशन की पहल बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ ने देशभर में 1000 से ज्यादा पीवीआर स्क्रीन तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक फिल्म रिलीज की है, जिसका शीर्षक सेलीब्रेट चाइल्डहुड, कीप ग्रोइंग - बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ है। इस पहल का उद्देश्य बचपन का उत्सव मनाना और इस दौरान उपलब्ध अवसरों के बारे में शिक्षित करना है। इस शॉर्ट फिल्म में रोमांच पसंद करने वालों बच्चों का एक समूह दिखाया गया है, जो हिल-क्लाइंबिंग एडवेंचर के दौरान प्रकृति को करीब से समझते हैं और अपनी जिज्ञासा को शांत करते हैं।

एकस्टेप फाउंडेशन के तहत, रोहिणी नीलेकणि फिलेन्थ्रोपीज का ग्रांटी (अनुदान प्राप्तकर्ता), बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ पहल खेल-खेल में बच्चों के संपूर्ण विकास के महत्व को दर्शाती है। विशेष रूप से बच्चों के शुरुआती आठ वर्ष सीखने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। सोच के साथ यह फिल्म बच्चों के विकास के चार महत्वपूर्ण स्तंभों पर विमर्श करती है। अपने पार्टनर्स सहित टेक महिंद्रा फाउंडेशन, प्रथम, रॉकेट लर्निंग व अन्य जैसे कोलेबरेटर्स के साथ मिलकर इस मिशन का उद्देश्य ऐसे फैसलों को ताकत देना है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि तेजी से भागती दुनिया में बच्चों के जीवन के शुरुआती अनुभवों की अनदेखी न हो जाए।

# रीजेंसी हॉस्पिटल ने लॉन्च की द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक तकनीक

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में पहली बार प्रतिष्ठित हेल्थकेयर संगठन रीजेंसी हॉस्पिटल ने कानपुर में द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के सफल लॉन्च का जश्न मनाया। यह मशीन पिछले 15 दिनों से चालू है, जिसकी मदद से अब तक कुल 50 सफल सर्जरी की जा चुकी है। कानपुर के अलावा इस अत्याधुनिक तकनीक को गोरखपुर और वाराणसी में भी रीजेंसी के हॉस्पिटल में लगाने की तैयारी हो चुकी है। रीजेंसी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर और रीजेंसी हॉस्पिटल के सीईओ श्री अभिषेक कपूर इस महत्वपूर्ण इवेंट की शुरुआत करने के लिए उपस्थित थे।

डॉ. अतुल कपूर ने हेल्थकेयर में एडवांस टेक्नोलॉजी के महत्व को दर्शाते हुए कहा, हम रीजेंसी हॉस्पिटल में द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक तकनीक को लॉन्च करते हुए रोमांचित हैं।




यह तकनीक शानदार पेशेंट केयर (रोगी देखभाल) प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह अत्याधुनिक-रोबोटिक प्लेटफॉर्म सर्जिकल प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, जिससे हमारे डॉक्टरों की सम्मानित टीम बेहतरीन सटीकता और प्रभावकारिता के साथ मुश्किल सर्जरी को सफल बनाने में और ज्यादा कारगर साबित होगी। अभिषेक कपूर ने सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल के समर्पण को दर्शाया।

# ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता के मिशन पर आगे बढ़ रहा एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट : स्वामीनाथन

**एसएमएफजी इंडिया ने आयोजित किया पशु देखभाल शिविर**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने अपना छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी) आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़े एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है।

भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें महिलाएं 70 प्रतिशत कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु मित्रा ने कहा, हमारे ग्रामीण ग्राहक आधार में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। हमारे बहुत से ग्राहक पशु खरीदने के लिए ऋण लेते हैं, जो उनके लिए आय का एक बड़ा स्रोत है। हमारे सामुदायिक विकास कार्यक्रम परिवर्तन को संभव बनाने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं और ग्रामीण आजीविका के उत्थान, जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने और आय स्रोतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पशु विकास दिवस पर टिप्पणी करते हुए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर स्वामीनाथन सुब्रमण्यम ने कहा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में, हम ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और मजबूत सामाजिक पहलों को बढ़ावा देने के लिए अपने मिशन पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। एक अग्रणी क्रेडिट प्रदाता के रूप में, हम अपनी सामुदायिक गतिविधियों में सम्मिलित समावेशी कार्यक्रमों और एक साथ काम करने वाले विविध कार्यबल के माध्यम से ईएसजी के सामाजिक पहलू को बढ़ावा देते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, पशुविकास दिवस विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों और उनके मालिकों की अनूठी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# सेब का सेवन करते समय इन बातों को रखें विशेष ध्यान



सेब एक ऐसा फल है जो ढेरों पोषक तत्वों से भरपूर माना जाता है। इसमें ड्राइट्री फाइबर, पौटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, विटामिन-सी, बी6, विटामिन-ई, विटामिन-के, प्रोटीन, कार्ब्स और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। सेब एसिडिक भी होता है इसका पीएच लेवल 3 व 3.5 तक हो सकता है। हालांकि यह नींबू के मुकाबले कम एसिडिक होता है परंतु सेब का सेवन बाकी फ्रूट्स की तरह नहीं किया जा सकता। सेब में मैलिक और एस्कॉर्बिक एसिड होते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, सेब को खाते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं।

**खाली पेट न करें सेवन :** जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं है उन्हें खाली पेट सेब का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा खाना खाने के करीब 2 घंटे के बाद ही सेब का सेवन करना चाहिए।

**बढ़ सकता है वजन :** यदि आप जरुरत से ज्यादा सेब का सेवन करते हैं तो आपका वजन भी बढ़ सकता है क्योंकि सेब में कैलोरी और शुगर काफी मात्रा में मौजूद होता है ऐसे में ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से शरीर में फैट की मात्रा बढ़ जाती है।

**ब्लड शुगर :** जरुरत से ज्यादा सेब का सेवन ब्लड शुगर के मरीजों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। सेब में कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये कार्बोहाइड्रेट्स शरीर में ऊर्जा के लिए इस्तेमाल होते है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

**दांतों हो सकते हैं खराब :** सेब में एसिड पाया जाता है ऐसे में यह दांतों को भी खराब कर सकता है। इसलिए जरुरत से ज्यादा सेब का सेवन न करें।

**डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ :** कुछ लोग सेब का सेवन डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ करते हैं लेकिन ऐसा न करें। क्योंकि सेब में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो दूध में पाए जाने वाले लैक्टिक एसिड के साथ मिलकर रिएक्शन कर सकते हैं। इसके कारण आपको पचेगा भी नहीं। बाजार में मिलने वाला एप्पल शेक भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है इसका आंतों की परत पर साइड इफेक्ट हो सकता है। दूध प्रोडक्ट्स के साथ सेब का सेवन करने से त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे सोरायसिस, एक्जिमा और कुछ स्किन रोग हो सकते हैं।

# लगातार आती खांसी को न लें हल्के में, हो सकता है लंग कैंसर



इन दिनों बदलते मौसम के चलते लोगों को सर्दी-जुकाम और खांसी का शिकार हो रहे हैं। हम खांसी जैसी बीमारी को हल्के में लेते हैं, पर ऐसा करना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। लंबे वक्त तक खांसी आना फेफड़ों के कैंसर की ओर इशारा हो सकता है।

लंग्स छाती में मौजूद जरुरी अंग होते हैं, जो सांस लेते समय ऑक्सीजन लेते हैं और सांस छोड़ते समय कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालते हैं। लंग्स कैंसर की शुरुआत यहीं से होती है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति बहुत ज्यादा स्मोक करता है उन्हें इस कैंसर का खतरा रहता है। वहीं ये कैंसर अन्य नशीले पदार्थों जैसे गुटखा, तंबाकू आदि के सेवन करने से भी हो सकता है।

**भले ही आप स्मोकिंग नहीं करते हों, लेकिन अगर आप स्मोकिंग के संपर्क में आते हैं, तो भी लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप सिगरेट पीते हैं और जितने सालों से आप स्मोक कर रहे हैं, उससे लंग्स के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। किसी भी उम्र में इसे छोड़ने से लंग्स के कैंसर का खतरा काफी कम हो सकता है।**

अगर व्यक्ति स्मोकिंग करना छोड़ भी दे फिर भी काफी हद तक इसका खतरा बरकरार रहता है।

बता दें लंग्स का कैंसर अमेरिका में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। आइए आपको बताते हैं इस कैंसर के बारे में विस्तार से...

### लंग्स कैंसर के लक्षण

1- लंबे वक्त तक खांसी का रहना
2- छाती में दर्द
3- सांस लेने में कठिनाई
4- खाँसी में खून आना
5- हर समय बहुत थकान महसूस करना
6- बिना किसी कारण के वजन कम होना
7- भूख न लगना
8- आवाज का बैठना
9- सिर में दर्द
10- हड्डियों में दर्द रहना
11- लंग्स कैंसर के कारण

### रेडिएशन थैरेपी का इतिहास

यदि आपने किसी अन्य प्रकार के कैंसर के लिए छाती पर रेडिएशन थैरेपी ली है, तो आपको लंग्स का कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है।

### रेडॉन गैस के संपर्क में आना

मिट्टी, चट्टान और पानी में यूरेनियम के प्राकृतिक रूप से टूटने पर उत्पन्न हुआ रेडॉन आपके द्वारा सांस लेने वाली हवा का हिस्सा बन जाता है। रेडॉन का असुरक्षित स्तर घरों सहित किसी भी इमारत में जमा हो सकता है।

### पारिवारिक इतिहास

जिन लोगों के घर में मां- बाप, भाई-बहन या परिवार के किसी अन्य सदस्य को लंग्स का कैंसर है, तो उनमें इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

**नोट-** लंग कैंसर के ज्यादा जोखिम वाले लोगों को हर साल सीटी स्कैन कराने की सलाह दी जाती है। ऊपर बताए कोई भी लक्षण दिखने पर एक्सपर्ट से संपर्क करें।